


इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कौशल विकास से संवरेगा युवाओं का भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -324, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर नगर, रविवार, 14 जुलाई 2024



स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर...15

**आज का मौसम**

35.4° अधिकतम तापमान | 27.2° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 24
सूर्यास्त 19 : 04



**विम्बलडन क्वीन** शनिवार को चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजीकोवा ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को महिला एकल फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम कर टेनिस की नई रानी बन गईं।

# 7 राज्यों की 13 सीटों में 10 इंडी गठबंधन ने जीतीं

## विस उपचुनावः भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की, एक सीट पर निर्दलीय विजयी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीट और भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उम्मीदवार उतारे थे। निर्वाचन आयोग के अनुसार पंजाब में, 'आप' के मोहिंदर भगत ने जालंधर पश्चिम सीट पर भाजपा के शीतल अंगुरल को 37,325 मतों से हराया। तमिलनाडु में द्रमुक के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी सीट पर पीएमके के अंबुमणि सी को 67,757 वोटों से पराजित किया। टीएमसी के उम्मीदवारों कृष्णा कल्याणी, मधुपर्णा ठाकुर, मुकुट मणि अधिकारी और सुप्ति पांडे ने क्रमशः रायगंज, बगदाह, राणाघाट दक्षिण और मानिकतला सीट पर जीत हासिल की। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में कल्याणी ने भाजपा के मानस कुमार घोष पर 50,077 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उत्तर 24 परगना जिले की राणाघाट दक्षिण सीट पर तृणमूल कांग्रेस के मुकुट मणि अधिकारी ने भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार बिश्वास को 39048 मतों से हराया। तृणमूल कांग्रेस की मधुपर्णा ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिले की बागदा विधानसभा सीट पर भाजपा के बिनय कुमार बिश्वास को 33455 मतों से पराजित किया। मानिकतला सीट पर तृणमूल प्रत्याशी सुप्ति पांडे ने भाजपा के कल्याण चौबे को 62,312 मतों से हराया।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को 9,399 मतों से हराया। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने भाजपा के केएल ठाकुर को 25,618 मतों से हराया। भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती है। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को 27,041 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के पुष्पिंदर वर्मा को 25,470 वोट मिले। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाह ने कांग्रेस के धीरन शाह इनवती से 3,027 मतों के अंतर से हराया जबकि बिहार की रूपौली सीट पर निर्दलीय शंकर सिंह ने जद (यू) के कलाधर प्रसाद मंडल को 8,246 मतों से हराया।

### बदरीनाथ और मंगलौर सीट कांग्रेस ने जीता

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन 449 वोट से विजयी हुए। उन्होंने भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को हराया। निजामुद्दीन को 31710 और भड़ाना को 31261 वोट मिले। बसपा प्रत्याशी उबेदुर्रहमान 19552 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला ने भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी को 5,224 मतों से शिकस्त दी है। बुटोला को कुल 28161 वोट हासिल हुए जबकि भंडारी को 22937 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे नवल किशोर नेगी को 1813 वोट ही हासिल हुए।

## एक नजर

### ईडी ने धनशोधन मामले में कई की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में 263 करोड़ रुपये के कथित 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक आईपीएस अधिकारी के पति सहित कई लोगों की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने पुरुषोत्तम चव्हाण का मुंबई स्थित फ्लैट, राजेश बृजलाल बत्रेजा की लोनावाला और खंडाला की जमीन, अनिरुद्ध गांधी की बैंक में जमा राशि, आरोपी राजेश शेट्टी और भूषण अनंत पाटिल की बीमा योजनाएं और 14.02 करोड़ रुपये की कुछ सावधि जमाएं भी जब्त की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ये संपत्तियां कुर्क की गई हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 182 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को एम्स से छुट्टी दी गई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। दो दिन पहले पीठ में दर्द होने की शिकायत के बाद सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा के अनुसार सिंह के पीठ दर्द का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सिंह को शनिवार अपराह्न दो बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। सिंह को गुरुवार तड़के न्यूरोसर्जरी विभाग के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

### स्पाइवेयर से मेरे फोन को निशाना बनाया गया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को मोदी सरकार पर उनके फोन को दुर्भावनापूर्ण स्पाइवेयर के माध्यम से निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा इस घोर असंवैधानिक कृत्य तथा निजता के हनन का पुरजोर विरोध किया जाएगा। वेणुगोपाल ने एप्पल की ओर से कथित तौर पर भेजे गए एक संदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें कहा गया है आपको एक ऐसे स्पाइवेयर हमले द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि मेरे फोन पर भी अपना पसंदीदा दुर्भावनापूर्ण स्पाइवेयर भेजने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को धन्यवाद! एप्पल ने आपके इस विशेष उपहार के बारे में मुझे सूचित किया है।

# क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो कानून की पढ़ाई

## आरएमएलएनएलयू के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने दी सलाह

### मेधावियों को दिए पदक, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य हुए सम्मिलित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की पढ़ाई हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी कराई जाए तो अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे। कानून के सिद्धांतों को यदि हम सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे व कानूनी शिक्षा की ही कमी नजर आ रही है। कानून की शिक्षा व जानकारी अधिकाधिक लोगों को उनकी ही भाषा में हो इसके लिए हमें फलदाई और सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए।

सीजेआई शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) लखनऊ के दीक्षांत समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अदालतों को अपने फैसले अंग्रेजी के साथ ही हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुनाना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा में अपनापन होता है। अनुवादित भाषा कभी-कभी अर्थ का अनर्थ बना देती है।

इस अवसर पर सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के कई फैसले हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में न होने से आम लोगों को समझ में नहीं आते हैं। इसलिए जरूरी है कि भाषाई दिक्कतों को दूर किया जाए। यह कोई बड़ी बात नहीं, हम चाहें तो इसे बेहतर कर सकते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि विधि विश्वविद्यालयों में एलएलबी की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जानी चाहिए। क्योंकि अंग्रेजी भाषी विधि विद्यार्थी खसरा-खतौनी की जानकारी मांगने पर बगले झांकने लगते हैं। आमजन की भाषा न जानने वाला उनके साथ न्याय कैसे कर पाएगा।

दीक्षांत समारोह में विधि विषय के मेधावियों को पदक प्रदान किए गए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, इलाहाबाद हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।



दीक्षांत समारोह में एक मेधावी को सम्मानित करते सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह। ● अमृत विचार

### ताल-तलैया का अर्थ उत्तर प्रदेश में ही जान पाया

सीजेआई ने बताया कि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। उन्होंने यहीं आकर स्थानीय भाषा में ताल-तलैया का अर्थ जाना। बताया कि अंग्रेजी भाषा की समझ अधिकांश न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं को तो होती है, लेकिन भोजपुरी, अवधी, बुंदेली, हिंदी आदि बोलने वाले अधिकतर लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते। हमें ऐसे लोगों की सुविधा का ध्यान रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मां के प्यार का असल भाव अंग्रेजी के अनुवाद से नहीं मिल सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की शिक्षा से अंग्रेजी को हटा देने के वे पक्षधर नहीं, लेकिन स्थानीय भाषाओं को भी आगे लाए जाने की जरूरत है। क्योंकि न्याय समय पर मिलना आवश्यक है, इसकी सभी को जरूरत है।

### 1950 से लेकर अब तक 37 हजार आदेशों का हिंदी में हुआ अनुवाद

न्यायमूर्ति डा. चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि 1950 से लेकर अब तक 37 हजार जजमेंट का हिंदी में अनुवाद हो चुका है। हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने की कई योजनाएं भी चल रही हैं। उन्होंने मुंबई हाईकोर्ट के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों द्वारा हिंदी में रखे गए पक्षों को भी कार्यक्रम में साझा किया।

### सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन : मुख्यमंत्री योगी

दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन है। इसी के लिए ही देश जाना जा रहा है। आमजन की धारणा और देश-दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय संगत व्यवस्था हर किसी को प्रिय है। शर्त है कि न्याय समयबद्ध तरीके से हो। इसके लिए विशेषज्ञ प्रमुख भूमिका निभाते हैं। विधि विवि इस भूमिका की सही राह पर बढ़ चुका है। विधि विवि से उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोधार्थी हैं। वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे।

# बिना परमिट चलती मिलीं बसें तो अफसरों पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री सख्त, परिवहन विभाग के अधिकारियों को दी चेतावनी

**अमृत विचार :** उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा कि अगर बिना परमिट सड़कों पर बसें पाई गईं, तो बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट बसों के खिलाफ प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाय। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं।

### एक माह तक चलेगा सघन अभियान

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाय। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाय। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● पुलिस, लोक व्यवस्था, नियुक्ति आदि मामलों में मंजूरी होगी जरूरी

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को पुलिस और आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों से संबंधित निर्णय लेने तथा विभिन्न मामलों में अभियोजन की मंजूरी देने के लिए और शक्तियां सौंपी हैं। उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्णय ले सकते हैं। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस लेकर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किए जाने के बाद लागू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जारी नियमों में संशोधन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को उपराज्यपाल को ये शक्तियां दीं।

गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता वाले किसी भी प्रस्ताव को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि इसे उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता है। कहा गया है कि महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल का अनुमोदन लेने पड़ेगा। अभियोजन मंजूरी प्रदान करने या अपील दायर करने के संबंध में कोई भी प्रस्ताव विधि, न्याय और संसदीय कार्य विभाग द्वारा उपराज्यपाल के समक्ष रखा जाएगा। कारागार, अभियोजन निदेशालय और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित मामले भी उपराज्यपाल के समक्ष रखे जाएंगे।

### जल्दी नहीं मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ाए जाने का मतलब यह है कि निकट भविष्य में इस केंद्र शासित का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना नहीं दिखती। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 30 सितंबर, 2024 तक कराने का आदेश दिया था।

### कश्मीर के राजनेताओं ने गृह मंत्रालय पर साधा निशाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियों का दायरा बढ़ाने के गृह मंत्रालय के निर्णय पर कश्मीर के नेताओं ने निशाना साधा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के लोग एक शक्तिहीन, रबर स्टैम्प मुख्यमंत्री से बेहतर के हकदार हैं, जिसे अपने चपरासी की नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल से भीख मांगनी पड़ेगी। इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि इस कदम से जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार नगर पालिका बनकर रह जाएगी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विकार रसूल ने लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

# सीआईसी के पास पीठ गठित करने व नियम बनाने की शक्तियां : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



● प्रभावी कामकाज के लिए सीआईसी की स्वायत्तता महत्वपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि आयोग के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है।

पीठ ने कहा कि आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि ऐसी शक्तियां आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआईसी जैसी संस्थाएं विशिष्ट कार्य करने के लिए स्थापित की जाती हैं, जिसके लिए एक स्तर की निष्पक्षता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसा तभी हो सकता है जब इनमें अनुचित हस्तक्षेप नहीं हो।

पीठ ने कहा कि ये नियम आयोग के कुशल प्रशासन और संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस फैसले के दौरान की जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के 2010 के निर्णय को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए केंद्रीय सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को रद कर दिया था तथा कहा था कि सीआईसी को आयोग की पीठ गठित करने का कोई अधिकार नहीं है।

# इन्द्रमणि त्रिपाठी औरैया के नये जिलाधिकारी

## 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले, पांच जिलों में बदले गये डीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्यमंत्री के विशेष सचिव रहे प्रथमेश कुमार बनाये गये लविप्रा के नये उपाध्यक्ष

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने शनिवार की देर रात 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। इनमें पांच जिलों के डीएम बदल दिये गये हैं। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव व अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी प्रथमेश कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे इन्द्रमणि त्रिपाठी को औरैया का डीएम बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश के पद पर भेजा गया है। बीते दिन मुख्य निर्वाचन कार्यालय से अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद से हटाकर प्रतीक्षारत की गईं निधि श्रीवास्तव को बदायूं का डीएम बनाया गया है। बदायूं के डीएम मनोज कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज का सचिव बनाया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ की मुख्य कार्यपालक अधिकारी दिव्या मित्तल को देवरिया का डीएम बनाया गया है। देवरिया के डीएम अखंड प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। सोनभद्र के डीएम चन्द्र विजय सिंह को अयोध्या का डीएम बनाया गया है। अयोध्या के डीएम नितीश कुमार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। राज्यपाल के विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह को सोनभद्र का डीएम बनाया गया है। सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज देवीशरण उपाध्याय को प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

# भूस्खलन के चलते गौमुख से जल नहीं ला पाएंगे कांवड़िए

**देहरादून।** भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ पर लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन व बोल्डर गिरने से कई रास्तों पर आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। कई छोटे पुल व पुलिया क्षतिग्रस्त होने से भी यातायात बाधित हुआ है। संभावित खतरों के चलते उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है। हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए गौमुख से जल लेकर आते हैं। लेकिन, गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से इस बार कांवड़ यात्रा में कांवड़िए जल लेने गौमुख नहीं जा पाएंगे।

# दा विंची एक्सआई रोबोट से हुई दुनिया की पहली सर्जरी

## एसजीपीजीआई के डॉक्टरों का दावा, विश्व में इस तरह के दर्ज 231 मामले में यह सबसे ज्यादा जटिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ (एसजीपीजीआई) के डॉक्टरों ने युवक के मूत्राशय के रास्ते में जमा फैट को रोबोटिक सर्जरी से निकालने में सफलता प्राप्त की है। पेशाब में रुकावट से रोगी के दोनों गुर्दे खराब होने लगे थे। इस दुर्लभ बीमारी को चिकित्सा भाषा में पेल्विक लिपोमैटोसिस कहते हैं। डॉक्टर का दावा है कि दा विंची एक्सआई रोबोट से की गई विश्व की यह पहली सर्जरी है। डॉक्टरों ने अब तक पूरे विश्व में इस तरह के दर्ज 231 मामलों में इसे सबसे जटिल बताया है।



सर्जरी करने वाली डॉक्टरों की टीम।

यूरोलॉजी विभाग के डॉ. यूपी सिंह ने बताया कि पेशाब में रुकावट व दर्द से परेशान 24 वर्षीय युवक ओपीडी में आया था। जांच में दुर्लभ बीमारी पेल्विक लिपोमैटोसिस का पता चला। पेल्विक क्षेत्र में वसा (फैट) जरूरत से ज्यादा जमा था। मूत्राशय का रास्ता सिकुड़ने से रोगी को बार-बार पेशाब करने जाना पड़ता था। फिर भी पेशाब पूरी नहीं निकल पा रही थी। पेशाब रुकने की वजह से रोगी के दोनों गुर्दे में सूजन आ गई थी। गुर्दों की काम करने की क्षमता कमजोर हो रही थी। डा. सिंह ने बेहाशी के डॉ. संजय धीराज की मदद से ऑपरेशन कर फैट को निकाला। दोनों मूत्र नली को जोड़ा और आंत के एक हिस्से की मदद से मूत्राशय के आकार को बड़ा किया। अब रोगी पूरी तरह से ठीक है। पेशाब में रुकावट की समस्या दूर हो गई है। पीजीआई निदेशक डा. आरके धीमान ने जटिल ऑपरेशन टीम में शामिल डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना की है।

# प्रेमजाल में फंसाकर रेप, तलाक कराया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● विवाह से मुकरने पर पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में विवाहिता को प्रेमजाल में फंसा कर युवक ने तीन साल तक रेप किया। इसके बाद आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर पति से तलाक करवा दिया फिर शादी से इंकार कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सतबरी रोड निवासी महिला ने बताया कि उनकी शादी 2010 में हुई थी। आर्थिक तंगी के कारण वह पति के साथ एक कंपनी में काम करने लगी। काम के दौरान वहीं पर काम करने वाला दहेली सुजानपुर केडीए कॉलोनी निवासी सुनील ने उन्हें अपने प्रेमजाल फंसा लिया और शादी का झांसा देकर तीन साल तक शारीरिक शोषण किया। आरोप है कि प्रेमी सुनील के कहने पर उन्होंने फरवरी 2024 में पति से तलाक ले लिया।

इसके बाद आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की, जहां पर आरोपी ने एक सप्ताह में कोर्ट मैरिज करने की बात कह कर समझौता किया। इसके बाद भी शादी नहीं की। चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रेप की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर युवक से ठगी

**कानपुर।** ऑनलाइन नौकरी का झांसा देकर साइबर ठग ने युवक से 87 हजार रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

गांधी ग्राम निवासी प्रतीक्षित सिंह कुशवाहा ने बताया कि कुछ माह पहले एक मैसेज उनके मोबाइल पर आया था, जिसमें ऑनलाइन नौकरी का आफर दिया गया था। इसके बाद आरोपी ने उन्हें एक टेली ग्राम एप से जोड़ा और फिर टास्क देने के नाम पर कई बार में 87,582 रुपये जमा करा लिए। पैसे वापस मांगने पर उन्हें ग्रुप से हटा दिया गया, जिस पर पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर सेल को देकर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# 6 जून को 'राष्ट्रीय खेद दिवस' घोषित करे सरकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कांग्रेस ने 1984 में श्री अकाल तख्त साहिब पर हमला कराया और नहीं मांगी माफी

● अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने दोनों सदनों में खेद प्रस्ताव लाने की मांग की



सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक करते उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि 6 जून को 'राष्ट्रीय खेद दिवस' घोषित किया जाए। साल 1984 में 1 जून से 6 जून तक केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने श्री अकाल तख्त साहिब में गोलियां चलवाई थीं और अभी तक इसके लिए माफी नहीं मांगी है।

सर्किट हाउस में शनिवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रायोजित तरीके से कांग्रेस ने बेगुनाह सिखों पर गोलियां बरसाईं थीं। श्री अमृतसर साहिब तथा श्री अकाल तख्त साहिब पर टैंक एवं तोपों से हमला करके पावन तीर्थ को तहस-नहस करने का कुत्सित प्रयास किया गया था। इस घटना में बड़ी संख्या में निर्दोष सिख मारे गए थे। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने कहा कि सिख समाज ने भारत को अपने खून से सींचा है। हजारों सिखों ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। लेकिन विश्व के इतिहास में कहीं भी ऐसा उदाहरण नहीं है कि देश की सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से नागरिकों पर हमला करके उनकी हत्या कराई जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि 6 जून, 1984 की घटना के संबंध में बजट सत्र में संसद के दोनों सदनों में खेद प्रस्ताव लाया जाए। प्रदेश के सभी जिलों की सिख संगत जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को इस संबंध में ज्ञापन प्रेषित करेंगी।

### अल्पसंख्यकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं

प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक में कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को दिलाया जाए। सिख फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा, सरदार रमिंद सिंह, रिंकू सरदार, जयदीप सिंह ने उन्हें ज्ञापन दिया कि 1984 में हुए सिख विरोधी दंगे के पीड़ितों को मुआवजा और दोषियों को सजा दी जाए। नीतू सिंह, रजत सिंह, कमलदीप सिंह भाटिया, मोनू रंगरेज, आरसी सुल्तान, रणजीत कौर, सरबजीत सिंह कोहली, सुरेंद्र पाल सिंह छाबड़ा, बॉबी भुसारी मौजूद रहे।

# 40 हजार क्यूसेक पानी काली नदी से आया, बाढ़ का खतरा

❍ बैराज पर चेतावनी बिंदु से ऊपर गंगा ❍ 2 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कटरी में गंगा किनारे गांवों तक पहुंचने लगा है पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हरिद्वार और नरोरा डैम से पानी छोड़े जाने के कारण शहर में गंगा का जलस्तर बढ़ रहा था, इसी बीच शनिवार को कन्नौज की काली नदी से भी 40 हजार क्यूसेक पानी बैराज पर पहुंच गया। इससे जलस्तर तेजी से बढ़ गया। शाम 4 बजे तक बैराज से 2,07,128 क्यूसेक पानी छोड़ना पड़ा, जो कटरी और आसपास के क्षेत्र में फैल गया। बैराज पर गंगा की धारा चेतावनी बिंदु पार कर चुकी है, लेकिन राहत की बात है कि पानी अभी खतरे के निशान से 63 सेंटीमीटर दूर है। बैराज के पास स्थित अटल घाट पर गंगा की धारा के पास जाने पर रोक लगा दी गई है। लोगों को सीढ़ियों पर भी नहीं बैठने की हिदायत दी जा रही है।

### शनिवार शाम, गंगा का जलस्तर

| | |
|---|---|
| अपस्ट्रीम | 113 .370मीटर |
| डाउनस्ट्रीम | 113 .130 मीटर |
| शुक्लागंज | 111 .520 मीटर |
| हरिद्वार से छोड़ा पानी | 40,003 क्यूसेक |
| नरोरा से छोड़ा पानी | 37,515 क्यूसेक |
| कानपुर से छोड़ा पानी | 2,07,128 क्यूसेक |

### गंगा में नहाने पर रोक लगाई, धारा 151 में होगी कार्रवाई

बाढ़ का खतरा देखते हुए गंगा किनारे सभी जगह नहाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। लोगों को सिर्फ घाटों पर ही नहाने की अनुमति है। पुलिस का कहना है कि अगर कोई बैराज या अन्य जगह गंगा में नहाते देखा गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नए कानून के मुताबिक ऐसे व्यक्ति को 24 घंटे तक हिरासत में बैठाया जा सकता है। धारा 151 में कार्रवाई भी की जाएगी।

### कटरी के गांवों में कीमती सामान व मवेशी सुरक्षित करने की उद्घोषणा

गंगा किनारे स्थित 40 से ज्यादा गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने शनिवार को बाढ़ की आशंका वाले गांवों में लोगों को अलर्ट किया। छोटा मंगलपुर, पहाड़ीपुर, लोधवाखेड़ा, रामपुर, देवनीपुरवा, घाटमखेड़ा, चैनपुरवा, बड़ा मंगलपुर, मत्थापुरवा, कद्दूपुरवा, रामनिहालपुर, गंगारामपुर के लोगों से कहा कि अपनी कीमती सामान सुरक्षित रख लें। कभी भी गांव खाली करना पड़ सकता है। पुलिस की इस उद्घोषणा के बाद लोगों ने अपने मवेशियों और कीमती सामान को सुरक्षित करना शुरू कर दिया है। एसीपी महेश कुमार ने बताया कि कर्नलगंज सर्किल के नवाबगंज, कोहना और ग्वालटोली थाना क्षेत्र के 15 गांवों में बाढ़ का खतरा है। गंगा किनारे स्थित गांवों में फोर्स तैनात की गई है।



सांसद रमेश अवस्थी का सम्मान करते जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, सुरेश अवस्थी। अमृत विचार

# गठबंधन ने किया दुष्प्रचारः अवस्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आर्यनगर विस. के मतदाता सम्मान समारोह में शामिल हुये सांसद रमेश अवस्थी

**अमृत विचार।** भाजपा की ओर से शनिवार को आर्यनगर विधानसभा का मतदाता सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मालवीय पार्क में हुए समारोह में पहुंचे सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि जिस प्रकार अनुसूचित जातियों-पिछड़ों के बीच विपक्ष ने दुष्प्रचार किया, अब हम सभी कार्यकर्ता उन बस्तियों में जाकर विकास कराकर उनके विश्वास को पुनः जीतेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने कार्यकर्ताओं को 2027 के चुनाव के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दिलाया।

मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने विधानसभा के प्रत्येक मंडल के प्रबुद्ध जनों का सम्मान पटका व माला पहनाकर किया। सांसद ने सरदार गुरुजिंदर सिंह, अधीर सिंह लल्ला, भूपेश गर्ग, अमित दोसर, सरोज लता गुप्ता, मनोज बाजपई, गोरे लाल, सुखदेव शुक्ला, मनीष अंशवानी का प्रमुख रूप से सम्मान किया। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी ने कहा कि हमें उप चुनाव और विधानसभा चुनाव के लिए जुट जाना है। रमा शंकर अग्रहरी, मंडल अध्यक्ष योगेश पांडे, विनोद शुक्ल, अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, प्रमोद त्रिपाठी, सुनील जयसवाल, रिचा सक्सेना, अमित बाथम, मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।



उर्सला में पीड़ित के परिजन से बात करते कांग्रेस नेता विकास अवस्थी। अमृत विचार

# पीड़ितों से मिले कांग्रेसी नेता, बंधाया ढांढस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोहर्रम जुलूस के दौरान हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर मृत बेनाझाबर निवासी सैफ के परिजनों से कांग्रेस नेता विकास अवस्थी ने मुलाकात की। साथ ही उर्सला जाकर करंट की चपेट में झुलसे युवकों और उनके परिवार जन से मिल कर ढांढस बंधाया। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग के साथ दोषी विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। मृतक के पिता मोहम्मद शाहिद ने बताया कि कोई सहायता राशि अभी तक नहीं मिली।

इसके बाद कांग्रेसी नेता उर्सला में भर्ती दो अन्य झुलसे युवकों से मिले। इस दौरान प्रदेश महासचिव जेपी पाल, सूर्या बाजपेई, विकास सिंह समेत कांग्रेस पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिग्नेचर बस अड्डे पर बढ़ने लगे यात्री

**कानपुर।** सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस अड्डा आरंभ होने के दूसरे दिन शनिवार को यहां यात्रियों की संख्या बढ़ने के बाद 70 से अधिक बसों का संचालन किया गया।

विकास नगर स्थित इस नये बस अड्डे से अयोध्या जाने वाले यात्रियों की संख्या शनिवार को बढ़ गई जब अन्य जिलों के लिए बसों का आवागमन हुआ। कल्याणपुर, रावतपुर, काकादेव समेत आसपास के दर्जनों क्षेत्रों के हजारों लोगों को फायदा हो रहा है क्योंकि पहले इन्हें कहीं भी जाने के लिए झकरकटी बस अड्डा जाना पड़ता था और घंटों में जाम में जूझकर लोग झकरकटी पहुंचते थे। अब विकास नगर से बस पकड़ने में एक घंटे से ज्यादा का समय बच रहा है। इस बस अड्डे के रास्ते में कहीं भी जाम नहीं मिलता। क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार का कहना है कि सिग्नेचर सिटी बस अड्डे पर यात्रियों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

# चित्रकूट रूट पर मेमू पैसेंजर व एक्सप्रेस रद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● रागौल, भरुआसुमेरपुर व यमुना साउथ बैंक स्टेशन पर चल रहा डबल लाइन का काम

**अमृत विचार।** चित्रकूट रूट पर चल रहे डबल लाइन के काम के कारण यात्रियों को चार दिन परेशानी होने वाली है। रागौल, भरुआसुमेरपुर व यमुना साउथ बैंक स्टेशन पर चल रहे काम के कारण इस रूट पर 14-17 जुलाई तक मेमू, पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनें रद रहेंगी।

सेंट्रल स्टेशन के साथ लखनऊ से चित्रकूट की यात्रा करने वाले यात्री भी दो दिन परेशान होंगे। इस अवधि में रिजर्वेशन का पूरा पैसा वापस किया जाएगा।

चित्रकूटधाम कर्वी के स्टेशन मास्टर आरसी यादव ने बताया कि मौजूदा समय में रागौल, भरुआ सुमेरपुर और यमुना साउथ बैंक स्टेशनों पर डबल लाइन का काम किया जा रहा है। इस वजह से कई ट्रेनों का संचालन रद किया गया है। मानिकपुर मेमू, खजुराहो पैसेंजर, चित्रकूट व इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 से 17 जुलाई तक बंद रहेंगी।

इन ट्रेनों में लोकल पैसेंजर के अलावा कामतानाथ के दर्शन करने आने वालों की भी भीड़ रहती है। ट्रेनों का संचालन चार बंद रहने के कारण यात्रियों को परेशानी होगी। स्टेशन मास्टर ने बताया कि लखनऊ से आने वाली लखनऊ एक्सप्रेस 15 जुलाई को और जाने वाली 16 जुलाई को रद रहेगी। इसके अलावा बेतवा एक्सप्रेस 17 जुलाई को चित्रकूटधाम कर्वी स्टेशन नहीं आएगी। ट्रेनें रद होने के कारण इन ट्रेनों में रिजर्वेशन कराने वाले यात्रियों का पूरा पैसा वापस किया जाएगा।

## रेलवे यार्ड में शव मिला, हत्या करने का आरोप

**कानपुर।** चार दोस्तों के साथ दिल्ली घूमने जा रहे बिहार निवासी मोबाइल दुकानदार का शव रूमा रेलवे यार्ड में पड़ा मिला। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोस्तों पर ट्रेन से धक्का देकर गिराने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

बिहार, अररिया के रहिकाटोला गांव निवासी शहाबुद्दीन ने बताया कि उनका बेटा नूर आलम (13) की गांव में ही मोबाइल कवर की दुकान है। चाचा शहनवाज ने बताया कि 10 जुलाई की रात को वह अपने दोस्त बादल व तीन अन्य साथियों के साथ दिल्ली घूमने जाने की बात कह कर घर से निकला था। शनिवार को नूर आलम का शव रूमा स्थित रेलवे यार्ड में पड़ा मिला। पुलिस ने उन्हें जानकारी दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि बादल व उसके अन्य साथियों ने उसे ट्रेन से गिराकर मौत के घाट उतार दिया।

## सार-संक्षेप

### ट्रक ने ई-रिक्शा चालक को मारी टक्कर, मौत

**कानपुर।** फजलगंज थानाक्षेत्र में यू-टर्न करने के दौरान ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौके पर मौत हो गई। वहीं ई-रिक्शे में बैठे दंपति चुटहिल हो गए। दर्शनपुरवा बंबा रोड निवासी सूरज साहू (28) ई-रिक्शा चालक था। चचेरे भाई रवि कुमार ने बताया कि शनिवार तड़के सूरज फजलगंज से सवारियां बैठा कर चेन फैक्ट्री चौराहे के पास से यू टर्न ले रहा था, इसी दौरान विजय नगर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने ई-रिक्शे में टक्कर मार दी। हादसे में सूरज की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़ कर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में हाईवे पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर चालक की मौत हो गई। कल्याणपुर सत्यम विहार निवासी राम प्रसाद तिवारी ने बताया छोटा भाई श्याम तिवारी (42) कार चालक था। शुक्रवार को वह रूमा गया हुआ था। महाराजपुर हाईवे स्थित कार के शोरूम के पास सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

### रेप का मुकदमा वापस न लेने पर छात्रा को धमकी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में छात्रा से रेप के प्रयास में जेल गए आरोपी ने जमानत पर रिहा होने के बाद पीड़िता पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। मना करने पर साथी के साथ मिलकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। चकेरी निवासी हाईस्कूल की छात्रा ने बताया कि टेंपो चालक राजू यादव से उसकी मां के संबंध थे। आरोपी उसके साथ भी संबंध बनाने का प्रयास कर रहा था। बीते 28 जून की रात को आरोपी ने उसके साथ रेप का प्रयास किया, विरोध पर जान से मारने की धमकी दी। जिस पर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोप है कि जमानत पर रिहा होने के बाद आरोपी राजू यादव अपने साथी राधे उर्फ बब्बन के साथ काफी दिनों से मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा था, मना करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने मामले की शिकायत चकेरी थाने में की। चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

**आक्रोश** संविदा कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष ने केस्को अफसरों पर लगाए आरोप

# ट्रांसफर पॉलिसी के बहाने सता रहे अफसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को के अफसर ट्रांसफर पॉलिसी की आड़ में कर्मचारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। केस्को एमडी के उत्पीड़न का शिकार होने पर लिपिक विनय मल्होत्रा की जान चली गई। सरकार का आदेश है कि 20 साल पुराने रिकॉर्ड को नष्ट कर दिया जाए, लेकिन लिपिक विनय मल्होत्रा से 36 साल पुराना रिकॉर्ड मांगा जा रहा था, जिससे परेशान होकर उन्होंने जान दे दी। यह आरोप केस्को के संविदा कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश सिंह भोले ने लगाए।

केस्को के एकाउंट विभाग में तैनात लिपिक विनय कुमार मल्होत्रा की मौत से कर्मचारियों में रोष है। कर्मचारी नेता केस्को के अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगा रहे हैं। केस्को के संविदा कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश सिंह भोले ने कहा कि लिपिक विनय मल्होत्रा की जान सिर्फ उत्पीड़न से गई है। उन्होंने कहाकि ट्रांसफर पॉलिसी की आड़ में कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सरकार की गाइड लाइन के मुताबिक 20 साल से पुराने दस्तावेजों को नष्ट किया जा सकता है। लेकिन उत्पीड़न करने की नीयत से विनय से 36 साल पुराना रिकॉर्ड मांगा जा रहा था। उन्होंने बताया कि दो साल पहले भी विनय मल्होत्रा के एक सीट पर जमे रहने के चलते ऑफिस के कर्मचारियों ने झूठी शिकायत की थी।

### केस किया तो नहीं मिलेगी पेंशन

विनय की मौत से परिवार दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, लेकिन केस्को के कुछ अधिकारियों ने लिपिक के परिजनों को धमकी दी है। परिजनों का आरोप है कि उत्पीड़न की वजह से विनय की जान गई है। केस्को के कर्मचारी और अफसर शुक्रवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। उन्होंने परिवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि अगर सुसाइड केस दिखाया तो परिवार को पेंशन और मृतक आश्रित में नौकरी समेत विभाग से कोई भी लाभ नहीं मिलेगा। इसी वजह से परिजनों ने शनिवार दोपहर तक नजीराबाद थाने में तहरीर नहीं दी है।

### केस्कोकर्मी का अंतिम संस्कार, कार्रवाई से इंकार

**कानपुर।** केस्को मुख्यालय के लेखा विभाग में वरिष्ठ कार्यकारी सहायक का शनिवार को भैरव घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। बेटे ने उनको मुखाग्नि दी। वहीं परिजनों ने विभाग के अधिकारियों पर आरोप की बात सिरे से खारिज की। केस्को में तैनात वरिष्ठ कार्यकारी सहायक विनय मेहरोत्रा (56) ने शुक्रवार सुबह कोकाकोला क्रासिंग पर ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी थी। पुलिस ने पैनल से पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया था। देर रात इंडोनेशिया गया बड़ा बेटा सार्थक भी घर लौट आया। शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया गया। सार्थक ने बताया कि पिता पिछले कुछ समय से परेशान थे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर लग रहे आरोपों की बात को नकार दिया। सार्थक ने बताया कि वह किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं चाहते।

# तिथि भोजन में मिठाई पूड़ी परोसने पर रोक

**सख्ती**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ परिषदीय स्कूलों में जन्मदिन या खास मौके पर बच्चों को भोजन कराने वालों को खुद भी खाना होगा वही खाना

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में तिथि भोजन के तहत बच्चों को तला हुआ भोजन पूड़ी, पराठा और मिठाई नहीं परोसी जाएगी। तिथि भोजन कराने वाले लोगों को बच्चों के साथ खुद बैठकर भोजन करना होगा। पीएम पोषण योजना में आम लोगों को विद्यालयों में राष्ट्रीय नायकों के जन्मदिन, छात्रों या अभिभावकों के जन्मदिवस या विशेष अवसरों पर बच्चों को भोजन कराने का मौका दिया जाता है। इसे ही तिथि भोजन कहा जाता है। इस संबंध में जारी नए दिशा-निर्देश में कहा गया है कि तिथि भोजन के लिए किसी भी सूरत में विद्यालय के बाहर बच्चों को नहीं भेजा जाएगा। तिथि भोजन में अक्सर बच्चों को तला भोज्य पदार्थ परोसा जाता है। लेकिन नए निर्देश में ऐसा भोजन परोसने का आदेश दिया गया है, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। इसके लिए मिठाई पूड़ी आदि पर रोक लगाकर भोजन में मौसमी फलों को शामिल किया गया है। इसके साथ ही कहा गया है कि अगर लोग भोजन के लिए धन देते हैं, तो उसे खाते में जमा किया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि तिथि भोजन संबंधी आदेश स्कूलों को जारी कर दिए गए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरी माता जी स्व0 रामपत्ती पत्नी स्व0 भागीरथी के नाम जमीन का पुराना बैनामा जो मौजा पिपरदेउरा स्थित आराजी नं0 76 मि0 खाता नं0 1390 बैनामा दिनांक 23–03–1992 को बही सं0 1 जिल्द सं0 1701 पृष्ठ संख्या 328 से329 तक क्रमांक 1417 पर उपनिबंधक कार्यालय सदर महराजगंज के यहां रजिस्ट्री हुआ था, का मूल दस्तावेज दिनांक 02–06–2024 को वास्तव में कहीं खो गया है। **–सीताराम पुत्र स्व0 भागीरथी, ग्राम मुडिला, पोस्ट खुटहा बाजार, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज।**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचति हो कि मैंने अपना नाम SHAMIMUN NISA से बदलकर SAMEEUNNISHA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: MAGFOOR AHMAD, R/O: POORAB TARAF SHAHZADPUR, AKBARPUR, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **साबिरा, पत्नी अनीस अहमद एवं पुत्री स्व0 सैय्यद शौकत अली शाह, निवासिनी– भवन संख्या 179–सी, शक्ति नगर, निकट पीरबाग मस्जिद, इन्दिरा नगर, लखनऊ–226016**, व्यवहारिक जीवन में अपना नाम साबिरा के स्थान पर साबिरा अनीस सामान्यतः प्रयुक्त करती रही हूँ। भविष्य में भी मेरा नाम "साबिरा अनीस" ही रहेगा। अतः मुझे साबिरा के स्थान पर "साबिरा अनीस" के नाम से ही जाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तालिब रजा को उसके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा भविष्य में किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **–हारून पुत्र इंदाज, पता – ग्राम व थाना भीरा तहसील पलिया, जिला– खीरी**

## आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 35.4° | 27.2° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 : 04 |

## शहर में आज



- **महोत्सव** : विश्व जागृति मिशन की ओर से गुरु पूर्णिमा महोत्सव सिद्धधाम आश्रम बैकुंठपुर बिठूर में प्रात : 9 बजे से।
- **आयोजन** : अखिल भारतीय ब्राह्मण चेतना संघ की ओर से सुंदर कांड राजीवनगर में शाम 4 बजे।
- **वितरण** : शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से इंडिया गठबंधन की जीत पर मिष्ठान वितरण तिलक हाल में शाम 5 :30 बजे।
- **आरती** : जनरलगंज के श्री जगन्नाथ जी महाराज मंदिर (बिरजी भगत) में रथ की आरती शाम 8 :00 बजे।

# बादल आएंगे, छाएंगे पर बारिश को तरसाएंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर पहुंचा
- लगातार बारिश के बाद ही कम होगी उमस

**अमृत विचार।** बादलों की बेरुखी से तापमान सामान्य से ऊपर चढ़कर 35 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। उमस कम होने का नाम नहीं ले रही है। प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से मानसून ट्रफ की गतिविधि जारी होने के बावजूद कानपुर मंडल में बारिश ने निराश किया है। इसके अलावा अब तक हुई बारिश में पैची रेन भी रहा है जिसमें शहर में कुछ मोहल्लों में पानी बरसा तो तमाम मोहल्लों में एक बूंद भी नहीं गिरी।

सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ डा. सीबी सिंह ने बताया कि बारिश कम होने से शनिवार को शहर में अधिकतम तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस ऊपर चढ़कर 35.6 डिग्री दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा 27.4 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता अधिकतम 81 एवं न्यूनतम 67 फीसद दर्ज हुई। इसी वजह से उमस बनी हुई है।

उन्होंने बताया कि लगातार बारिश न होने के कारण उमस खत्म नहीं हो रही है। फिलहाल अगले पांच दिन हल्के बादल छाए रहने और तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

# गलतियों का नतीजा हमें चुनाव में भुगतना पड़ा: योगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ में शहर के जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- मिशन-2027 में जुटने के निर्देश, कहा, बस्तियों में जाकर बनाएं रिश्ते



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधि।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शहर के सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों को लेकर लखनऊ में बैठक की। मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि विपक्ष झूठ फैलाकर वोट पाने में सफल हुआ और हम लोग सच बता पाने में कहीं न कहीं कमजोर रहे। उसी का परिणाम लोकसभा चुनाव में दिखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनप्रतिनिधि विधानसभा के बूथवार यह आकलन करे कि वर्ष 2022 में कितना मत मिला और वर्ष 2024 में कितना मिला। इसके बाद कम वोट वाली बस्तियों में जाकर उनके सुख दुख में खड़े हों और मिशन-2027 के लिए जुट जाएं।

शहर से भाजपा सांसद रमेश अवस्थी, अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधायक सुरेंद्र मैथानी, नीलिमा कटियार, अभिजीत सिंह सांगा, महेश त्रिवेदी, प्रतिभा शुक्ला, राहुल बच्चा सोनकर, एमएलसी अरुण पाठक, सलिल विश्नोई के साथ योगी न बैठक की। योगी ने कहा कि हम लोगों की कमजोरी है कि किसी का वोट बनवाने को फार्म तो भरवाया पर यह नहीं देखा कि उसका वोटर लिस्ट में नाम आया कि नहीं। मोहल्लों की पर्ची बनी पर यह ध्यान नहीं दिया कि वोट पड़ा कि नहीं। इन छोटी-छोटी चीजों पर ध्यान दें तो फिर नतीजे अपने पक्ष में आएंगे। रही बात विकास की तो यूपी के कानपुर सहित हर जिले में विकास हो रहे हैं। कहीं पर कोई कमी दिखे तो प्रस्ताव बनाकर दो तो वहां काम में देरी नहीं होने दी जाएगी। पखवारे भीतर बूथवार मिले वोटों का आंकलन कर मिशन-2027 के लिए मैदान में कूद जाओ।

### कोविंद के नाम हो एयरपोर्ट

गोविंदनगर से भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने कानपुर एयरपोर्ट का नाम निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नाम पर रखने की मांग योगी से की। योगी को ज्ञापन देकर सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि कानपुर निवासी होने के नाते निवर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद यहां की शान हैं। अगर एयरपोर्ट का नाम 'रामनाथ कोविंद एयरपोर्ट कानपुर रखा जाता है तो पूरी दुनिया में शहर के साथ ही प्रदेश का नाम भी चमक उठेगा।

## एक नजर

### राजेंद्र कांत चौबेपुर थाना प्रभारी नियुक्त

**कानपुर।** चौबेपुर थाना प्रभारी के रिक्त पद का शनिवार को इंस्पेक्टर राजेंद्र कांत शुक्ला को चार्ज दिया गया। इंस्पेक्टर राजेंद्र काकादेव थाने में अतिरिक्त निरीक्षक के रूप में तैनात थे। बीते दिनों चौबेपुर से एसओ रवींद्र श्रीवास्तव को कर्नलगंज थाने ट्रांसफर किया गया था, जिसके बाद से चौबेपुर का पद रिक्त था।

### कार में कट मारने का विरोध करने पर पथराव

**कानपुर।** बिठूर के सिंहपुर सुखधाम अपार्टमेंट निवासी अभिषेक चतुर्वेदी शुक्रवार देर रात एक वैवाहिक कार्यक्रम से अपने साथियों के साथ घर लौट रहे थे। रामा डेंटल तिराहा के पास पीछे से आई फॉर्च्यूनर ने ओवरटेक करते समय उनकी गाड़ी में कट मार दिया। आरोप है कि विरोध करने पर फॉर्च्यूनर से उतरे आधा दर्जन युवक उनकी कार पर पथराव कर भाग निकले। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ठेके के बाहर पड़ा मिला युवक का शव

**कानपुर।** सीटीआई स्थित देशी शराब ठेके के पास बेसुध हालत में युवक पड़ा मिला। गोविंद नगर पुलिस ने युवक को हैलट में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। धर्मेंद्र नगर कच्ची बस्ती निवासी सुनीता ने बताया कि उसका भाई सोनू (30) सब्जी विक्रेता था। सोनू शराब का लती था।

### केडीए की 5040 कालोनियों में बिजली देगा केस्को

**कानपुर।** महावीर नगर योजना में केडीए की तीन चरणों में 5040 आवासीय कॉलोनियां बनी हैं। यहां पर अभी बिजली की जिम्मेदारी केडीए उठा रहा था लेकिन अब केडीए के अधीक्षण अभियंता ने कालोनियों की विद्युत व्यवस्था हस्तांतरण का पत्र जारी किया है। पत्र के मुताबिक केडीए ने इसका हस्तांतरण अब केस्को को कर दिया है, जिसको केस्को का रतनपुर खंड देखेगा। केस्को अधिकारियों ने कॉलोनियों का सर्वे कर लिया है। केस्को अब यहां पर बिजली संयंत्रों के रखरखाव के साथ ही मरम्मत आदि का भी कार्य देखेगा।

# 40 मोहल्ले पानी को तरसे, टैंकरों पर लोग टूटे

रावतपुर में फटी लाइन की शुरू हुई मरम्मत ○ मंगलवार तक जलापूर्ति सुचारू होने के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगा बैराज से होने वाली 6 करोड़ लीटर जलापूर्ति रही ठप



रावतपुर में फटी पेयजल लाइन की मरम्मत शुरू कर दी गई है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रावतपुर में शुक्रवार को फटी मेन राइजिंग पाइप लाइन के कारण शनिवार को 40 मोहल्लों में पानी के लिए हाहाकार मचा रहा। पाइप लाइन फटने के कारण गंगा बैराज से होने वाले 6 करोड़ लीटर जलापूर्ति ठप रही। जलकल ने कुछ मोहल्लों में पानी के टैंकर भेजे, जिन पर लोग बाल्टी, ड्रम आदि लेकर पानी भरने के लिए टूट पड़े। इस बीच जलनिगम ने पाइप लाइन की मरम्मत के लिए मौके पर जेसीबी से खोदाई कराई। जलनिगम अधिकारियों के अनुसार अगले 3 दिनों तक पानी की समस्या रहेगी। हालांकि बैराज प्लांट में लगे छह पंपों में से एक चलाकर कुछ स्थानों पर पानी की सप्लाई की गई है।

शुक्रवार को तेज धमाके के साथ रावतपुर में पानी की पाइप लाइन फट गई थी। मौके पर सड़क धंसने से बड़ा गड्ढा हो गया है। इसके चलते बैराज से होने वाली जलापूर्ति शनिवार को ठप रही। जलकल ने पानी के टैंकर भेजकर लोगों को राहत देने का प्रयास किया। जल निगम के अधिशासी अभियंता अजमल हुसैन ने बताया कि गंगा बैराज पर 1 पंप चलाकर नवाबगंज, विष्णुपुरी में पानी सप्लाई किया गया है। लेकिन रावतपुर से आगे करीब 40 मोहल्लों में जलापूर्ति बंद है। मेन राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज से बैराज से होने वाले 6 करोड़ लीटर की जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। 3 वर्ष पहले भी इसी स्थान पर लीकेज होने से जलापूर्ति ठप हो गई थी।

### 12 जोनल पंपिंग स्टेशन बंद, यहां ठप रही जलापूर्ति

इंद्रा नगर, विकास नगर, दयानंद विहार, मकड़ीखेड़ा, सत्यम विहार, शारदा नगर, महाबलीपुरम, पनकी, मसवानपुर, रतनपुर, गंगागंज स्थित जोनल पंपिंग स्टेशन बंद रहने के कारण रावतपुर, सर्वोदय नगर, विजय नगर, काकादेव, शास्त्री नगर, बर्रा दो, साकेत नगर, निराला नगर, उस्मानपुर, किदवई नगर, गोविंद नगर, फूलबाग, पटकापुर, कुरसवां, गांधीग्राम, कृष्णानगर, शास्त्री चौक, गोस्वामी नगर समेत 40 मोहल्लों में जलापूर्ति ठप रही।

### 3 दिन तक रहेगा पानी का संकट

जल निगम के अधिशासी अभियंता अजमल हुसैन ने बताया कि 3 दिन तक जलापूर्ति ठप रह सकती है। लीकेज बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। लीकेज क्यों हुआ, इसकी जानकारी की जा रही है। अगर बारिश नहीं हुई तो लीकेज समय से बना दिया जाएगा। मंगलवार शाम तक समस्या दूर कर ली जाएगी।

### टैंकर के लिए डायल करें ये नंबर

जलकल विभाग के जीएम के अनुसार जिन मोहल्लों में पानी की दिक्कत हो, वहां के लोग जलकल विभाग कंट्रोल रूम के फोन नंबर 0512-2549018 पर सूचना दे सकते हैं। वहां पानी का टैंकर नि :शुल्क भेजा जाएगा। विभाग के पास 51 टैंकर उपलब्ध हैं।

# होल्मियम लेजर विधि से यूरोलॉजी ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अभी तक हैलट में इलेक्ट्रोकॉटरी विधि से होते थे ऑपरेशन
- जीएसवीएसएस पीजीआई में मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई में यूरोलॉजी से संबंधित सभी बीमारियों का इलाज अब आसानी से संभव होने से मरीजों को लखनऊ, दिल्ली व मुंबई के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। जीएसवीएसएस पीजीआई में यूरोलॉजी से जुड़ी गंभीर बीमारियों के ऑपरेशन में होल्मियम लेजर की नई तकनीक इस्तेमाल की जाएगी।

हैलट अस्पताल में अभी तक पेशाब की थैली में गांठ, (यूरिनरी ब्लाडर), प्रोस्टेट कैंसर, पथरी व ट्यूमर जैसी यूरो संबंधित समस्या से पीड़ित मरीजों का ऑपरेशन इलेक्ट्रोकॉटरी विधि से किया जाता था, इसमें रक्तस्त्राव अधिक होता था। इस वजह से कई बार मरीज को रक्त की जरूरत पड़ती थी। लेकिन अब पीजीआई के यूरोलाजी विभाग में इन सभी गंभीर बीमारियों के निस्तारण के लिए अत्याधुनिक होल्मियम लेजर मशीन शासन ने उपलब्ध करा दी है।

इसकी मदद से पेशाब की थैली (यूरिनरी ब्लाडर) की गांठ आसानी से काट कर हटाई जा सकती है। अभी तक यह सुविधा लखनऊ के एसजीपीजीआई और केजीएमयू में ही उपलब्ध थी।

यूरोलॉजिस्ट डॉ.अनिल वैद्य ने बताया कि होल्मियम लेजर मशीन की मदद से पेशाब की थैली के अंदर की गांठ, इंफेक्शन, प्रभावित टिश्यू या ट्यूमर को भी काटकर अलग कर सकते हैं, जिससे दोबारा समस्या होने की संभावना नहीं रहती है। इसके अलावा लेजर की मदद से पथरी को आसानी ने तोड़कर निकाला जा सकता है। होल्मियम लेजर टीयूआरबीटी मूत्राशय के ट्यूमर के इलाज में जटिलताओं को कम करता है। इससे मरीज को ठीक होने में समय नहीं लगता है और पेशाब की थैली में किसी भी प्रकार की समस्या आने की संभावना नहीं रहती है।

# शिक्षक और विभाग आमने-सामने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रेरणा एप पर टैब के बजाए पहले की तरह मोबाइल पर सूचनाएं भेजने पर अड़े शिक्षक
- शिक्षाधिकारियों का प्रयास कि एप पर टैब से सूचनाओं के साथ हाजिरी भी भेजी जाए

**अमृत विचार।** डिजिटल हाजिरी पर बेसिक शिक्षा विभाग और शिक्षक संगठन आमने-सामने आ गए हैं। शिक्षा विभाग ने डिजिटल हाजिरी का विरोध कर रहे शिक्षक संगठनों से संवाद कर उन्हें प्रेरणा एप पर जरूरी सूचनाएं टेबलेट से भेजने पर जागरूक करने का आदेश दिया है। शिक्षक संगठन सभी सूचनाएं पहले की तरह मोबाइल से भेजने की बात पर अड़े हैं।

डिजिटल हाजिरी मामले में 11 जुलाई को शिक्षा अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक में एडी बेसिक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण व जिला समन्वयक एमआईएस स्तर के अधिकारी शामिल हुए थे। इसमें तय हुआ था कि टेबलेट से होने वाली समस्याओं पर शिक्षकों को समझाने का प्रयास किया जाए। विभाग की ओर से ऑनलाइन सूचनाओं के रूप में 12 तरह की अन्य सूचनाएं मांगी जाती हैं। शनिवार को शिक्षकों ने राष्ट्रीय शैक्षणिक महासंघ के नेतृत्व में अवास विकास कार्यालय में बैठक कर कहा कि वे लोग पहले भी हाजिरी के अलावा सभी जरूरी सूचनाएं भेजते आ रहे हैं। विभाग अनावश्यक दबाव बना रहा है। जिलाध्यक्ष चंद्रदीप यादव ने कहा कि विभाग के पास हाजिरी के अलावा जो सूचनाएं नहीं पहुंच रही हैं, वह तकनीकी खामियों की वजह से है। बैठक में आदित्य द्विवेदी, शैलेंद्र कुमार, उमेश सिंह, अमरीश शुक्ला, जय सिंह, डॉ अलका गुप्ता, पवन मिश्रा, अरविंद सिंह, विमल गुप्ता, आशीष सिंह, अलका गौड़, पूनम दीक्षित, अनिल राय, अनुग्रह त्रिपाठी, जितेंद्र सचान, अनुराग यादव शामिल रहे।

### जल्द होगी दोनों पक्षों में बातचीत

शिक्षा अधिकारियों ने बताया कि विभाग और शिक्षक संगठनों के बीच संवाद की बेहतर स्थिति बनाने के लिए जल्द ही शिक्षा विभाग बैठक करने जा रहा है। इस बैठक में दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर विरोध प्रदर्शन के बाद पैदा हुई स्थिति को दूर किए जाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में शिक्षकों को ऑनलाइन प्रक्रिया से संबंधित लाभ भी बताए जाएंगे।

# नई दिल्ली से पटना व गया को सुपरफास्ट ट्रेनें

**कानपुर।** अगस्त में पटना-नई दिल्ली और गया-आनंद विहार सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस चलेगी। पीआरओ रागिनी ने बताया कि 02393 पटना-नई दिल्ली सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस 2 अगस्त से 30 सितंबर के बीच गुरुवार को छोड़कर सप्ताह में हर दिन चलेगी। 02394 नई दिल्ली-पटना सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस 3 अगस्त से 1 अक्टूबर तक शुक्रवार को छोड़कर हर दिन चलेगी। गया-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस 02397 शनिवार को छोड़कर हर दिन एक अगस्त से चलेगी। 02398 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट क्लोन एक्सप्रेस दो अगस्त से एक अक्टूबर तक संचालित होगी।

# सिर्फ युवतियों को नौकरी के लिए आवेदन छांटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रोजगार मेलों के लिए 1,663 आवेदन चयनित

**अमृत विचार।** रोजगार मेलों में युवतियों को रोजगार देने के लिए विभाग ने उनके आवेदनों को चयनित कर लिया है। इन आवेदनों को पोर्टल से निजी कंपनी की ओर से बताई गई योग्यता के अनुसार चयनित किया गया है। इन युवतियों को रोजगार मेलों के लिए विभाग की ओर से बुलावा भेजा जाएगा।

सेवायोजन विभाग के मेलों में युवतियां रुझान नहीं दिखातीं। समीक्षा में यह सामने आया कि युवतियों के बेहतर प्रतिभाग के लिए ऐसी कंपनियों को मेलों में शामिल किया जाए जो युवतियों को ही रोजगार दें। इस संबंध में विभाग की ओर से मई में निजी कंपनियों के साथ बातचीत कर उनकी योग्यता के अनुसार युवतियों के आवेदन तलाशे गए। इसके अलावा पोर्टल पर नए आवेदनों को भी कराया गया। इसके बाद 1,663 सीवी को रोजगार मेलों के लिए चयनित किये गये। अधिकारियों ने बताया कि ब्यूटीशियन, सिलाई, टेलीकॉलर, रिसेप्सिनिस्ट जैसे पदों के लिए निजी कंपनियां मेलों में आएंगी। चयनित युवतियों को साक्षात्कार के लिए बुलावा भेजा जाएगा। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि मेलों में युवतियों के पीछे रह जाने की वजह से यह प्रक्रिया अपनाई गई है।

# अवैध खनन व परिवहन रोकने को टास्क फोर्स

**कानपुर।** अवैध खनन व परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगना चाहिए। इसमें कोई हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को यह निर्देश देते हुए अवैध खनन व परिवहन रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें पुलिस प्रशासन, परिवहन, खनन और वन विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि अवैध खनन व परिवहन रोकने के लिए टास्क फोर्स अवैध सघन चेकिंग अभियान चलाएगी। टीम सुनिश्चित करेगी कि किसी भी दशा में जिले में अवैध खनन व परिवहन न होने पाए।

**जनसमस्या** | वार्ड 16 और 93 के एक दर्जन मोहल्लों में सीवर लाइनें खराब, पानी बरसने पर तालाब हो जातीं बस्तियां

# 25 साल से सड़क पर बह रहा सीवर, हजारों लोग परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



परमपुरवा में इंडेन गैस के बाहर भरा सीवर का पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में वैसे तो कई मोहल्ले सीवर समस्या से त्रस्त हैं लेकिन, परमपुरवा के कई बच्चे इसी समस्या को झेलते-झेलते जवान हो गये हैं। परमपुरवा क्षेत्र में बनी इंडेन गैस एजेंसी के सामने 25 वर्षों से सीवर भर रहा है। यहां की अधिकांश सीवर लाइने चोक हैं या पड़ी ही नहीं हैं। जिसकी वजह से समस्या जस की तस है। पार्षद बदले, विधायक, सांसद बदले लेकिन यहां की समस्या नहीं बदली। इसके साथ ही दो वार्डों से घिरे क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक मोहल्लों में भी यह समस्या है। क्षेत्रीय नागरिक नई सीवर लाइन डालने की मांग कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

परमपुरवा क्षेत्र में रानी कुंवर का हाता, तोतापुरवा, जालपा नगर, छोटी मस्जिद, छोटी जुही, मोसना नगर, मिर्जागढ़ फैक्ट्री के पीछे और भारतीय गैस गोदाम के पास सीवर की भयंकर समस्या है। घरों का सीवर यहां सड़क पर बहता रहता है। सीवर लाइने चोक होने और नालों में पानी जाने का स्त्रोत न बना होने के चलते समस्या बढ़ती जा रही है। अगर बरसात हो जाती है तो शुलभ शौचालय से भारतीय गैस गोदाम और पुलिस चौकी जाने वाला रास्ता तालाब में परिवर्तित हो जाता है। क्षेत्र में रहने वाले आसिम ने बताया कि तोतापुरवा में लोगों के घरों में सीवर हमेशा भरा रहता है। गंदगी के बीच ही लोग खाना बनाने व रहने को मजबूर हो गये हैं। बरसात में तो निकलना दूभर हो जाता है।

### दो वार्डों में बंटा क्षेत्र, लोग परेशान

परमपुरवा क्षेत्र में बनी बस्तियां दो वार्डों में बंटी हैं। इसका कुछ हिस्सा वार्ड 93 गोविंद नगर भाजपा पार्षद नवीन पंडित व दूसरा हिस्सा वार्ड 16 जुही भाजपा पार्षद विद्या वर्मा के अधिकार में आता है। जालपा नगर में रहने वाले अजय कुमार ने बताया कि दोनों ही पार्षद समस्या से अवगत हैं। लेकिन, इसका उपाय क्या होगा कोई नहीं बताता। उन्होंने बताया कि पूर्व पार्षद ने एक बार सीवर लाइन बिछवाने का प्रयास किया पत्थर भी लगवाया गया लेकिन उसके बाद कुछ नहीं हो सका है।



सीवर व जलभराव से परेशान हैं। बरसात में इतना पानी सड़ांध मारता है कि यहां से निकल नहीं सकते। कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

– अशर हाशमी, छोटी मस्जिद



बरसात के बाद यहां बीमारियां पैर पसारती हैं। संक्रमण से लोग परेशान रहते हैं। मच्छर पनपते हैं जिससे लोग बुखार की चपेट में आ जाते हैं।

– अखिलेश प्रजापति, छोटी जूही

# कब्जेदारों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलाधिकारी ने महाराजपुर और चकेरी थाने का किया औचक निरीक्षण
- शिकायत का निस्तारण न दर्ज होने पर पूर्व एसएचओ से मांगा स्पष्टीकरण



चकेरी थाने में महिला की समस्या सुनते जिलाधिकारी राकेश सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भूमि पर कब्जों के मामले में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उप जिलाधिकारी सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को चिह्नित कर एंटी भू माफिया व गैंगस्टर की कार्रवाई करें। हर हाल में कब्जों पर अंकुश लगना चाहिए। यह निर्देश शनिवार को दो थानों के औचक निरीक्षण में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने दिए।

जिलाधिकारी ने शनिवार को महाराजपुर और चकेरी थाने का औचक निरीक्षण किया। थाना समाधान दिवस में आईं शिकायतों को भी सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। महाराजपुर थाना निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि पूर्व में तैनात रहे एसएचओ महराजपुर ने थाना समाधान दिवस रजिस्टर में शिकायत तो दर्ज की, लेकिन निस्तारण नहीं दर्ज किया। इस पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने पूर्व एसएचओ से स्पष्टीकरण और मौजूदा एसएचओ को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण कर रजिस्टर में दर्ज कराएं। इस दौरान जिलाधिकारी ने कई शिकायतें भी सुनीं।

इसी तरह पुरवा मीर के रमेश ने भूमि पर कब्जे व हाथीगांव की विजय लक्ष्मी ने भूमि विवाद की शिकायत की। राजेश कुमार ने ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे की शिकायत की। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग, पुलिस, नायब तहसीलदार को कार्रवाई के निर्देश दिए। आरती देवी ने दुकान पर कब्जा करने की शिकायत की। भूमि पर कब्जे से संबंधित कई मामले आने पर जिलाधिकारी ने इस पर अंकुश लगाने का कहा। उप जिलाधिकारी नर्वल को निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों को चिह्नित कर एंटी भू माफिया, गैंगस्टर की धाराओं में कार्रवाई करें। आपसी विवाद के मामलों में दोनों पक्षों के बुलाकर सहमति से समाधान कराएं।

# सीसामऊ विस. में 15 वार्डों के पीडीए टीम अध्यक्ष घोषित

- अंतिम सप्ताह में होगा सपा का पहला पीडीए सम्मेलन
- 137 बूथों पर युवा टीम का गठन भी किया गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में शनिवार को पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, विधानसभा अध्यक्षों, फ्रंटल अध्यक्षों व सेक्टर प्रभारियों की मासिक बैठक हुई, जिसमें सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव के संबंध में गहन चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने बताया कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के 15 वार्डों में पीडीए टीम के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के 137 बूथों पर युवा टीमों का भी गठन कर दिया गया है। युवा टीम एक अगस्त से क्षेत्र के परिवारों में गहन संपर्क शुरू करेंगे।



मासिक बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष फजल महमूद, साथ में प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव व अन्य नेता। अमृत विचार

कोर्ट से सजा मिलने के बाद सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक इरफान सोलंकी की विधानसभा की सदस्यता चली गई है। इसके बाद सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव प्रस्तावित है।

यह सीट समाजवादी पार्टी की सबसे खास सीटों में से एक है, यहां पर इरफान सोलंकी 17 साल से विधायक थे। प्रस्तावित चुनाव में सपा की ओर से इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम अंसारी का नाम सबसे आगे है। समाजवादियों ने बिना समय गंवाते हुए तैयारी भी शुरू कर दी है।

बताया गया कि सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित उपचुनाव के संबंध में सपा का पहला पीडीए सम्मेलन जुलाई के अंतिम सप्ताह में होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल होंगे। वहीं, बैठक में सर्वसहमति से जिला प्रवक्ता शवाब अवरार का घोषित किया गया।

### बड़े घरानों के कारण सरकार गरीबों पर नहीं दे रही ध्यान

जिलाध्यक्ष ने कहा कि सब्जियों में बढ़ती महंगाई का कारण ब्लॉक स्तर पर कोल्ड स्टोरेज का अभाव है। यदि न्याय पंचायत और ब्लॉक स्तर पर मिनी कोल्ड स्टोरेज बना दिए जाएं तो करोड़ों मूल्य की सब्जियां बर्बाद होने से बच जाएंगी। सब्जियों के बढ़ रहे दामों से निजात मिल सकती है लेकिन सरकार बड़े घरानों से घिरे होने के कारण गरीबों के हितों पर ध्यान नहीं दे पा रही है। टमाटम 80 से 100 रुपये और सेब 200 से ढाई सौ रुपये किलो बिक रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि सेब के कारोबार में भी उत्पादन से लेकर मंडी तक बड़े घरानों का कब्जा हो गया है।

# जिलाध्यक्ष देंगे नोटिस, विधायक बोले, नहीं दे सकते

- सपा की बैठक से गैरहाजिर रहने पर मचा हंगामा

**कानपुर।** सपा की मासिक बैठक में सीसामऊ विधानसभा में प्रस्तावित उपचुनाव के संबंध में रणनीति तय की गई, लेकिन बैठक में कुछ पदाधिकारी, आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई व कैंट विधायक मोहम्मद हसन रूमी और कुछ पार्षद नहीं पहुंचे। जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने नाराजगी जाहिर कर गैरहाजिर लोगों को नोटिस देने की बात कह दी। इस पर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई उखड़ गए, बोले जिलाध्यक्ष विधायक को नोटिस नहीं दे सकते हैं, ऐसा वह अपने कद को बढ़ाने के लिए कह रहे हैं। इस संबंध में जब सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद से बात की तो उन्होंने बताया कि संगठन की बैठकों में कुछ पदाधिकारी व पार्षद गायब रहते हैं, यहां तक राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर भी कुछ पदाधिकारी व पार्षद नहीं आए थे, जिनको संगठन चुनाव जितवाने का काम करता है। जीतने के बाद वह कार्यालय नहीं आते, ऐसे पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाएगा। वहीं, मामले में आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई का कहना है कि जिलाध्यक्ष विधायक को नोटिस नहीं दे सकते हैं। ऐसा वह अपने कद को बढ़ाने के लिए कह रहे हैं। अभी तक ऐसा कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। कैंट विधायक हसन रूमी ने बताया कि विधायक को जनता के बीच रहना होता है, क्षेत्र की समस्याएं हल करनी होती हैं। संगठन की कई महत्वपूर्ण बैठकों में विधायक जाते हैं। लेकिन हर बार शाम को बैठक होने की वजह से कभी-कभी पहुंचना संभव नहीं होता। अभी कोई नोटिस जिलाध्यक्ष से नहीं मिली है।

**बैठक में ये रहे मौजूद:** प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, परमवीर सिंह गंभीर, फकरे आलम, आनंद शुक्ला, साहेबे आलम, महेन्द्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, रजत मिश्रा, शादाब आलम, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, राहुल वर्मा, केके मिश्र, दिनेश विश्वकर्मा, अरशद दद्दा, वरुण जयसवाल, लियाकत अली, संजय निषाद, हेमंत गुप्ता, उमा कठेरिया, हरिभजन यादव, महेश यादव, राजेंद्र सोनकर, सोनू वर्मा, रामू वर्मा,अमित चौरसिया, ज्ञानेंद्र यादव, अनुराग मिश्रा, राजेंद्र जयसवाल, गोपाल ठाकुर, मो. नसीम, योगेंद्र यादव आदि रहे।

## एक नजर

### पिकअप की टक्कर से टेनरी कर्मी की मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में टेनरी से वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। पुलिस ने घायल को हैलट में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। सजारी, कांशीराम कॉलोनी निवासी अशफाक ने बताया कि उनका 25 वर्षीय बेटा शानू जाजमऊ स्थित टेनरी में काम करता था। शुक्रवार शाम करीब साढ़े आठ बजे वह घर लौट रहा था। शानू कल्लूपुरवा स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों ने पीछा कर पिकअप चालक को पकड़ लिया। जाजमऊ पुलिस ने शानू को हैलट में भर्ती कराया, जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### लावारिस बैग से 40 केन बियर बरामद

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर शनिवार शाम लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। आरपीएफ ने जब बैग की तलाशी ली तो उसमें 40 केन बियर बरामद हुई। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने बताया कि आरपीएफ को देखकर प्लेटफार्म पर खड़ा एक युवक भाग गया। वही युवक बैग को लावारिस छोड़कर बिहार जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहा था। आरपीएफ ने बियर जब्त कर जीआरपी को कार्रवाई के लिए दिया है।

# झूठ बोलकर घर में रुका, 13 लाख का माल पार

## खुद को फौजी बताकर एलआईसी के अफसर को चूना लगाया, पत्नी के गांव का बताकर बेटे की एलआईसी पॉलिसी कराने आया था

- खाने में नशीला पदार्थ मिलाने का आरोप, बर्रा का मामला
- सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी, पुलिस तलाश में जुटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खुद को सीआईएसएफ का जवान बताकर बर्रा सात निवासी एलआईसी असिस्टेंट मैनेजर के घर आए युवक ने रात में नकदी व जेवरात समेत 13 लाख का माल पार कर दिया। सुबह आंख खुलने पर सामान बिखरा पड़ा देख मैनेजर को चोरी का पता चला। पीड़ित के मुताबिक आरोपी खुद को पत्नी के गांव का निवासी बताकर बेटे की पॉलिसी कराने का झांसा देकर घर आया था। रात ज्यादा होने की बात कहकर वह घर में रुक गया था। बर्रा पुलिस ने सामने रहने वाले भतीजे के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें आरोपी घर में आते कैद हो गया।


सीसीटीवी में घर में आते कैद आरोपी। अमृत विचार


खुली पड़ी अलमारी दिखाते सुरेंद्र। अमृत विचार

बर्रा सात निवासी सत्येंद्र सिंह भदौरिया रतनलाल नगर स्थित एलआईसी कार्यालय में असिस्टेंट मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी शालिनी सिंह करीब 20 दिन पूर्व पिता की तबियत खराब होने के कारण इटावा स्थित अपने मायके गई हुई थीं, जबकि बेटा अभिषेक होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर बेंगलुरू में कार्यरत है। सत्येंद्र ने बताया कि शुक्रवार को उनको एक युवक का फोन आया, जिसने अपना नाम रविंद्र सिंह चौहान बताते हुए इटावा का निवासी बताया। बताया कि वह सीआईएसएफ का जवान है और वर्तमान में छत्तीसगढ़ में तैनाती है। उसने अपने बेटे की एलआईसी पॉलिसी के बारे में जानकारी करने की बात कहकर शहर आने की बात कही।

सत्येंद्र ने बताया कि विश्वास करते हुए उन्होंने उसे घर बुलाया, जिस पर शुक्रवार शाम करीब सात बजे वह घर आ गया। रात करीब 10 बजे खाना खाने के बाद उनको अचानक नींद आने लगी, जिस पर वह सो गए। लगता है कि आरोपी ने खाने में कोई नशीला पदार्थ मिला दिया था। सुबह करीब आठ बजे उनकी नींद खुली तो देखा कि घर में रखी तीन अलमारियां, दीवान खुले पड़े थे और उनमें रखे करीब 10 लाख रुपये के जेवरात व 3 लाख नकदी गायब थी। सत्येंद्र ने घर के सामने रहने वाले भतीजे विक्रम व बर्रा पुलिस को घटना की जानकारी दी। बर्रा पुलिस ने विक्रम के घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें दोपहर करीब 12 बजे युवक अंगौछे से मुंह बांध कर आता हुआ दिखाई दिया। सीसीटीवी कैमरों में युवक दो बैग लेकर आते दिखाई पड़ा है। बर्रा इंस्पेक्टर टीबी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश जा रही है।

### बैग से दो लाख निकालते हुए देखा था

पीड़ित सत्येंद्र ने बताया कि पॉलिसी की जानकारी के लिए आरोपी घर आया। इस दौरान उन्होंने उसे चाय पिलाई, बातचीत के दौरान काफी रात होने पर उसने सवारी न मिलने की बात कही, जिस पर उन्होंने रुकने को कह दिया था। वह बैग से टिफिन निकाल रहे थे, उसी दौरान बैग में रखे दो लाख रुपये भी उन्होंने निकाल कर रखे थे। रुपये रखते हुए आरोपी ने देखा था।

### दो किलो मिठाई व कोल्डड्रिंक भी ले गया

सत्येंद्र ने बताया कि सुबह आंख खुली तो देखा घर के सारे गेट खुले पड़े हुए थे। वह उठने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन उठ नहीं पा रहे थे। उन्होंने फ्रिज खोल कर देखा तो उसमें रखी दो किलो मिठाई व दो बोतल कोल्ड ड्रिंक भी आरोपी पार कर ले गया।

### ताला तोड़ कर लाखों की चोरी

**कानपुर।** बर्रा-2 हेमंत विहार में शुक्रवार देर रात चोरों ने बंद घर से लाखों का माल पार कर दिया। घटना के वक्त परिवार ताला लगाकर अस्पताल में भर्ती पिता को देखने गया था। सुबह घर लौटे तो ताले टूटे देख परिजनों को घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बर्रा-2 निवासी रितिक वर्मा ने बताया कि पिता राजू वर्मा बीमार हैं, जिनका गोविंद नगर स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। शुक्रवार रात परिवार उन्हें देखने गया था, सुबह घर लौटे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा था। अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त था। अलमारी में रखे करीब 50 हजार की नकदी व 2 लाख के जेवरात गायब मिले। बर्रा इंस्पेक्टर टीबी सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कमरे का ताला तोड़ नकदी व जेवरात पार

**कानपुर।** शास्त्री नगर में शुक्रवार रात कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार की नकदी समेत लाखों के गहने पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। शास्त्री नगर निवासी अभिषेक सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात परिवार के साथ नीचे कमरे में सो रहे थे। शनिवार सुबह सोकर उठे तो ऊपर के कमरे का ताला टूटा मिला, अलमारी में रखे नकदी, जेवरा व दस्तावेज गायब मिले। काकादेव थाना प्रभारी मनोज भदौरिया ने बताया रिपोर्ट दर्ज की गई है। आसपास लगे कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# ठेके का ताला तोड़कर शराब और नकदी चोरी



**कानपुर।** चकेरी में चोर अंग्रेजी शराब के ठेके का ताला तोड़कर लाखों कीमत की शराब भर ले गये, साथ ही ठेके में रखी नकदी भी पार कर दी। पुलिस ने ठेका संचालक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

कृष्णापुरम निवासी श्रीकृष्ण का मंगला विहार प्रथम में अंग्रेजी शराब का ठेका है। 6 जुलाई को ठेके का सेल्समैन दुकान बंद करके घर चला गया था। देर रात चोर ठेके के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गये। इसके बाद चोर गल्ले में रखे 63 हजार रुपये और करीब 3.83 लाख रुपये कीमत की शराब की बोतलें चोरी कर ले गये। अगले दिन 7 जुलाई की सुबह मकान मालिक ने शटर के ताले टूटे देखा तो उन्हें जानकारी दी। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

# खरीदारी कर लौट रहे युवक के साथ लूट

- बैग में रखा मोबाइल व 30 हजार नकदी ले गए लुटेरे

**कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में खरीदारी कर लौट रहे फतेहपुर निवासी किसान का स्कूटी सवार लुटेरे बैग छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि बैग में 30 हजार नकदी, कपड़े समेत नया मोबाइल था जिसे लुटेरे ले गए। वह 10 जुलाई को जुही डिपो निवासी रिश्तेदार के घर घूमने आया था पीड़ित ने मामले की शिकायत किदवई नगर पुलिस से की। पुलिस ने जांच कर मुकदमा लिखने का आश्वासन देकर रवाना कर दिया।

फतेहपुर, बिंदकी जाफरगंज के नयापुरवा गांव निवासी किसान मकबूल उर्फ कल्लू ने बताया कि बीते 10 जुलाई को वह जूही डिपो निवासी फूफा नौशाद के घर शहर घूमने के लिए आया था। शुक्रवार को वह फूफा के साथ मोबाइल व कपड़ो की खरीदारी करने गया था। मकबूल ने बताया कि खरीदारी के बाद बारादेवी चौराहे पर फूफा ने उसको उतार दिया। वह बैग में मोबाइल, कपड़े व खरीदारी के बाद बचे 30 हजार रुपये लेकर फतेहपुर जाने के लिए गौशाला चौराहे की ओर प्राइवेट बस में बैठने जा रहा था, तभी पीछे से आये स्कूटी सवार दो लुटेरे पीछे से आये और बैग छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की जानकारी डायल 112 पर दी। पीड़ित का आरोप है किदवई नगर थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही, पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी की तबियत खराब होने के कारण वह बिना रिपोर्ट दर्ज कराए वापस लौट आया।

# 2जी, 3जी कंपनी कब होगी ब्लैक लिस्टेड जी

- केस्को के 1.5 लाख 2जी और 3जी तकनीक वाले स्मार्ट मीटर बने मुसीबत
- 4जी में नहीं बदले मीटर, कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की हुई थी बात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को ने 2021 में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड से 2जी और 3जी तकनीक पर आधारित एक लाख 50 हजार स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के घरों में लगवाए थे। अगले साल ही कंपनी को इन मीटरों को 4जी में बदलने का आदेश दे दिया गया था। लेकिन कंपनी ने अब तक एक भी मीटर को 4जी तकनीक में नहीं बदला है। इसके चलते उपभोक्ताओं को बिलिंग में भारी गड़बड़ी का सामना करना पड़ रहा है। केस्को ने स्मार्ट मीटरों का संचालन मैनुअल कर दिया है। लेकिन इस व्यवस्था में कई बार उपभोक्ताओं को बिल ही नहीं मिल पाता है और कनेक्शन कट जाता है। इसी हफ्ते विद्युत परिषद नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार के साथ हुई बैठक में इन स्मार्ट मीटरों का मुद्दा उठने पर केस्को अधिकारियों ने कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की बात कही थी। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

केस्को की कथा निराली है। 2जी और 3जी तकनीक पर आधारित स्मार्ट मीटर लगाने के बावजूद उपभोक्ता के विद्युत उपभोग की बिलिंग मैनुअल की जा रही है। इन मीटरों को 4जी में बदला जाना था, लेकिन यह काम भी केस्को इन मीटरों को लगाने वाली कंपनी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड से आज तक नहीं करा पाया है। इसका खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। शहर में एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज ने वर्ष 2021 में 2जी और 3जी तकनीक वाले 1 लाख 50 हजार स्मार्ट मीटर लगाए थे। वर्ष 2022 में कंपनी को इन मीटरों को 4जी में बदलने का आदेश दिया गया था। लेकिन वर्तमान में यह मीटर मैनुअल संचालित हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को बिलिंग में परेशानी का सामना करना पड़ता है। जब कनेक्शन बिजली बिल बकाये में कटता है तो कई-कई दिन सबस्टेशन के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसके साथ ही मीटर कम्युनिकेशन काम नहीं करने से भी दिक्कत है। केस्को अधिकारियों का कहना है कि शहर में लगाए गए 2जी और 3जी स्मार्ट मीटरों में कुछ को ही मैनुअल पर चलाया जा रहा है। इन मीटरों को 4जी में बदलने का काम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज को करना था, जो अभी नहीं हो सका है। उधर, राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के मुताबिक इन स्मार्ट प्रीपेड मीटरों में कई खामियां हैं, जो अभियंता इनकी तारीफ कर रहे हैं, सबसे पहले यह मीटर उनके घरों में लगाए जाएं, तभी वे गुणवत्ता को सही तरीके से जांच सकेंगे। इस संबंध में केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने बताया कि एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज के साथ वेंडर अनुबंध हुआ है। अनुबंध के मुताबिक काम हो रहा है। नियम-शर्तों का पालन नहीं करने पर कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी। शहर में लगे कई स्मार्ट मीटर कम्यूनिकेशन कर रहे हैं, जो नॉन कम्यूनिकेशन हैं, उनको पोस्टपेड में बदलकर उपभोक्ताओं को बिल दिया जा रहा है। इन मीटरों से केस्को को पैसा आ रहा है, कोई दिक्कत की बात नहीं है।

### बाइक सवार बुजुर्ग को ट्रक ने रौंदा, मौत

**कानपुर।** बर्रा बाईपास चौराहे पर शनिवार दोपहर बाइक सवार बुजुर्ग को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए और मौत हो गई। दामोदर नगर डब्लू टू ब्लॉक निवासी शिशिर नाथ श्रीवास्तव (67) शनिवार को बाइक से बर्रा बाईपास से कर्रही की ओर जा रहे थे, तभी एलपीजी सिलेंडर लदे ट्रक ने बाईपास चौराहे पर टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए।

**दिनांक 22.07.2024 से 03.08.2024 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | फ्रीक्वेंसी | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी आगमन | समय-सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सुबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सुबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इन्दौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इन्दौर एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |

**दिनांक 22.07.2024 से 19.08.2024 तक रेलगाड़ी का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | फ्रीक्वेंसी | अस्थाई ठहराव | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 04303 बरेली–दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 04304 दिल्ली–बरेली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उम्मीद** प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया, स्वीकृति का इंतजार

# एकीकृत कार्यालय के लिए जमीन चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शासन से सहमति और बजट मिला तो 45 मंडलीय कार्यालय एक छत के नीचे होंगे। इससे अफसरों और लोगों की भागदौड़ कम होगी। एकीकृत मंडल कार्यालय के लिए वीआइपी रोड पर जमीन का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। शासन में प्रस्ताव स्वीकार हुआ तो 45 मंडलीय कार्यालय शिफ्ट होंगे।




- एक छत के नीचे शिफ्ट होंगे 45 मंडलीय कार्यालय

मंडल के जिले कानपुर देहात, फर्रुखाबाद, औरैया, इटावा, कन्नौज और कानपुर नगर के लोगों को अलग-अलग मंडलीय कार्यालयों में अक्सर आना पड़ता है। अफसरों व लोगों की भागदौड़ को देखते हुए मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने शासन की पहल पर कानपुर विकास प्राधिकरण को एकीकृत मंडलीय कार्यालय के लिए जमीन तलाशने की जिम्मेदारी दी थी। प्राधिकरण ने मर्चेंट चैंबर के सामने मैकराबर्ट्स अस्पताल की जमीन चिह्नित की है। यह वीआईपी रोड पर है और इससे कचहरी, पुलिस आयुक्त कार्यालय से दूरी भी कम है। वीआइपी रोड स्थित अस्पताल पर पहुंचना भी हर क्षेत्र के लोगों के लिए आसान होगा। जमीन का प्रस्ताव बनाकर केडीए अफसरों ने शासन को भेज दिया है। पहले कल्याणपुर, बिधनू व महाराजपुर में जमीन देखी जा रही थी, लेकिन दूरी के कारण इस पर ज्यादा विचार नहीं किया गया। अब शहर में जमीन मिलने पर प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया है। सहमति और बजट को मंजूरी मिली तो कार्यालय निर्माण के बाद कृषि भवन कानपुर मंडल, कार्यालय संयुक्त निबंधक, रजिस्ट्रार चिट्स फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, कानपुर मंडल लोवर गंगा कैनाल के अधिशासी अभियंता, मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र, मंडलीय अर्थ एवं संख्या अधिकारी समेत 45 मंडलीय कार्यालय एक छत के नीचे लाए जाएंगे।

**यह होंगी व्यवस्थाएं**

- वाहनों को खड़ा करने के लिए गैराज का निर्माण होगा।
- 200 से 250 लोगों की बैठक के लिए सभागार बनेगा।
- मंडल स्तर के अफसरों व कर्मियों के लिए अलग-अलग कक्ष होंगे।
- अफसरों को भी फाइलें एक से दूसरी जगह मंगाना आसान होगा।
- प्रमुख सचिव समेत अन्य अफसर बैठक कर सकेंगे।

> एकीकृत मंडलीय कार्यालय के लिए मर्चेंट्स चैंबर के सामने अस्पताल की जमीन चिह्नित कर प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर काम शुरू कराया जाएगा।
> –अमित गुप्ता, मंडलायुक्त

# लोक अदालत में 1.99 लाख वाद निस्तारित

- 35 करोड़ से अधिक की राशि वसूल की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय लोक अदालत में 1.99 लाख से अधिक लंबित पड़े वादों का निस्तारण कर 35 करोड़ से अधिक की धनराशि वसूली गई। लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक, सिविल, मोटर-दुर्घटना, राजस्व, आरबीट्रेशन वादों के साथ बैंक व बीमा कंपनी में लंबित वादों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया गया।

जनपद न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह ने लोक अदालत का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन पर हमारा प्रयास होना चाहिए कि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जाए। मोटर दुर्घटना उत्तरी राकेश कुमार शुक्ला द्वारा 104 व दक्षिणी महेंद्र नाथ द्वारा 142 वादों का निस्तारण किया गया। पारिवारिक न्यायालय में 23 वाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 22491, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 2236 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंक व टेलीकॉम कंपनी द्वारा कुल 695 वादों का निस्तारण किया गया। आयोजन में कुल 199358 वादों का निस्तारण कर 35,95,99,336 करोड़ रुपये की धनराशि की वसूली की गई। नोडल अधिकारी विनय सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शुभी गुप्ता मौजूद रहीं।

# भर्ती घोटाले में पूर्व डीआईओएस को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाला मामले में शासन ने पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय मुन्नीलाल को नोटिस जारी किया है। उनपर दो शिक्षिकाओं को नियुक्ति देने में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। नोटिस में पैनल के सत्यापन और फर्जी ईमेल की जांच न कराने की वजह पूछी गई है। पूर्व डीआईओएस द्वितीय ने अपना पक्ष रखने की बात कही है।

विशेष सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा जारी नोटिस में तत्कालीन डीआईओएस द्वितीय मुन्नीलाल से फर्जी शिक्षकों के पैनल का सत्यापन न तो विभागीय वेबसाइट से कराने और न इस संबंध में निदेशालय से कोई पत्राचार किए जाने के संबंध में जानकारी मांगी गई है। उन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है। नोटिस का जवाब 15 दिनों के भीतर मांगा गया है। इसे लेकर तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय मुन्नीलाल का कहना है कि वे नोटिस का जवाब जल्द देंगे। इस प्रकरण में तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से उन्हें बाबू के जरिए पैनल पत्र भिजवाया गया था। सत्यापन कराने के कार्य की जिम्मेदारी उनकी नहीं है।

- **पूर्व डीआईओएस द्वितीय की कार्यप्रणाली लापरवाही भरी मानी गई**




### 7 की गिरफ्तारी और 9 पर एफआईआर

इस फर्जी भर्ती घोटाले में अब तक सात आरोपी एसआईटी ने प्रयागराज और मिर्जापुर से गिरफ्तार किए हैं। मामले में उन 9 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है, जिनके नाम फर्जी ई-मेल आईडी से शिक्षक नियुक्ति के लिए भेजे गए थे।

### इस तरह पकड़ में आया था मामला

फर्जी भर्ती घोटाले की जांच में दोनों तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. फतेह बहादुर सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय मुन्नीलाल आरोपों के घेरे में हैं। इस प्रकरण का खुलासा तब हुआ था, जब एक विद्यालय के प्रबंधक की ओर से वेतन भुगतान पर आपत्ति उठाई गई थी। तब सामने आया कि फर्जी पैनल से दो शिक्षकों की नियुक्ति में सत्यापन नहीं कराया गया।

### डीआईओएस द्वितीय पर आरोप

नोटिस में डीआईओएस द्वितीय पर आरोप है कि नियुक्ति के लिए विभाग में आए फर्जी ईमेल में फर्जी पैनल के सापेक्ष 20 नवंबर 2023 को विनीता देवी को मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में और 12 दिसंबर को रिक्षा पाण्डेय को आर्य कन्या इंटर कॉलेज में नियुक्ति प्रदान की गई। विनीता देवी को दिसंबर माह से वेतन भुगतान कर दिया गया। रिक्षा पांडेय का वेतन आहरित नहीं हुआ।

## मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर विद्यार्थी चयनित

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कैंपस में संचालित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट के छात्रों का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर हुआ है।

यह जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष शिवांशु सचान ने बताया कि चतुर्थ वर्ष के छात्र दीपक सिंह, देव खत्री एवं सुमित गिरी का चयन मैकडॉनल्ड्स में मैनेजमेंट ट्रेनी के पद पर हुआ है।

छात्र प्रियांशु वर्मा का चयन विदेश के होटल विशेषज्ञ के रूप में हुआ है। संस्थान में होटल मैनेजमेन्ट का बैचलर, मास्टर कार्स एवं 3 डिप्लोमा कोर्स चल रहे हैं। जिनमें कुछ सीटें रिक्त हैं एवं उन सीटों पर सीधे प्रवेश प्रकिया चल रही है।

# अंडर-15 स्टेट शतरंज प्रतियोगिता में शहर के रामानुज बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बलिया में आयोजित अंडर-15 स्टेट शतरंज प्रतियोगिता में शहर के रामानुज मिश्र चैंपियन बने। रामानुज और बालिका वर्ग में रिधिमा का स्टेट टीम में चयन भी हुआ है। 27 दिसंबर से 4 जनवरी 2025 तक तमिलनाडु में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वह खेलेंगे।

बलिया के सनबीम स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्टेट शतरंज प्रतियोगिता दो वर्गों अंडर-15 बालक व बालिका में हुई। जिसमें कुल 64 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। 10 से 12 जुलाई तक तीन दिन चली इस प्रतियोगिता में अंडर-15 ओपन (बालक वर्ग) में कानपुर के रामानुज मिश्र ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कानपुर का मान बढ़ाया है, जो 27 दिसंबर से 4 जनवरी 2025 तक तमिलनाडु में होने वाली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। इस प्रतियोगिता में शहर से तीन बालक व दो बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। शहर की रिधिमा मिश्रा पांचवें स्थान पर रहीं। सफल पांच खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार भी दिया गया।



स्टेट शतरंज में शामिल शहर के पांचों खिलाड़ी। (आरेंज टीशर्ट में रामानुज)।

- **रामानुज और रिधिमा का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन**

# परेड से निकला राइनी बिरादरी का अलम जुलूस

## घरों और इमामबाड़ों में मजलिस, मातम, नौहाख्वानी, शहादतनामा का दौर जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में परेड से राइनी बिरादरी का अलम जुलूस निकाला गया जिसमें लोडर और घोड़े पर बैठे बच्चे, अकीदतमंद लंगर करते चल रहे थे। इस दौरान नारा ए तकबीर अल्लाह-ओ-अकबर गूंजता रहा।

शनिवार को राइनी बिरादरी का शहीदे करबला इमाम हुसैन की कुर्बानी की याद में 129 साल अलम जुलूस पुराना मरहूम हाजी अब्दुल सत्तार द्वारा परेड सब्जी मार्केट से उठाया गया। जुलूस का नेतृत्व इकबाल अहमद, पप्पू, कल्लन, मन्नू आढ़ती, हाजी अकलाक अहमद कर रहे थे। जुलूस के आगे पुलिस के घुड़सवार जवान चल रहे थे। जुलूस में अलम के पंजों और लाल हरे पटकों के साथ लोग बड़ी अकीदत से चल रहे थे। इकबाल अहमद पप्पू ने बताया कि जुलूस में आठ नये परचम शामिल किए गये हैं। घोड़ों पर बैठे बच्चे बैठे बिस्कुट व अन्य खाने पीने की वस्तुओं का लंगर कर रहे थे। इस दौरान लोग नारा ए तकबीर अल्लाह हो अकबर, नारे रिसालत या रसूलल्लाह, नारे हुसैनी या हुसैन नारे हैदरी या अली के नारे लगा रहे थे। जुलूस में कुछ गाड़ियों पर फल रखे हुए थे और ठेलों पर बिरयानी, जर्दा, खीर की डेंगे रखी थीं जिनसे रास्ते पर तबरूक (प्रसाद) बांटा जा रहा था। जुलूस के अन्त में एक भव्य ताजिया भी था। ठेलों पर लगे लाउडस्पीकरों के द्वारा शहीदे आजम हजरत इमाम हुसैन और करबला के 72 शहीदों की शहादत बयान कर रहे थे। महिलाएं छतों और अपने घरों से अलम व ताजिये की दीदार करती नजर आईं। शहर के हजारों इमामबाड़ों पर मजलिसों का सिलसिला जारी है। मौलाना जहीर अब्बास ने हादी बेगम के इमामबाड़े में मजलिस में करबला की घटना को विस्तार से बताते हुए कहा कि खुदा की राह में हजरत इमाम हुसैन ने अपने 6 माह के बच्चे की भी शहादत पेश कर दी लेकिन झूठी ताकत यजीद के हाथ में नही दिया और बैयत (समझौता) नहीं किया। यह बयान सुनकर लोगों के आसूं छलक पड़े। इस अवसर पर हाजी मुसिफ अली रिजवी, नवाब अली अतहर, डा. जुल्फिकार अली रिजवी और पप्पू मिर्जा ,आसिफ अली रिजवी, हसनैन अकबर तालिब सज्जादी, नज़रे आलम, सज्जादी हसन आलम, यूनुस रजा रहे।

- **इमामबारगाह हादी बेगम में मौलाना जहीर अब्बास ने मजलिस पढ़ी तो आंसू छलके**





मोहर्रम के छठें दिन परेड से उठाया गया राइनी बिरादरी का अलम जुलूस। जुलूस में अकीदतमंद ऊंचे-ऊंचे परचम लहराते चले। अमृत विचार

# अली असगर का खून से सना कुर्ता कानपुर में

**विशेष खबर**

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- **मौला अली के हाथ की लिखी हुई कुरआन, हजरत इमामे हुसैन का कुर्ता मुबारक भी**
- **10 मोहर्रम को सुबह 10 बजे से हाशमी तिराहा चमनगंज में लोग जियारत कर सकेंगे**

**अमृत विचार।** करबला के मैदान में शहीद हुए पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों का गम पूरी दुनिया में मनाया जाता है। लाखों रुपये खर्च करके अकीदतमंद करबला से जुड़ी यादों को देखने के लिए ईराक से लेकर तमाम देशों का दौरा करते हैं लेकिन अपना कानपुर शहर बहुत खुशनसीब है कि करबला की कई नायाब चीजें यहां मौजूद हैं। मोहर्रम की दस तारीख को सुबह 10 बजे के बाद आप नायाब चीजों की जियारत कर सकते हैं।

चमनगंज स्थित हाशमी तिराहा पर हाशमी मेडिकल हॉल में डॉ. हाशमी के आवास पर ये चीजें सुरक्षित रखी हैं। हाशमी परिवार के माध्यम से मोहर्रम की पहली तारीख से दस मोहर्रम तक शहादतनामा पेश किया जाता है। जिसमें देशभर के उलमा करबला वाक्या बयान करने आते हैं। इसकी पूरी देखभाल डॉ सैयद सुल्तान अहमद हाशमी, डॉ सैयद इकबाल अहमद हाशमी, डॉ सैयद आफताब हाशमी, सैयद मोईनुद्दीन हाशमी, सैयद ओसामा हाशमी, मोहम्मद फैसल करते हैं।

### नायाब चीजें देखिए

- हजरत इमाम हुसैन का कुर्ता मुबारक।
- हजरत मौला अली के हाथ की लिखी कुरआनपाक।
- हजरत इमाम हुसैन का पटका मुबारक।
- हजरत इमामे जैनुल आब्दीन का सलूका शरीफ (शेरवानी)
- छह माह के मासूम हजरत अली असगर का खून से सना आधा कुर्ता मुबारक (आधा कुर्ता मुबारक पाकिस्तान में है)
- खान-ए-काबा का तराशा हुआ पत्थर मुबारक।

# आम उत्पादन में देश में अव्वल है प्रदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश 25.76 फीसद की हिस्सेदारी के साथ आम उत्पादन में देश में पहले स्थान पर है। यह बात सीएसए की डा. निमिषा अवस्थी ने प्रशिक्षण के दौरान बताई। उन्होंने कहा कि आम रोजाना की आहार फाइबर की जरूरतों का 40 प्रतिशत तक पूरा कर सकता है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर के तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण में उन्होंने कहा कि यह फल पोटेशियम, बीटा-कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट का भंडार है। साल भर इसका स्वाद चखने के लिए इसके संरक्षित उत्पाद बनाने की जरूरत है। इसी क्रम में आम के विभिन्न उत्पाद जैसे, हींग का आचार, आम की मीठी चटनी, आम सुगर कैंडी व आम हाजमा गोलियां इत्यादि तैयार करवाया गया। केंद्र के प्रभारी डॉ अजय कुमार सिंह, शुभम यादव, नीतू, दिव्या, मीनू, लौंगन देवी आदि मौजूद रहे।



- **देश में कुल उत्पादन में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 25.76 प्रतिशत है**

## फिलिस्तीनी झंडा लहराए जाने की जांच शुरू

**कानपुर।** मुहर्रम के जुलूस में फिलिस्तीन का झंडा लहराए जाने का 31 सेकेंड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। देखते ही देखते वीडियो तेजी से वायरल होने लगा। सोशल मीडिया पर इसको लेकर टिप्पणियों की बाढ़ आ गई। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम के निर्देश पर एसीपी कर्नलगंज महेश कुमार ने जांच शुरू कर दी है।

वायरल वीडियो ग्वालटोली का बताया जा रहा है। वहां पर मुहर्रम का जुलूस निकल रहा था। भीड़ में किसी ने भारत के झंडे के साथ फिलिस्तीन के झंडे को लहरा दिया। यह वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने पर पुलिस अफसर हरकत में आए और मामले की जांच के आदेश दिए है।

# ऑपर्चुनिटी ओपन सोर्स कांफ्रेंस आईआईटी में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआईटी ऑपर्चुनिटी ओपन सोर्स कांफ्रेंस की मेजबानी करेगा । यह कॉन्फ्रेंस ओपन-सोर्स समुदाय में नवाचार, सहयोग और सीखने को बढ़ावा देने का प्रमुख कार्यक्रम है। यह नवीनतम रुझानों, उपकरणों और परियोजनाओं का पता लगाने के लिए डेवलपर्स, उद्योग विशेषज्ञों और शिक्षाविदों को एक साथ लाने का मंच बनेगी।

24-26 अगस्त तक ऑपर्चुनिटी ओपन सोर्स कॉन्फ्रेंस होगी। आईआईटी के उपनिदेशक प्रोफेसर ब्रजभूषण ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 20 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। आईआईटी डेवलपर्स, योगदान कर्ताओं और इच्छुक लोगों को कांफ्रेंस में वार्ता, कार्यशालाओं और पैनल के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करता है। यह विशेषज्ञता दिखाने, अभिनव परियोजनाओं को साझा करने और ओपन-सोर्स तकनीक की उन्नति में योगदान करने का एक अनूठा अवसर है। उद्योग जगत के लीडर ओपन-सोर्स क्षेत्र के भीतर विविध विषयों पर अपनी विशेषज्ञता साझा करते हुए व्यावहारिक वार्ता और पैनल चर्चा प्रस्तुत करेंगे। इंटरैक्टिव कार्यशालाएं, कैनोनिकल, लिनक्स फाउंडेशन और ओपनप्रिंटिंग के विशेषज्ञों द्वारा सीखने के अवसर प्रदान करेंगी।

- **अगले माह कांफ्रेंस, इच्छुक प्रतिभागी 20 जुलाई तक करें आवेदन**

## पौधरोपण कर मनाया बच्चे का पहला जन्मदिन ...



**कानपुर।** एक दंपति ने अपने बच्चे का पहला जन्मदिन पौधारोपण कर मनाया। वूमेन एम्पावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से मयंक अग्रवाल और कविता अग्रवाल ने एक नेक पहल की शुरुआत की। बिठूर स्थित रॉयल ड्रीम वर्ल्ड इंटर कॉलेज में अपने बच्चे रेआन के पहले जन्मदिन पर 50 पौधे लगाए। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं सचिव सपना सिंह ने कहा कि यह एक बहुत अच्छी पहल है। विद्यालय के बच्चों को इन पौधों की जिम्मेदारी दी गई है, ये बच्चे पौधों की देखरेख करेंगे। कार्यक्रम में संस्था से डॉ अंशु, अमित शुक्ला, विभा, रानू, रुचि, वंदना, निधि सलमान, मांसी, निखिल आदि लोग मौजूद रहे। • अमृत विचार

**खेल** | ग्रीनपार्क में अभी शुरू नहीं हुए कोई काम, स्टेडियम प्रशासन को पत्र का इंतजार

# 15 हजार दर्शक ही देख पाएंगे टेस्ट मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दर्शक क्षमता कम होने के कारण ही तीन साल तक ग्रीन पार्क स्टेडियम को कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं मिला। अब 27 सितंबर को भारत-बांग्लादेश का टेस्ट मैच मिला है, लेकिन यह मैच 15 हजार दर्शक ही देख पाएंगे।

यूपीसीए के अनुसार ग्रीनपार्क में अभी इतने ही लोग मैच देख सकते हैं। अगर दर्शक क्षमता बढ़ानी है तो स्टेडियम को डबल स्टोरी करना होगा जो इतनी जल्दी संभव नहीं है। ई-पब्लिक, डी-इनविटेशन, बी-जनरल, बी-गर्ल्स गैलरी को डबल स्टोरी बनाना होगा। इस काम में समय लग सकता है, इसलिए बांग्लादेश के साथ टेस्ट मैच वर्तमान दर्शक क्षमता के अनुसार ही होगा।

- **यूपीसीए ने कहा कि दर्शक क्षमता बढ़ानी है तो स्टेडियम को डबल स्टोरी करना होगा**



यूपीसीए ने मैच की तैयारी के लिए टूटी कुर्सियां व शीशे बदलवाने के साथ रंगाई-पुताई कराने की बात कही है, लेकिन अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है। ग्रीनपार्क स्टेडियम प्रशासन को इस संबंध में अधिकारिक पत्र का इंतजार है। लापरवाही का आलम यह है कि अभी तक पिच पर मिट्टी भी नहीं डाली गई है। हालांकि ग्रीनपार्क स्टेडियम को भारत-बंगलादेश क्रिकेट टेस्ट मैच मिलने के बाद यूपीसीए की एपेक्स काउंसिल बैठक में इस बात पर मुहर लगा दी गई थी कि पवेलियन की टूटी कुर्सियां, शीशों को दुरुस्त कराकर दर्शक क्षमता बढ़ाई जाएगी। रंगाई-पुताई के साथ अव्यवस्थाओं को दूर किया जाएगा। विगत दिवस सांसद रमेश अवस्थी ने भी स्टेडियम की हालत देखकर ग्रीनपार्क प्रशासन को फटाकार लगाई थी। उन्होंने काम होने हैं, इसका प्रस्ताव बनाकर देने को कहा था।

इस सबंध में जानकारी करने पर यूपीसीए के मीडिया प्रभारी मो. फाहीम ने बताया कि कामों की सूची तैयार की जा रही है। स्वीकृति मिलते ही स्टेडियम में काम शुरू होगा। पूरी व्यवस्था दुरुस्त करने में एक माह समय लगेगा। अगस्त के अंत तक सभी काम पूरे हो जाएंगे। ड्रेसिंग रूम, वीआईपी व अन्य पवेलियम में जो कुर्सियां खराब हैं, बदली जाएंगी।

### गावस्कर के कहने पर लगी थी एक लिफ्ट

स्टेडियम में सालों से व्यवस्था दुरुस्त करने लिए कोई काम नहीं हुआ है। कमेंट्री बाक्स में आने-जाने में दिक्कत होने पर सुनील गावस्कर ने लिफ्ट लगवाने को कहा था। इसमें भी काफी समय लग गया। दो की जगह एक ही लिफ्ट लगाई गई। लिफ्ट का उद्घाटन गावस्कर ने ही किया था।

# समिति से हाईवे को मंजूरी मिलने की जगी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमईपुर से हमीरपुर होते हुए कबरई तक प्रस्तावित फोर लेन समानांतर हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को एनओसी का इंतजार है। भू अधिग्रहण के लिए एनएचएआई की भूमि अधिग्रहण समिति एनओसी देगी। प्राथमिक मंजूरी तो पहले ही मिल चुकी है पर फाइनल मंजूरी न मिल पाने से 112 किमलोमीटर लंबा हाईवे नहीं बन पा रहा है। इस प्रोजेक्ट के मूर्त रूप लेने से लखनऊ – कानपुर से हमीरपुर होते हुए छतरपुर के रास्ते भोपाल तक आवागमन आसान हो जाएगा। कानपुर, फतेहपुर, हमीरपुर व महोबा जनपदों की छह तहसीलों के 68 गांवों से होकर फोरलेन गुजरेगा। सांसद देवेंद्र सिंह भोले और सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बैठक के बाद अब मंजूरी की उम्मीद जगी है।

कानपुर में रमईपुर से प्रस्तावित रिंग रोड से शुरू होगा। कानपुर से हमीरपुर की ओर आ रहे हाईवे के दाहिनी ओर बनेगा। रमईपुर से वर्तमान हाईवे तक 1.7 किमी लंबी सड़क बनाने की योजना थी ताकि दोनों हाईवे एक दूसरे से लिंक हो जाएं। 37 सौ करोड़ रुपये से यह हाईवे बनेगा। दो हजार करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण पर खर्च होगा। 700 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाना है। पहले 120 किलोमीटर लंबाई थी इस हाईवे की। तब यह नौबस्ता से बनना था बाद में इसे रमईपुर से बनाने का निर्णय लिया गया। यह फोरलेन बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को पार कर कबरई तक बनेगा। पत्योरा निवासी अनंता सिंह ने कहा उनके गांव से हाईवे निकलेगा। कहते हैं उनके अब लोग उनके गांव को बीहड़ नहीं कहेंगे। कहते हैं हाईवे निकलने की जैसे ही लोगों को जानकारी लगी है। हमीरपुर में 25 गांवों से यह गुजरेगा। सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने पिछले दिनों गडकरी से मुलाकात की थी तब इस प्रोजेक्ट की महत्ता उन्हें बताया था। मंत्री ने परियोजना को जल्द हरी झंडी देने के संकेत दिए थे। इसके बाद एनएचएआई में इस प्रोजेक्ट की फाइलें फिर से खंगाली जा रही हैं। एक अधिकारी ने बताया कि परियोजना को इस साल के आम बजट में ही धन आवंटन होना है। ऐसे में समिति से भूमि अधिग्रहण की मंजूरी मिलने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। हाईवे पर चार बड़े, छह छोटे पुल बनेंगे।

साथ ही चार फ्लाईओवर और एक रेलवे ओवरब्रिज होगा। कुल 21 अंडरपास बनाए जाने हैं। फिलहाल तो प्रोजेक्ट 37 सौ करोड़ रुपये का है लेकिन समय के साथ लागत भी बढ़ेगी, क्योंकि हर जिले में अब भूमि का सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी है।

- **रमईपुर से कबरई तक बनाया जाना है समानांतर हाईवे**
- **समिति ने प्राथमिक मंजूरी पिछले साल दे दी थी**



**112** किलोमीटर लंबा समानांतर हाईवे होगा

**37** सौ करोड़ रुपये लागत है प्रोजेक्ट की

> परियोजना जल्द ही मंजूर हो जाएगी। इस संबंध में परिवहन मंत्री से बात हुई थी उन्होंने इसके लिए सकारात्मक संकेत दिए हैं।
>
> –देवेंद्र सिंह भोले, सांसद

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत परिवार वालों ने बुलाई पुलिस

## साढ़ थाना क्षेत्र के चिरला गांव की घटना, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

**संवाददाता, घाटमपुर**

**अमृत विचारः** साढ़ थाना क्षेत्र के चिरला गांव में युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर पड़ा मिला। परिवार वालों ने सूचना देकर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल की। फिलहाल मौत की वजह साफ नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मौत से परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



राजा सिंह।



चिरला गांव में घर के बाहर लगी महिलाओं की भीड़।। अमृत विचार

साढ़ थाना क्षेत्र के चिरला गांव निवासी नागेंद्र सिंह ने बताया कि उनका 26 वर्षीय राजा सिंह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। शुक्रवार देर रात घर के अंदर आंगन में उनके बेटे का शव संदिध हालात में शव पड़ा मिला। उन्होंने मामले की सूचना साढ़ पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी जुटाने के साथ फोरेंसिक टीम को जांच-पड़ताल के लिए बुलाया।

पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच-पड़ताल करने के बाद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। घटना की जांच-पड़ताल की जा रही हैं।

**मामला संदिग्ध**

- घर के अंदर ही आंगन में पड़ा मिला युवक का शव
- पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही पुलिस

### नाक और चेहरे पर मिले चोट के निशान

घटना की सूचना मिलने पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने बारीकी से छानबीन की। छानबीन के दौरान फोरेंसिक टीम को युवक के चेहरे और नाक में चोट के निशान मिले हैं। इसके अलावा युवक के शव के पास फोरेंसिक टीम को कुछ नही मिला। फोरेंसिक टीम चोटों के सिलसिले में अपनी जांच रिपोर्ट तैयार करेगी।

### साढ़ थाने में चोरी और मारपीट का मुकदमा

साढ़ थाने की पुलिस के मुताबिक जांच-पड़ताल के दौरान पता चला है कि युवक के खिलाफ साढ़ थाने में दो चोरी और एक मारपीट का मुकदमा दर्ज है। पुलिस इन मुकदमों की भी छानबीन करने में जुट गई है।

# करंट की चपेट में आने से युवक मरा

**चौबेपुर।** क्षेत्र के रुदापुर इटरा गांव में शनिवार सुबह सबमर्सिबल पंप ठीक करने के दौरान करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई।

रुदापुर इटरा का राजेश (46) किसानी के साथ इलेक्ट्रिशियन था। शनिवार सुबह वह गांव के ही रामनारायण उर्फ पुजारी के घर सबमर्सिबल पंप ठीक करने गया था। मरम्मत के दौरान पंप में करंट उतरने से वह करंट की चपेट में आ गया। लोग जब तक कुछ बचाव का प्रयास करते, उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के भाई उमेश ने पुलिस को बताया कि राजेश बटाई पर खेती बाड़ी करने के साथ समय समय पर इलेक्ट्रिशियन का काम भी कर लेता था।जानकारी दी कि परिवार में पत्नी सुनैना के अलावा दो बेटे शिशु(6) आदर्श( 4) हैं। भाई की मौत से परिवार के समक्ष भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। घटना से परिवारीजनों का रो- रोकर हाल-बेहाल है।

# नाबालिग पुत्र पर गैर इरादतन हत्या का केस

**संवाददाता, बिल्हौर**

- अंतिम संस्कार रोक पुलिस ने शव का कराया था पोस्टमार्टम

**अमृत विचारः** ककवन थाना क्षेत्र के कुरेह गांव में संदिग्ध हालात में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत होने और फिर पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार करने के प्रयास के मामले में नया मोड़ आ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट से मौत की बात सामने आने पर पुलिस ने शुक्रवार देर रात मृतक के ही नाबालिग पुत्र के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

ककवन क्षेत्र के कुरेह गांव के बाहर गुरुवार को संतोष कुमार (50) अपनी पत्नी की पिटाई कर रहा था। मां को बचाने में संतोष के नाबालिग बेटे ने अपने मामा के साथ मिलकर पिता के साथ मारपीट की थी। इसके बाद बेटा अपनी मां को लेकर अस्पताल चला गया था। इधर, गांव वालों ने संतोष को घर पहुंचा दिया था। घर पहुंचने के बाद संतोष ने शराब पी। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और देर रात उसकी मौत हो गई थी।

शुक्रवार को परिवार वाले पुलिस को सूचना दिए बिना शव का अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पहुंच गए, लेकिन डायल 112 पर सूचना के आधार पर पुलिस घाट पहुंच गई और अंतिम संस्कार रोककर शव को कब्जे में ले लिया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया तो उसमें चोट की वजह से मौत होना बताया गया। इसके बाद शुक्रवार की देर रात ही पुलिस ने संतोष के चाचा मनीराम की तहरीर पर नाबालिग बेटे के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

# बेटे को सुलाकर महिला ने गले में फंदा डाल दी जान

**संवाददाता, बिधनू**

**खुदकुशी**

- दीनदयालपुरम क्षेत्र की केडीए कॉलोनी की घटना
- रात में छत पर सो रहे थे परिवार के बाकी सदस्य
- भाई ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**अमृत विचारः** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के दीनदयालपुर केडीए कालोनी में शनिवार सुबह महिला ने पंखे के कुंडे के सहारे दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पति समेत पूरा परिवार छत पर सो रहा था। नीचे उतरे पति ने खिड़की से देखा तो पत्नी का शव फंदे पर लटक रहा था। परिवार वाले रोशनदान से डंडे के सहारे दरवाजे की कुंडी खोलकर अंदर गए और शव नीचे उतारा। पुलिस ने फारेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। भाई ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के दीनदयालपुर केडीए कालोनी के रहने वाले आरके शुक्ला के पेंटर बेटे हरिओम का विवाह वर्ष 2022 में महाराजपुर थाना क्षेत्र के धमना गांव की रहने वाली 22 वर्षीया दीक्षा के साथ हुआ था। शुक्रवार रात पूरा परिवार खाना खाने के बाद छत पर सो रहा था। दीक्षा भी बच्चे को लेकर छत पर ही लेटी थी।

शनिवार की तड़के दीक्षा अपने आठ माह के बेटे को लेकर नीचे आ गई। इसके बाद दीक्षा ने बेटे को बेड पर सुला दिया और फिर दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। पति के मुताबिक उस समय घर के सभी लोग सो रहे थे और दीक्षा के इस कदम से अनजान थे।

जब पति हरिओम की नींद खुली तो वह नीचे आया और उसने कमरे का दरवाजा खटकाया तो कोई उत्तर नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने खिड़की से झांककर देखा तो दीक्षा का शव फंदे पर लटक रहा था। इसके बाद उसने रोशनदान से डंडा डालकर दरवाजे की कुंडी खोली और परिवार वालों की मदद से फंदा काटकर शव नीचे उतारा। पुलिस ने फारेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। मौके पर पहुंचे भाई सौरभ ने सास सुनीता समेत ससुरालीजनों पर दहेज के लिए बहन को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# नांद का चारा खाने पर पड़ोसी ने मवेशी को मार डाला

**चौबेपुर।** क्षेत्र के ततारपुर गांव में शनिवार सुबह नाद में चारा खाने को लेकर पड़ोसी ने मवेशी को जमकर पीटा। मारपीट से मवेशी की मौत हो गई। पशुपालक ने मामले की शिकायत थाना पुलिस में की है। पुलिस ने जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किये जाने की बात कही है।

क्षेत्र के ततारपुर गांव निवासी पूसा पत्नी अमर सिंह ने पुलिस को दिये शिकायत पत्र में बताया है कि शनिवार सुबह उसका मवेशी खूंटे से रस्सी तोड़कर पड़ोस के गंगाराम के पशुओं की नाद में चारा खा रहा था। तभी गंगाराम व उसके पुत्रों अंकित व अनिल ने मवेशी को लाठी डंडों से इतना मारा ,कि मवेशी की मौत हो गई।प्रभारी थानाध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पैर पर चढ़ा ई रिक्शा का पहिया, मारपीट

**संवाददाता, बिधनू**

- शादी समारोह से लौट रहे थे दंपती, रिक्शा चालक भागा
- ई रिक्शा चालक पर लूट का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचारः** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के न्यू आजाद नगर चौकी क्षेत्र में शुक्रवार रात शादी समारोह से लौट रहे दंपती के पैर पर ई-रिक्शा का पहिया चढ़ गया। इस पर चालक और दंपती के बीच मारपीट हो गई। घटना के बाद चालक ई रिक्शा लेकर मौके से भाग निकला। दंपती ने ई-रिक्शा चालक पर लूट का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी है।

न्यू आजाद नगर करमपुर निवासी रघुवीर नागर शुक्रवार को पत्नी गौरी के साथ नौबस्ता स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित शादी समारोह में गए हुए थे। देर रात दोनों घर लौट रहे थे। सैनिक चौराहे के पास ऑटो से उतरने के बाद पैदल घर की ओर जा रहे थे, तभी सवारियां समझकर पीछे से आए चालक ने ई रिक्शा उनके बगल में खड़ा कर दिया। इसी दौरान गौरी का पैर ई रिक्शा के पहिये के नीचे दब गया।

पैर दबने पर दंपती का चालक से विवाद हो गया। दंपती और चालक के बीच मारपीट हो गई। भीड़ के एकत्र होने पर चालक ई रिक्शा लेकर मौके से भाग निकला। दंपती ने ई रिक्शा चालक पर चेन लूट का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जांच में घटना मारपीट की निकली है। ई-रिक्शा चालक की तलाश की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप



बिल्हौर पहुंचे मिश्रिख सांसद का जोरदार स्वागत किया गया। अमृत विचार

### जीत के बाद पहली बार पहुंचे मिश्रिख सांसद का स्वागत

**बिल्हौर।** चौथी बार सांसद बने अशोक रावत के पहली बार बिल्हौर विधानसभा पहुंचने पर पार्टी के तमाम कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। लखनऊ से आए सांसद अशोक रावत का लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे पर उतरते ही स्वागत किया गया जिसमें विधानसभा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता शामिल है इसके बाद अरौल से बकोठी के निजी पेट्रोल पंप पर भी अशोक रावत का स्वागत किया गया जगह-जगह बिल्हौर कस्बे में कई जगहों पर स्वागत किया गया सर्राफा बाजार में व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष विनीत कुमार गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर सांसद अशोक रावत का माला पहनकर स्वागत किया इसी तरह बिल्हौर कस्बे के कई स्थान पर स्वागत किया गया उतरी कस्बे में भी स्वागत हुआ जबकि उत्तरी पूरा के निजी गेस्ट हाउस में कार्यकर्ता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा भी शामिल है इसके अतिरिक्त तमाम मंडल के कार्यकर्ताओं को मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने पुष्प वर्षा करते हुए उनका अभिनंदन किया लोकसभा चुनाव के दौरान कार्यकर्ताओं के मेहनत का ही नतीजा रहा कि अशोक रावत लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने में सफल है और कल चौथी बार सांसद बने कार्यक्रम में मुख्य रूप से रविवार पर रवि बाजपेई ,जेपी कटियार, राजेश शुक्ला,अंकुश सिंह,मोनू सिंह तोमर,शिवांश चंदेल,राजू स्वर्णकार ,मुन्ना सिंह,विक्रम मिश्रा ,सुशांक मिश्रा ,विजय सिंह तोमर ,शोभित दीक्षित, बब्लू अग्निहोत्री, शुभ्रांशु कटियार, गुड्डु सिंह चंदेल मौजूद रहे।

### रामलीला और भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन

**बिठूर।** मंधना में वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अवस्थी की ओर से आयोजित वार्षिकोत्सव में रामलीला का आयोजन हुआ, जिसमें नामचीन कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर लोगों का दिल जीत लिया। रामलीला में मिश्रिख सांसद अशोक रावत, कानपुर की मेयर प्रमिला पाण्डेय के साथ भाजपा के कई नेता और पदाधिकारी कार्यक्रम में पहुंचे। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता दिनेश अवस्थी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से रामलीला को वार्षिकोत्स्व के रूप में मनाया जाता है। रामलीला देखने के लिए पहुंचे ग्रामीणों ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

### किशोरी को अगवा करने वाला आरोपी पकड़ा गया

**बिठूर।** डीसीपी पश्चिम के निर्देश पर बिठूर थाने में गुरुवार को किशोरी को अगवा कर ले जाने का अभियोग पंजीकृत हुआ था। इसके बाद से पुलिस आरोपी युवक गिरफ्तारी कर लड़की की बरामदगी के प्रयास में जुटी हुई थी। शुक्रवार की शाम बिठूर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह व मंधना चौकी प्रभारी अमित मलिक ने जानकारी मिलने पर ब्लू वर्ल्ड तिराहे के पास घेराबंदी कर आरोपी शकील पुत्र खलील को गिरफ्तार कर लिया। युवक के कब्जे से किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया और युवक को जेल भेज दिया गया।

# 10 साल से फरार रेप का आरोपी धरा गया

**संवाददाता, बिधनू**

- फतेहपुर जिले के नंदापुर गांव का रहने वाला है आरोपी
- आरोपी के खिलाफ अदालत ने जारी किया था वारंट

**अमृत विचारः** अपहरण कर दुष्कर्म के मामले में 10 साल से फरार आरोपी युवक को बिधनू पुलिस ने फतेहपुर से गिरफ्तार किया है। अदालत से जमानत मिलने के बाद से वह फरार चल रहा था, जिस पर अदालत ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। पुलिस ने उसके गांव में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।

बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अक्टूबर 2013 में क्षेत्र के एक किसान की 15 वर्षीय बेटी को फतेहपुर जनपद के खजुहा चौकी क्षेत्र के नंदापुर गांव निवासी शिवसेवक उर्फ शिवा अगवा कर ले गया था। आरोपी ने किशोरी के साथ कई दिनों तक दुष्कर्म किया था। तब पुलिस ने दबिश देकर किशोरी को बरामद कर लिया था और आरोपित को जेल भेज दिया था। करीब चार माह बाद आरोपित अदालत से जमानत मंजूर होने पर बाहर आ गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत से जमानत मिलने के बाद से आरोपित शिवा फरार चल रहा था। न्यायालय के कई बार बुलाने पर भी वह हाजिर नहीं हुआ। करीब 10 साल से फरार दुष्कर्म के आरोपित के खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी कर दिया था। मुखबिर और सर्विलांस टीम की मदद से शनिवार तड़के थाने के दरोगा नितिन सिंह ने फतेहपुर जिले के नंदापुर गांव स्थित उसके घर पर दबिश देकर आरोपी शिवा को गिरफ्तार कर लिया।

# झारखंडेश्वर धाम मंदिर से घंटा चोरी

**साढ़।** थाना क्षेत्र के कुदौली गांव स्थित झारखंडेश्वर धाम मंदिर से शुक्रवार रात चोरों ने मंदिर में लगे घंटे पार कर दिए। गांव के लोग जब सुबह पूजा-अर्चना करने मंदिर पहुंचे तो मंदिर से घंटे गायब थे।

भीतरगांव विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंदौली में स्थित सिद्ध पीठ झारखंडेश्वर धाम मंदिर में रात में चोरों ने धावा बोलकर पीतल के घंटे पार कर दिए। गांव के भक्त सुबह मंदिर में पूजा अर्चना करने पहुंचे तो मंदिर गेट का ताला टूटा पड़ा था और मंदिर में लगे घंटे चोरी हो गए। ग्रामीणों ने मंदिर में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी गई। देर शाम पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि घंटा चोरी की सूचना मिलने पर छानबीन की गई है। फिलहाल चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा है। पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है। उम्मीद है कि जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# महिला निकली बाहर, घर में चोरी

**संवाददाता, शिवराजपुर**

**वारदात**

- मोहाई बगिया में दिनदहाड़े चोरों ने वारदात को दिया अंजाम
- महिला टीका के लिए आशाबहू से बात करने के लिए निकली थी

**अमृत विचारः** शनिवार को क्षेत्र के गांव मोहाई बगिया में चोरो ने दिनदहाड़े चोरी की घटना को उस समय अंजाम दिया, जब गृहस्वामी साबुन की फैक्ट्री में चौबेपुर ड्यूटी गया था और बच्चे स्कूल गए थे। उसकी पत्नी पड़ोस में टीका लगाने आई आशाबहू से बात करने चली गई थी। चोर लाखों रुपये के जेवर व 10 हजार की नकदी ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है ।

मोहाई बगिया गांव के रहने वाले संजय गौतम ने थाने में दी गई तहरीर में पुलिस को बताया कि शनिवार दोपहर मकान में सन्नाटा देखकर घर के पीछे की दीवार से चढ़े चोर घर के अंदर दाखिल हुए और फिर तीन कमरों के ताले तोड़कर उनमें रखे तीनों बक्सों के ताले तोड़े। इस दौरान घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था।चोर बक्शों के ताले तोड़कर उनमें रखे झुमकी वाली सोने की चेन व चांदी की हाफ पेटी, तोड़िया और 10 हजार की नकदी समेत कई लाख का माल उठा ले गए। परिवार के लोग जब घर पहुंचे, तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि चोरी की तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई होगी।



मोहाई बगिया के घर में चोरी के बाद खुला पड़ा बक्शा। अमृत विचार

**समाधान दिवस** शिकायत आने पर खुद ही निस्तारण करने पहुंचीं, दो पक्षों के बीच काफी समय से चल रहा था जमीन का विवाद

# बरसते पानी में रौतापुर पहुंचीं एसडीएम, हल कराया पुराना विवाद

**संवाददाता, चौबेपुर**

**अमृत विचार ।** शनिवार को समाधान दिवस पर राजस्व व पुलिस संबंधी पांच शिकायतें आईं। समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित राजस्व कर्मियों व पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया। यहां मौजूद एसडीएम व एसीपी ने दो गांवों में स्वयं जाकर अपने समक्ष समस्याओं का निस्तारण कराया।

समाधान दिवस में राजस्व संबंधी चार व पुलिस संबंधी एक शिकायत आई। एसडीम रश्मि लांबा व एसीपी अजय त्रिवेदी ने शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व कर्मियों व पुलिस टीम को मौके के लिए रवाना कराया। रौतापर के राजाराम मिश्रा व जनार्दन सविता के बीच जमीनी विवाद काफी लंबे समय से चल रहा था। निस्तारण के लिए एसडीएम रश्मि लाम्बा व एसीपी अजय त्रिवेदी स्वयं मौके पर गए और राजस्व कर्मियों से नापजोख कराकर समाधान कराया। एसडीएम व एसीपी ने जादेपुर गांव में निर्माणाधीन मकान को लेकर उपजे विवाद का समाधान कराया। यहां नायब तहसीलदार दिव्या भारती, प्रभारी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।



बारिश के बीच जमीन का विवाद हल करने रौतापुर पहुंचीं एसडीएम। अमृत विचार





घाटमपुर थाने में शिकायतें सुनते एसीपी रंजीत कुमार सिंह। अमृत विचार

### बिल्हौर तहसील क्षेत्र के थानों में सुनी गईं शिकायतें, कम ही आए फरियादी

बिल्हौर। माह के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर अधिकारियों ने शिकायतें सुनीं। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा ने बिल्हौर कोतवाली में शिकायतें सुनीं। सात शिकायतें में तीन का निस्तारण भी कराया, जबकि चार शिकायतों के लिए टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिए। यहां थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी के साथ राजस्व टीम मौजूद रही। ककवन थाने में थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह व नायब तहसीलदार सीपी राजपूत, राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार ने शिकायतों को सुना। पांच शिकायतों में सभी राजस्व विभाग से संबंधित थी। लेखपालों को भेजकर निस्तारण के दिशा निर्देश दिए गए। अरौल थाने में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार पाल के साथ राजस्व कर्मियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

### घाटमपुर में सबसे ज्यादा राजस्व की शिकायतें

**घाटमपुर।** समाधान दिवस में एसडीएम व एसीपी ने शिकायतें सुनी। एसडीम यादुवेंद्र सिंह व एसीपी रंजीत कुमार सिंह, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कई शिकायतों का निस्तारण कराया। शेष शिकायतों को संबंधित उपनिरीक्षकों को सौंप कर जांच के लिए कहा गया है। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की शिकायत अधिक आईं। रेउना थाने में नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। राजस्व संबंधी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई को के आदेश दिये है। सजेती थाना समाधान दिवस में थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर निस्तारण भी कराया गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# गाय को लेकर विवाद, दो पक्षों के बीच संघर्ष

## सट्टी थाना क्षेत्र के जगांगीरपुर गांव की घटना, ग्राम प्रधान और पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत 12 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जहांगीरपुर गांव में रास्ते में गाय बांधने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर झगड़ा हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाइसेंसी रायफल की बट से हमला कर दिया, जिसमे एक युवक घायल हो गया। एएसपी ने मौके पर छानबीन की। पुलिस ने ग्राम प्रधान, पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत दोनों पक्षों के नौ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ गालीगलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया है।

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव के शोएब अहमद ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह स्कूटी से शाहजहांपुर जा रहा था। गांव के किनारे कब्रिस्तान के समीप ग्राम प्रधान किशन सिंह की रास्ते में गाय बंधी थी। उसने रास्ते में गाय बांधने का विरोध किया तो ग्राम प्रधान किशन सिंह, उसके चाचा पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह व सागर सिंह ने अपने तीन साथियों के साथ घर में घुसकर हमला कर दिया।


युवक को रायफल की बट से पीटते पूर्व ब्लाक प्रमुख की तस्वीर सामने आई।

आरोप है कि पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह ने गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए लाइसेंसी रायफल की बट से हमला कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के ग्राम प्रधान किशन सिंह ने बताया कि उसके चाचा लाखन सिंह की गाय कब्रिस्तान के समीप चर रही थी, तभी गांव के सिराज, रियाज, फराज, शोएब, हैदर अली व सैफ ने एक राय होकर गाय पर डंडे व पत्थर से हमला कर दिया। विरोध करने पर गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और भाग गए।


घटनास्थल का निरीक्षण करते एएसपी राजेश पांडेय। अमृत विचार

वहीं पूर्व ब्लाक प्रमुख का रायफल लेकर मारपीट का वीडियो वायरल होने पर शनिवार को एएसपी राजेश कुमार पांडेय ने फोर्स के साथ गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं। सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से नौ नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घायल शोएब को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। एक पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- पूर्व ब्लाक प्रमुख पर रायफल की बट से पीटने का आरोप
- पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

### पूर्व ब्लाक प्रमुख के विरुद्ध 20 मुकदमे

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख लाखन सिंह यादव का विवादों से पुराना नाता है। जनपद ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों में भी पूर्व प्रमुख के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2016 में सपा सरकार में लाखन सिंह यादव राजपुर ब्लाक से निर्विरोध प्रमुख बने थे। पुलिस के मुताबिक लाखन सिंह पर जिले के सट्टी, भोगनीपुर समेत कानपुर नगर व झांसी में भी हत्या जैसे विभिन्न धाराओं में 20 अपराधिक मामले दर्ज हैं।

# युवक ने संदिग्ध हालात में खुद मारी गोली, मौत

संवाददाता, पुखरायां

- परिवार वालों ने पुलिस को नहीं दी कोई सूचना

**अमृत विचार।** भोगनीपुर थाना क्षेत्र के श्याम सुंदरपुर गांव में एक युवक ने संदिग्ध हालात में गोली मार ली। परिजन उसे सीएचसी ले गए, वहां से जिला अस्पताल भेजा गया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों की ओर से पुलिस को नहीं दी गई है।

भोगनीपुर क्षेत्र के श्यामसुंदरपुर गांव निवासी नीरज (35) पुत्र श्री किशन ने शुक्रवार की शाम संदिग्ध हालात में गोली मार ली। परिजनों ने उसे पुखरायां सीएचसी में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में भी हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर के हैलट भेजा गया, लेकिन परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने बताया कि गोली लगने से घायल युवक को परिजन प्राइवेट अस्पताल में ले गए थे, जहां उसकी मौत होने की जानकारी मिली है। परिजनों ने पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी। कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कहा कि घटना की जानकारी नहीं है।

### पैर फिसलने से तालाब में डूबकर महिला की मौत

**पुखरायां।** बरौर क्षेत्र के टुटईचांदपुर निवासी अखिलेश कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी अलका (35) अपनी पुत्री सृष्टि को गांव के तालाब किनारे शौच कराने गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह तालाब में डूब गई। पड़ोसियों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, लेकिन जब तक अलका की मौत हो गई। बरौर थाने के एसआई सुरजीत कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## एक नजर

### भाइयों में विवाद, एक-दूसरे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**मूसानगर।** कस्बे के एक ही परिवार के भाईयों में आपसी विवाद होने के चलते एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि वार्ड नंबर बारह विकास नगर निवासी सफीक अली ने थाने में तहरीर देकर अनवर उर्फ कल्लू व जावेद के खिलाफ बेवजह गालीगलौज व जान से मार देने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं दूसरे पक्ष के जावेद अली ने सफीक अली, नियाजुल हसन उर्फ बब्लू, लिफाकत हुसैन, अंसार, फैयाज के खिलाफ भी गालीगलौज व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई शुरू की है।

### जहरीला कीड़ा काटने से युवती की हालत गंभीर

**पुखरायां।** जहरीला कीड़ा काटने से युवती की हालत बिगड़ गई। सुनरापुर गांव की प्रिंशी पाल (20) शनिवार को अपने घर में साफ-सफाई कर रही थी। उसी दौरान जहरीले कीड़े के काटने पर हालत बिगड़ने पर परिजनों सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**पुखरायां।** दुर्घटना में युवक घायल हो गया। कथरी गांव के प्रांशू ने बताया कि उसका दोस्त अंकित (28) को गांव के बाहर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल होने पर राहगीर उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### संदिग्ध हालत में अधेड़ की मौत, छानबीन शुरू

**पुखरायां।** अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। देवराहट थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव निवासी कुंदन (60) शनिवार की शाम को खेत पर गया हुआ था। जब वापस घर आया तो अचानक गिर गया और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू की है।

### मंगलपुर इंस्पेक्टर निलंबित 6 निरीक्षकों में फेरबदल

**कानपुर देहात।** कार्यों में लापरवाही पर एसपी ने मंगलपुर इंस्पेक्टर को निलंबित कर दिया। छह निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। मंगलपुर थाने में दर्ज कई मामलों की अनदेखी पर प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह को एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने निलंबित कर दिया है। इसके अलावा रूरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह को रसूलाबाद थाना प्रभारी, रसूलाबाद थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी को रूरा थाना प्रभारी, वाचक पुलिस अधीक्षक कृष्णानंद राय को कोतवाल शिवली, कोतवाल शिवली संजय कुमार गुप्ता को थाना प्रभारी मंगलपुर, प्रभारी चुनाव सेल लालजी सिंह को वाचक पुलिस अधीक्षक व प्रभारी वीआईपी सेल शैलेंद्र कुमार मिश्र को अतिरिक्त चुनाव सेल किया।

### युवती से मारपीट में रिपोर्ट

**रूरा।** युवती ने मारपीट व धमकी का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बेनीगांव निवासी मोनिका गौतम ने पुलिस को बताया कि बीती 8 जुलाई को पड़ोस के रहने वाले अमीन ने फोन पर संदेश भेजकर गाली दी। जब वह शिकायत करने उसके घर गई तो अमीन सोनू रुकसाना रुबीना हबीब शबनम व सबीना ने अपशब्द कहते हुए एक राय होकर उसके साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गई। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्जकर छानबीन की जा रही है।

# शिकायतों का समयबद्ध करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** थाना समाधान दिवस पर डीआईजी ने भोगनीपुर कोतवाली व डीएम-एसपी ने रनियां थाने में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए। इसी तरह अन्य थानों में भी शिकायतें सुनी गईं।

शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज जोगेंद्र कुमार ने थाना समाधान दिवस पर कोतवाली भोगनीपुर में जन सुनवाई करते हुए आए फरियादियों को बारी-बारी से सुना। उन्होंने पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए समस्याओं का विधिक व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी तरह रनियां थाने में जिलाधिकारी आलोक सिंह व पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने लोगों की शिकायतें सुनकर नियमानुसार निस्तारण के निदेश दिए।

मूसानगर थाने पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय ने जनसुनवाई के बाद निरीक्षण किया। फत्तेपुर निवासी रामरानी ने शिकायती पत्र देकर बताया कि कुछ वर्ष पूर्व कृपालपुर गांव के पास जमीन खरीदी थी। जिसमें जमीन के सह खाता धारकों कब्जा नहीं करने दे रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक ने राजस्व टीम जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि जहां भी ऐसा लगे कि पुलिस की जरूरत है। वहां तत्काल प्रभाव से पुलिस लेकर जमीनी विवादों को खत्म करें।

सुनवाई के बाद एएसपी ने थाना परिसर में पौधरोपण किया। थाना समाधान दिवस में जमीनी विवाद को लेकर पांच शिकायतें आईं। जिसमें से एक शिकायत का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक अखिलेश कुमार, लेखपाल प्रवीन शुक्ला, राघवेंद्र सिंह, रामराज, शिवम निगम, ब्रम्ह कुमार, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।



रनियां थाने में शिकायत सुनते डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति।

# अब राजकीय स्कूलों में भी बॉयोमैट्रिक हाजिरी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- बॉयोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली शुरू करने के निर्देश

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार ने सूबे की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कमर कस ली है। स्कूलों में शिक्षकों की लेट लतीफी और गैर हाजिरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सरकार ने अब राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली शुरू करने के आदेश दिए हैं। राजकीय माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों व कर्मचारियों ने अगर अब बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं की तो उनका वेतन कटेगा।

माध्यमिक स्कूलों में अभी तक यह व्यवस्था लागू होने के बावजूद मनमाने ढंग से हाजिरी दर्ज की जा रही थी। उनका वेतन भी नहीं काटा जा रहा था, लेकिन अब सख्ती की जाएगी। उनका वेतन बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही बनाया जाएगा। परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के ऑनलाइन उपस्थिति के बहिष्कार के बीच अब माध्यमिक स्कूलों में सख्ती शुरू कर दी गई है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव की ओर से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह शिक्षकों व कर्मचारियों का वेतन अब बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही बनाएं। प्रधानाचार्य हर महीने बायोमैट्रिक उपस्थिति का ब्योरा डीआईओएस कार्यालय भेजेंगे और उसी आधार पर वेतन बनेगा। अुपस्थिति का वेतन काट दिया जाएगा। 18 अगस्त वर्ष 2022 को यह व्यवस्था राजकीय माध्यमिक स्कूलों में लागू की गई थी, लेकिन शिक्षक व कर्मचारी इस आदेश का मनमाने ढंग से पालन कर रहे हैं।

## सार-संक्षेप


ताजिया रूट का निरीक्षण करतीं एसडीएम, सीओ, ईओ व पूर्व चेयरमैन।

### जूलूस में मनमानी पर वीडियोग्राफी से होगी पहचान

**मंगलपुर।** मोहर्रम को लेकर एसडीएम व सीओ ने नगर पालिका परिषद झींझक में ताजिया जुलूस निकाले जाने वाले रूट का निरीक्षण किया। इस दौरान मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। शनिवार को कस्बा झींझक में एसडीएम डेरापुर भूमिका व सीओ शिव ठाकुर मोहर्रम को लेकर शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए जुलूस के रूट निरीक्षण करते हुए बड़ा व छोटा चौराहा होते हुए जामा मस्जिद पहुंचे। जहां उन्होंने मोहर्रम कमेटी के लोगों को आवश्यक निर्देश दिया। एसडीएम ने कहा कि जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था को दुरुस्त रखने एवं सभी जगह वीडियोग्राफी कराने को कहा। सीओ ने कहा कि जुलूस में सभी एंगल से वीडियोग्राफी होनी चाहिए। ताकि कोई भी असामाजिक तत्व अपने मंसूबे में सफल न हो। जुलूस के दौरान गाइडलाइन की अनदेखी करने पर वीडियोग्राफी के माध्यम से पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नगर पालिका ईओ जेपी मौर्य, पूर्व चेयरमैन संतोष तिवारी, इंस्पेक्टर क्राइम रजनीश कुमार, चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### शिवली की जया ने शंघाई में पेश की रिसर्च रिपोर्ट

**शिवली।** कस्बे की रहने वाली जया अग्निहोत्री आईआईटी दिल्ली से गणित विषय में न्यूमेरिकल मैथड फॉर हाइपरबोलिक कंजरवेशन लॉ में पीएचडी की फाइनल की पढ़ाई कर रही हैं। जया ने चीन के शंघाई स्थित जिओ टोंग यूनिवर्सिटी में अप्लाइड मैथमेटिक्स पर आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस हॉइप 2024 में प्रतिभाग किया है। शंघाई की जिओ टोंग यूनिवर्सिटी में एक जुलाई से लेकर पांच जुलाई तक इंटरनेशनल कॉफ्रेंस आयोजित किया गया। जया ने हाइपरबोलिक पार्सियल डिफरेंसेस इक्वेशन पर रिसर्च पेपर के माध्यम से विश्व के चुनिंदा प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं के सामने रखा। उन्होंने दिल्ली आईआईटी के प्रोफेसर हरीश कुमार को देखरेख में यह रिसर्च पेपर तैयार किया है। जिसमें गणित में आने वाली समस्याओं पर खोज और समाधान प्रस्तुत किया गया है। पिता योगेश अग्निहोत्री ने बताया कि जया शुरू से पढ़ाई में मेधावी रही है।


शंघाई यूनिसर्विटी में आयोजित कांफ्रेंस में प्रतिभाग करती शिवली कस्बे की जया।

### खुद ही अनजान तो कैसे खिलाड़ी बनाएंगे शिक्षक

**कानपुर देहात।** शासन से माध्यमिक स्कूलों में नए शिक्षा सत्र से स्कूल फॉर स्पोर्टस अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत सूची में नौ खेलों को शामिल करके अनिवार्य बनाया गया है। कुछ खेल तो ऐसे हैं, जिनका नाम विद्यार्थियों और खेल शिक्षकों ने कभी सुना नहीं। ऐसे में जब गुरुजी को ही इनका ज्ञान नहीं है तो वे कैसे विद्यार्थियों को महान खिलाड़ी बना सकेंगे। जिले में करीब 325 राजकीय, शासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों में खेलों के नाम पर स्थिति काफी खराब है। अधिकांश स्कूलों में व्यामान शिक्षक तैनात नहीं है। विभाग के माध्यम से जब खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होती हैं तो उनमें गिने चुने खेल ही कराए जाते हैं। इस बार जो नए खेल शामिल किए गए हैं। उनमें गतका, कलारीपयट्टू, थांगता को शामिल किया गया है। यह खेल 37वें राष्ट्रीय खेलों में भी शामिल किए गए हैं। शासन की मंशा विद्यार्थियों में आत्मरक्षा की भावना विकसित करने के साथ ही इनके खिलाड़ी तैयार करना है। विद्यालयों में जो व्यायाम शिक्षक तैनात हैं। उनको गतका, कलारीपयट्टू, थांगता खेल के बारे में जानकारी ही नहीं है।

### विरोध से एक फीसदी भी नहीं ऑनलाइन हाजिरी

**कानपुर देहात।** तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी लगाने को तैयार नहीं हैं। शनिवार को जिले में अधिकारियों के सक्रिय होने के बावजूद एक फीसदी हाजिरी भी ऑनलाइन नहीं लग सकी। शिक्षकों के गतिरोध के चलते स्कूल शिक्षा महानिदेशालय बैकफुट पर आता दिख रहा है। महानिदेशालय ने बयान जारी कर कहा है कि जिन स्कूलों में ऑनलाइन एप के संचालन में तकनीकी दिक्कतें आ रहीं हैं। वहां स्कूल अवधि में किसी भी समय डिजिटाइज रजिस्टर एप का प्रयोग किया जा सकेगा। इस बीच शिक्षकों के विरोध ने शनिवार को नया मोड़ ले लिया है। कई जिलों में शिक्षकों ने शिक्षण कार्य के अलावा अपने अन्य अतिरिक्त प्रभारों से इस्तीफा देना शुरू कर दिया है। वहीं बेसिक शिक्षा विभाग ने शनिवार से जिले स्तर पर अपने अधिकारियों को शिक्षकों को ऑनलाइन एप के प्रयोग के लिए लगाया है, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है।

### अतिक्रमण हटाने पर दुकानदार ने खुद को किया घायल

**पुखरायां।** एसडीएम के आदेश पर अवैध अतिक्रमण हटाने गई राजस्व व पुलिस टीम के सामने दुकानदार ने खुद पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर बड़े महादेवन मंदिर के सामने कार्तिक (18) दुकान लगाकर अतिक्रमण किए हुए था। एसडीएम सर्वेश कुमार के निर्देश पर शनिवार को राजस्व टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया। इसी दौरान दुकानदार कार्तिक ने धारदार हथियार से स्वयं को घायल कर लिया। जिससे राजस्व व पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस आनन-फानन में घायल युवक को सीएचसी ले गई। जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया।

### डींघ गांव में सामान की चोरी, पुलिस मान रही संदिग्ध

**पुखरायां।** डींघ गांव में चोरों ने घर से हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। पुलिस ने घटना को संदिग्ध मानकर जांच शुरू की है। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के डींघ गांव निवासी गुड्डू ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात चोरों उसके घर में घुस गए। इसके बाद कमरे में रखा रसोई गैस सिलिंडर, इन्वर्टर, बैट्रा, इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत हजारों रुपये का माल पार कर ले गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक ने जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि चोरी का मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। फिलहाल छानबीन की जा रही है।

# बड़े भाई से झगड़ने के बाद बहन ने दी जान

संवाददाता, रूरा

- डेरापुर थाना क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग गांव का मामला
- पिता की मौत के बाद अपने बुआ के रहती थी गौरी

**अमृत विचार।** सरगांव बुजुर्ग गांव भाई से झगड़े के बाद बहन ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

डेरापुर थाना क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग के रहने वाले राजन ने पुलिस को बताया कि उसके साले दलेलपुर निवासी रामप्रकाश की मौत के बाद उनकी सोलह वर्षीय पुत्री गौरी उसके साथ रह रही थी। शनिवार की दोपहर गौरी का भाई अमित से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिसके बाद गौरी ने कमरे के अंदर दुपट्टा के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।


गौरी।

मृतका की बुआ रचना ने बताया कि भाई की मौत के बाद भाभी ने दूसरी जगह शादी कर ली थी। जिसके बाद वह अपने तीन बच्चों के साथ गौरी का भी पालन-पोषण कर रही थी। गौरी का बड़ा भाई अमित अपने गांव दलेलपुर में बाबा-दादी के साथ रह रहा था और तीन दिन पहले ही सरगांव बुजुर्ग आया था। दरोगा चैनपाल सोलंकी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# महिलाओं के साथ अपराध में त्वरित कार्रवाई करे पुलिसः डीआईजी

संवाददाता, पुखरायां

**अमृत विचार।** भोगनीपुर में डीआईजी ने थाना समाधान दिवस में पहुंच कर शिकायतकर्ताओं की फरियाद सुनने के बाद कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शनिवार को भोगनीपुर कोतवाली के निरीक्षण के दौरान डीजाईजी जोगेंद्र कुमार ने एफआईआर व ड्यूटी रजिस्टर, शस्त्र गृह, भोजनालय एवं परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। साथ ही महिला संबंधी अपराधों में समयबद्ध कार्रवाई, वांछितों की गिरफ़्तारी, जनता से मृदु व्यवहार व कोतवाली के सभी विवेचकों का अर्दली रूम कर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए त्वरित व न्यायोचित निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि मुहर्रम व कांवड यात्रा के चलते सीओ पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाएं। इस दौरान सीओ संजय सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, आनंद यादव, देवीपुर चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र मलिक, अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार, पुखरायां चौकी इंचार्ज धीरेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


भोगनीपुर कोतवाली में अभिलेख जांचते डीआईजी जोगेंद्र कुमार।

## लापरवाही

**बरसात के पानी में सड़ रहा कूड़ा, संक्रामक बीमारी फैलने का अंदेशा**

# कूड़ा नहीं उठने से मंगलपुर में गंदगी का अंबार

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** कस्बे में सड़क किनारे कूड़े की नियमित उठान न होने के कारण गंदगी का अंबार लगा हुआ है। बरसात के पानी में कचरा सड़ने से उठती दुर्गंध से लोग बेहाल हैं। साथ ही संक्रामक बीमारी फैलने की भी आशंका है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जिले में मच्छर जनित व संचारी बीमारियों के रोकथाम के लिए एक जुलाई से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसमें बीमारियों से बचाव करने के लिए विभिन्न विभागों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य विभाग को जलभराव वाले स्थानों व नालियों में लार्वीसाइड, डीडीटी के छिड़काव व मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के साथ दूषित पानी देने वाले हैंडपंपों को चिह्नित करने, शिक्षा विभाग को बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की जिम्मेदारी दी गई है, लेकिन विकासखंड झींझक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंगलपुर में यह अभियान दम तोड़ता नजर आ रहा है।


मंगलपुर कस्बे में कचरा नहीं उठने से सड़क पर लगा गंदगी का अंबार। अमृत विचार

यहां करीब बीस दिन पूर्व नाले की सफाई हुई थी। जिसमे सफाई के बाद नाले से निकला कूड़ा सड़क किनारे ही लगा दिया गया। बरसात में आधे से ज्यादा कूड़ा नाले में फिर से बह चुका है। ऐसे में अगली बारिश के पहले ही नाला चोक हो जाएगा। जिससे लोगों के घरों में पानी भरेगा।

वहीं सड़क किनारे पड़े कूड़े में बरसात के पानी से सड़न शुरू हो गई है। साथ ही उसे कूड़े से जहरीले कीड़े लोगों के घरों में घुसने की आशंका बनी रहती है। इस बावत मंगलपुर ग्राम प्रधान ने बताया कि नाला किसी ठेकेदार ने साफ कराया है। वहीं झींझक बीडीओ आशुतोष ने बताया कि नाला सिंचाई विभाग के अधीन है। उनके द्वारा ही सफाई कराई गई थी। कूड़ा सूखने के बाद हटाने की बात हुई थी। जल्द ही सिंचाई विभाग को कूड़ा हटाने के लिए अवगत कराया जाएगा

# अवैध कब्जेदार ने प्रधान के घर में चलाए ईंट-पत्थर

संवाददाता, संदलपुर

- मारपीट में ग्राम प्रधान घायल पांच के खिलाफ दी तहरीर
- तहसीलदार ने पैमाइश कर कब्जा हटाने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** अवैध कब्जे की सूचना देने पर शुक्रवार की देर रात कब्जेदार के परिजनों ने प्रधान के घर पर ईंट पत्थर चला दिए। जिससे प्रधान समेत तीन लोग घायल हो गए।

संदलपुर ब्लाक क्षेत्र के फरीदपुर निर्टरा गांव निवासी प्रधान अश्वनी कुमार ने बताया कि उनके गांव निवासी उजागर लाल ग्राम पंचायत की भूमि पर जबरन अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण करा रहे थे। इसकी सूचना तहसीलदार सिकंदरा को दी थी। इसी बात से नाराज़ होकर उजागर लाल के परिजनों ने उनके घर पर ईंट पत्थर चला दिए। जब विरोध किया तो उन्हें, उनके पिता नाथूराम व मां देवी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसकी तहरीर उन्होंने पांच लोगों के विरुद्ध थाना में दी है।


घायल ग्राम प्रधान।

डेरापुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई है। उन्हें डाक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। डाक्टरी रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। सिकंदरा तहसीलदार संतोष कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी है। लेखपाल को मौके पर जाकर पैमाइश कर कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं।



बीआरसी पर सामूहिक इस्तीफा देते सफीपुर के संकुल शिक्षक। अमृत विचार



नवाबगंज बीआरसी पर सामूहिक इस्तीफा देने से पहले नारेबाजी करते संकुल शिक्षक।



इस्तीफा देने से पहले बीईओ कार्यालय पुरवा पर नारेबाजी करते संकुल शिक्षक।

# 800 से अधिक संकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

## लंबित मांगे पूरी कराने को परिषदीय शिक्षक कर रहे हैं डिजिटलाइजेशन का विरोध

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** परिषदीय शिक्षकों ने लंबित मांगों को पूरा न किए जाने तक डिजिटलाइजेशन का विरोध जारी रखा। लगातार दूसरे दिन भी गैर शैक्षणिक कार्य न करने को लेकर कई ब्लाकों के संकुल शिक्षकों ने सामूहिक इस्तीफे देने का क्रम जारी रखा और लगभग 800 शिक्षकों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दिया। वहीं जिले की डिजिटल उपस्थिति शून्य रही।

शिक्षक पिछले शिक्षा सत्र से ही डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराए जाने का विरोध कर रहे हैं। डीजी स्कूल शिक्षा ने बीते आठ जून से टैबलेट के माध्यम से सुबह स्कूल संचालन और शिक्षण कार्य पूर्ण होने पर स्कूल बंद करते समय ऑनलाइन उपस्थिति उपलब्ध कराने के आदेश दिए थे, लेकिन जिले के परिषदीय शिक्षकों ने अब तक एक भी दिन उपस्थिति न दर्ज कराने का दावा कर रहे हैं। यही नहीं वह अधिकारियों पर दूसरी पाली की फर्जी उपस्थिति दिखाने का आरोप भी मढ़ रहे हैं। शुक्रवार को तीन ब्लाक क्षेत्रों के बाद शनिवार को नवाबगंज, मियागंज, सिकंदरपुर सरोसी, सफीपुर, हिलौली, फतेहपुर चौरासी, असोहा, पुरवा, गंजमुरादाबाद व हसनगंज आदि ब्लाक क्षेत्रों के शंकुल शिक्षकों ने क्षेत्र के बीईओ को अपने पद से सामूहिक इस्तीफे सौंपे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय ने दावा किया कि शनिवार को भी जिले की आन लाइन उपस्थिति शून्य रही है। साथ ही आरोप लगाया कि पोर्टल की सेटिंग के माध्यम से अधिकारी दूसरी पाली में नाममात्र की उपस्थिति दर्शा कर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रहे हैं। अलग-अलग ब्लाकों में शंकुल शिक्षकों के सामूहिक इस्तीफे के दौरान ब्लाक इकाइयों के शिक्षकों व पदाधिकारियों में गजेंद्र वर्मा, मदन पांडेय, संजय सिंह, सूर्यकांत यादव, आनंद सिंह, अभिषेक मिश्रा, प्रदीप, विक्रम सिंह, विकास सिंह व सत्य प्रकाश द्विवेदी सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### 75 से 100 शिक्षकों की हर ब्लाक में है संख्या

जानकार बताते हैं कि जिले के हर ब्लाक में करीब 75 से 100 संकुल शिक्षक कार्यरत हैं। जिनमें से शुक्रवार को करीब 200 ने अपना इस्तीफा दिया था। इसके बाद शनिवार को भी यह क्रम जारी रखते हुए करीब 10 ब्लाकों के शिक्षकों ने अपना सामूहिक इस्तीफा सौंपा है।

- जिले में डिजिटल उपस्थिति रही शून्य

### नवाबगंज ब्लाक के शिक्षकों ने छोड़ा व्हाट्सएप ग्रुप

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा. दिनेश शर्मा के ट्वीट पर जिले के परिषदीय शिक्षकों ने विभागीय व्हाट्स एप ग्रुप से लेफ्ट होने की शुरुआत कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष ने एक शिक्षक को विद्यालय में मोबाइल के उपयोग के आरोप में निलंबित किए जाने के विरोध में यह अभियान शुरू कराया है, जिसमें निजी मोबाइल फोन व सिम पर विभागीय आदेश स्वीकार करने से शिक्षकों को प्रेरित किया गया है। उल्लेखनीय है कि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं के मोबाइल नंबर अलग-अलग विभागीय ग्रुपों से जुड़े हैं। बीएसए, बीईओ, सभी डीसी, एआरपी व एसआरजी शिक्षकों को बनाए गए ग्रुप पर संदेश भेजकर आदेशों पर अमल कराते हैं। विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराए जाते समय शिक्षकों द्वारा पहली बार सिम की मांग उठाई गई, जिस पर पिछले दिनों टैबलेट उपयोग के लिए शासन के निर्देश पर बीएसए ने बीईओ के जरिए प्रधान शिक्षकों को सिम उपलब्ध कराए हैं। जिले के शिक्षक व्हाट्सएप ग्रुप सहित निजी संदेशों के माध्यम से संबंधित प्रकरण को लेकर विरोध दर्ज कराते आ रहे थे। उन्होंने कहा कि विभागीय कामकाज के लिए ओटीपी भी शिक्षकों को उनके निजी मोबाइल व सिम के जरिए ही प्राप्त होता है। इसलिए शिक्षकों को मोबाइल पर विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्राप्त होने वाले आदेशों को स्वीकार न किए जाने की अपील की है। प्रांतीय अध्यक्ष का ट्वीट पढ़कर करीब 112 शिक्षक-शिक्षिकाओं व शिक्षामित्रों ने विभागीय व्हाट्स एप ग्रुप (बीईओ) से लेफ्ट किया है।

# दलदल भरे रास्ते पर अब दौड़ेंगे वाहन

प्रभाव

- रोड़ा व राबिश डालकर सड़क को ठीक कराया जायेगा

संवाददाता परियर,उन्नाव

**अमृत विचार।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी क्षेत्र का परियर-बिठूर मार्ग गंगातट तक बेहद खराब है। इस रास्ते में भीषण दलदल होने से इस पर चलना तक दूभर था।

क्षेत्रवासियों की इस प्रमुख समस्या से संबंधित खबर अमृत विचार ने बीते मंगलवार के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसके दूसरे ही दिन बुधवार को लोक निर्माण विभाग के अफसरों की नींद टूटी और एक्सईएन हरदयाल अहिरवार ने एई शानू रहमान को भेजकर मौके का निरीक्षण कराया था। इसके बाद शनिवार को विभाग द्वारा इस रास्ते को दुरुस्त कराने का काम शुरू कर दिया है। जिससे आशु, गुड्डू, ओमप्रकाश, पप्पू, बउआ, भानु, राजू आदि ने अमृत विचार अखबार को गांव की समस्या उठाने के लिए धन्यवाद दिया। एई शान रहमान ने बताया कि फिलहाल रोड़ा व राबिस आदि डालकर सड़क को आवागमन के लायक मार्ग बना दिया जाएगा। रास्ता सही होने से दाह संस्कार और गंगा स्नान व सावन माह में कावरियों को आवागमन करने में सहूलियत मिलेगी।



परियर में गंगातट जाने वाले मार्ग को जेसीबी से सही कराते कर्मचारी। अमृत विचार

# 10 वाहनों पर हुई कार्रवाई 4 सीज और 6 के हुए चालान

- ई-रिक्शा चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ हाईवे स्थित भल्लाफार्म के पास टोल प्लाजा से निकलने वाली निजी बसों व ओवरलोड वाहनों की जांच उपायुक्त परिवहन द्वारा की गई। इसमें अनफिट मिले 10 वाहनों पर कार्रवाई भी की गयी। जिसमें 4 वाहनों को सीज किया गया और 6 का चालान किया गया। साथ ही बाइक सवार और ई-रिक्शा चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया।

बता दें कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तीन दिन पूर्व बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में एक निजी बस टैंकर से टकरा गई थी। जिसमें बस सवार 18 यात्रियों की मौत हो गयी थी। जिले में हुए बड़े हादसे के बाद नींद से जागे विभागीय अफसर सभी वाहनों की जांच कर रहे हैं। इसी क्रम मे टोल प्लाजा पर उपायुक्त परिवहन सुरेंद्र सिंह के साथ एआरटीओं प्रवर्तन अरविंद सिंह व आरटीओ वित्त लखनऊ संदीप कुमार, पंकज पीटीओ लखनऊ, मनोज कुमार समेत दर्जनों अधिकारी शाम चार बजे पहुंचे और टोल से गुजरने वाले सभी वाहनों की जांच की। इसमें एक डबल-डेकर बस जिसमें 75 सवारियां थी और वह अजमेर से बलिया जा रही थी। उसे सीज किया गया। वहीं, उसकी सवारियों के लिये लखनऊ से दूसरी बस मंगाकर उन्हें भेजा गया।

# चलती बाइक से गिरी महिला की हुई मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ मार्ग स्थित गांव अतरधनी के पास बाइक में बैठी युवती उछलकर सड़क पर जा गिरी और गंभीर घायल हो गई। बाइक चला रहा भाई घायल बहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

बेहटा मुजावर थानांतर्गत गांव अवस्थी खेड़ा निवासी प्रवेश की बहन ऊषा की शादी आसीवन थानाक्षेत्र के गांव कुलहा निवासी हल्लू से हुई थी। शनिवार को भाई प्रवेश ऊषा व उसकी दो वर्षीय बेटी को विदा कराकर बाइक से गांव आ रहा था। गांव अतरधनी के पास शाम को अचानक ऊषा बाइक से नीचे गई और घायल हो गई। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# आम के बाग में चल रही तारपीन के तेल की फैक्ट्री

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आम के बाग में विभागीय अफसरों व पुलिस की मिलीभगत से एक तारपीन के तेल की फैक्ट्री का संचालन बिना रोकटोक के हो रहा है। इससे किसी भी समय कोई अप्रिय घटना की आशंका के चलते इसकी सूचना ग्रामीणों ने एसडीएम व सीओ को दी। लेकिन, देररात तक कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। वहीं एसडीएम ने मामले की जांच कराने की बात कही है।

कोतवाली क्षेत्र के भरहा समसपुर गांव किनारे शुक्रवार को तारपीन के तेल की फैक्ट्री संचालित होने की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने एसडीएम व सीओ को देते हुए कार्रवाई की मांग की। लेकिन, देररात तक कोई भी जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंचा। जबकि बताया गया कि वहां पर एक टैंकर 2000 लीटर तारपीन के तेल से भरा व 17 ड्रम और 20 अन्य खाली ड्रम रखे थे। वहीं हजारों की संख्या में खाली व भरी तारपीन तेल की बोतलें भी रखी थीं। ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन पूर्व यह फैक्ट्री गांव के अंदर एक घर में संचालित हो रही थी। जहां आग लग गई थी। जिसमें पड़ोस में रहने वाला एक किशोर गंभीर रूप से झुलस गया था।

ग्रामीणों के विरोध करने पर फैक्ट्री को वहां से हटाकर बाग में संचालित किया जाने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन लोगों ने अवैध फैक्ट्री की जानकारी सप्लाई इंस्पेक्टर अमित को दी तो उन्होंने कहा कि तारपीन फैक्ट्री है कोई बम बनाने की फैक्ट्री नहीं है।



आम के बाग में संचालित फैक्ट्री में तारपीन तेल भरने के लिये रखीं बोतलें। अमृत विचार



बाग में रखे तारपीन के तेल के ड्रम। अमृत विचार

- ग्रामीण बोले, इस फैक्ट्री का संचालन पुलिस व पूर्ति विभाग की शह पर हो रहा है
- एसडीएम ने कहा कि मामले की जांच कराने के बाद कार्रवाई की जायेगी

### बोले जिम्मेदार

इस बारे में एसडीएम रामदेव निषाद ने बताया कि ग्रामीणों से जानकारी मिली है। मौके पर सप्लाई इंस्पेक्टर व पुलिस को भेजा गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे किनारे लगी बाजारों से हो रहे हादसे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे के दही चौकी स्थित हाईवे किनारे सप्ताह में दो दिन लगने वाली बाजार किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। वहीं जिम्मेदारों के द्वारा आखिर देखकर भी अनदेखी क्यों की जा रही है। बाजार में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिससे वाहन हाईवे के किनारे खड़े कर देते हैं। जिससे जाम व दुर्घटना भी हो सकती है। पुलिस भी इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

बाजार में बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण और व्यापारी खरीदारी,व्यापार करने आते हैं। दही चौकी में हाईवे पर मंगलवार और शनिवार के दिन बाजार लगती है। बाजार में सैकड़ों की भीड़ रहती है। लखनऊ कानपुर हाईवे पर तेज गति से वाहन चलते हैं। वाहन चालकों की जरा सी चूक बाजार में मौजूद लोगों की जान जोखिम में डाल सकती है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है। कि कुछ दिन के लिए बाजार पुरवा रोड पर लगने लगी थी। इसके बाद फिर से हाईवे के किनारे लगने लगी। कमलाकांत शुक्ल, अक्षत सिंह, बैजू, गंगाधर लोधी, दुलारी, कौशल्या देवी आदि का कहना है। कि प्रशासन किसी बड़े हादसे की आशंका का इंतजार कर रहा है। इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी है। इसके बाद भी प्रशासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।



लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित दही तिराहा पर लगी बाजार। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

सीओ सिटी सोनम सिंह ने कहा कि हाईवे किनारे किसी भी प्रकार की बाजार लगना गलत है। यह हादसों का कारण बन सकती है। अगर ऐसा है तो अभियान चलाकर हाईवे किनारे से बाजार को हटवाया जायेगा।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

**उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के पमेधिया गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। कीटनाशक निगलने से उसकी मौत होने की संभावना पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।

पमेधिया गांव निवासी जय कुमार (42) खेती करता था। उसके छोटे भाई ब्रजेश ने बताया कि शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर उसे बाइक से मुंशीगंज स्थित एक डॉक्टर के पास ले गए थे। जहां उसे इंजेक्शन लगाया गया और इसक बाद उसके भाई की मौत हो गई। देरशाम छोटा भाई गंगा सागर लौटा तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। शनिवार को हुए पोस्टमार्टम के दौरान कीटनाशक निगलने के लक्षण मिले। इस पर बिसरा सुरक्षित कराया गया। जो जांच के लिए भेजा जायेगा। भाई ब्रजेश ने बताया कि उसकी पत्नी पल्लवी तीन बच्चों को छोड़कर किसी चली गई थी।

# दिल्ली से आई टीम ने बस और टैंकर को जाकर देखा

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बीते दिन हुए बस हादसे के निरीक्षण को दिल्ली की संस्था सेव लाइफ फाउंडेशन की तीन सदस्यीय टीम शनिवार को घटनास्थल पहुंची। जहां टीम ने सीओ व एआरटीओ से घटना के बाबत पूछताछ की। टीम ने घटनास्थल का नक्शा भी बनाया।

बता दें कि बीती 10 जुलाई को सुबह बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की जान चली गई थी। जबकि 19 यात्री गंभीर घायल हुए थे। इसी घटना का जायजा लेने सेव लाइफ फाउंडेशन टीम के सदस्य राहुल व चिराग सहित तीन लोग शनिवार को घटनास्थल पहुंचे। जहां उन्होंने घटना के संदर्भ में यूपीडा टीम, पुलिस व एआरटीओ अफसरों से पूछताछ की और नजरी नक्शा बनाया। बाद में टीम बांगरमऊ क्षेत्र स्थित एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पहुंची। जहां उन्होंने क्षतिग्रस्त बस व टैंकर को देखा।



क्षतिग्रस्त बस की जांच करते टीम के सदस्य। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



पकड़े गए डंपर। अमृत विचार

### अवैध खनन कर रहे जेसीबी व डंपर पकड़े गये

**पुरवा।** तहसील क्षेत्र के मंगतखेड़ा कस्बे में शुक्रवार रात जेसीबी व डंपर से अवैध खनन हो रहा था। इसकी सूचना पर एसडीएम उदित नारायण सेंगर ने तहसील से टीम भेजकर छापेमारी के निर्देश दिए। तहसील की टीम ने मौके से एक जेसीबी व तीन डंपर खनन करते हुए पकड़े। टीम ने एसडीएम को इसरी जानकारी दी। एसडीएम ने कोतवाली पुलिस को मौके पर बुलाकर जेसीबी व डंपर सीज कराकर सौंप दिये। वहीं क्षेत्र के ही डेला मोड़ के पास चल रहे खनन की किसी ने जिला खान अधिकारी केबी सिंह को सूचना दे दी। इस पर खान अधिकारी ने मौके पर पहुंच खनन कर रहे एक जेसीबी व दो डंपरों को पकड़ लिया। जिन्हें पुलिस के सुपुर्द किया गया है। एसडीएम ने बताया कि पकड़े गए जेसीबी व डंपरों को सीज कर पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

### मार्ग दुर्घटनाओं में नौ लोग गंभीर

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** क्षेत्र के अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में एक महिला सहित नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें गंभीर देख सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव रघुरामपुर निवासी देवी प्रसाद अपनी पत्नी कमला देवी को मोपेड से लेकर बीते शुक्रवार बांगरमऊ से गांव जा रहा था। तभी देरशाम उन्नाव-हरदोई मार्ग पर गांव नसिरापुर के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें मोपेड व बाइक दोनों सड़क पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गईं और मोपेड सवार कमला देवी व बाइक सवार पप्पू और सरवन पुत्र गंगाप्रसाद कश्यप निवासी गांव मंसूर पुर थाना मल्लावां हरदोई गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायलों को सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने तीनों की गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, बीती शुक्रवार देररात अन्य तीन सड़क हादसों में कुद्दूस अली, महमूद अली व अमन अली पुत्र रमजान अली निवासी पट्टी उस्मान थाना फतेहपुर चौरासी और मंजेश व विकास पुत्र रामऔतार निवासी गांव कोथावां थाना बेनीगंज हरदोई और राजन पुत्र राम शिरोमणि निवासी गांव नेवादा थाना बेहटा मुजावर भी गंभीर घायल हुए हैं।



लखनऊ-कानपुर हाईवे पर पलटा पड़ा लोडर।

### टायर फटने से हाईवे पर पलटा लोडर, लगा जाम

**बिछिया।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के फरहदपुर स्थित मंडी से आम लादकर कानपुर के रामादेवी जा रहे लोडर का लखनऊ-कानपुर हाईवे पर दही थाना के सामने लोडर का दाहिनी ओर का पिछला टायर फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया और सड़क पर आम फैल गए। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोडर किनारे कराया। इसके करीब एक घंटे बाद वाहन रेंगने शुरू हुए।

निरीक्षण | स्वास्थ्य सेवाएं और मरीजों की दी जाने वाली सुविधाओं का लिया जायजा

# कायाकल्प की टीम सफाई व्यवस्था से दिखी नाखुश

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लेने कायाकल्प की चार सदस्य टीम पहुंची। इनमें दो सदस्य पुरुष व दो महिला अस्पताल से थे। जहां उन्हें वार्डों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली लेकिन अस्पताल परिसर में कई जगह गंदगी का अंबार देखकर टीम ने नाराजगी जताई।

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं सहित अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कायाकल्प की टीम के आधार पर अस्पताल की रेटिंग तय की जाती है। शनिवार को पुरुष अस्पताल पहुंची दो सदस्यीय टीम में शामिल डॉ. केके त्रिपाठी व डॉ. नाजिया शाहीन पुरुष व महिला अस्पताल का निरीक्षण किया। टीम ने ब्लड बैंक में किस ग्रुप का कितने यूनिट रक्त मौजूद है इसकी जानकारी ली। उनके सुरक्षित रखे जाने के तरीकों की पड़ताल के साथ अग्निशमन यंत्र को बदलवाने के निर्देश दिए। ट्रामा सेंटर में भर्ती मरीजों का हाल जाना उन्हें अस्पताल में मिलने सुविधाओं की जानकारी लेने के साथ मरीजों से उन्हें मिलने वाले भोजन के संबंध में फीड बैक लिया। टीम इसके बाद टीम लैब पहुंची। जहां मरीजों का सैंपल लेने का तरीका और लैब सहायक से सैंपल को सेलेक्ट्रा मशीन में लगाने का तरीका जाना। टीम ने इमरजेंसी वार्ड, जनरल वार्ड, आप्रेशन थियेटर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। पहले से टीम के आने की जानकारी पर काफी हद तक खामियों को दुरुस्त किया गया था। लेकिन अस्पताल परिसर में फैली गंदगी को लेकर टीम के सदस्य नाखुश दिखे। खासतौर पर सीएमएस कार्यालय और जांच केंद्र के बीच गलियारा में गंदगी को देख कर नाराजगी दिखाई। इस दौरान पुरुष अस्पताल के कायाकल्प के नोडल शोभित अग्निहोत्री भी मौजूद रहे। उधर जिला महिला अस्पताल में दो सदस्यीय टीम में शामिल डा. चंद्रप्रकाश व डा. तरन्नुम ने निरीक्षण किया। यहां कक्ष में मिली गंदगी पर नाराजगी जताई। टीम के आने की जानकारी से महिला वार्ड में पुरुषों के जाने पर रोक रही। वहीं मरीजों के पास सिर्फ एक तीमारदारों को रुकने दिया गया। इस दौरान महिला सीएमएस डा. फौजिया अंजुम, डा.तौसीफ मौजूद रहे।



लैब का निरीक्षण करती कायाकल्प टीम। अमृत विचार

# जहरीला कीड़ा काटने से किशोर की मौत

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में घर में पढ़ाई कर रहे 12 वर्षीय किशोर को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

पहाड़पुर गांव निवासी दिलीप पाल का 12 वर्षीय बेटा अंकुश पास के एक निजी विद्यालय में कक्षा सात का छात्र था। शुक्रवार को घर पर स्कूल से मिला गृह कार्य कर रहा था। तभी उसका पेन नीचे गिर गया। जिसे उठाने के लिए उसने अपना हाथ कुर्सी के नीचे डाला तभी उसके अंगूठे में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां से डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# 13 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से मात्र 34 सेमी दूर

## शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.66 मीटर मापा गया, 112 मीटर पर है चेतावनी बिंदु

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


हुसैन नगर में घर के दरवाजे तक पहुंचा पानी।


बाढ़ के पानी से निकलती महिला।

**अमृत विचार।** पश्चिम के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण पिछले एक सप्ताह से जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, शुक्रवार को सुबह से शाम तक जलस्तर स्थि र रहा। जिसके बाद शनिवार को बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा का जलस्तर में एक बार फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई। जिससे शुक्लागंज की ओर जलस्तर चेतावनी बिंदु से 34 सेमी दूर रह गया है। जलस्तर बढ़ने से कई मोहल्ले जलमग्न हो गये हैं।

केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि शुक्रवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 111.530 मीटर मापा गया था। शनिवार सुबह बैराज बांध से 1 लाख 83 हजार 6 सौ 55 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके साथ ही बांध के अन्य गेट खोले गये। जिससे शुक्लागंज की ओर तेजी से पानी बढ़ा और शनिवार शाम पांच बजे जलस्तर 111.66 मीटर मापा गया। जो चेतावनी बिंदु 112 से 34 सेमी दूर है। जलस्तर बढ़ने के कारण गोताखोर, सैय्यद कम्पांउंड, कर्बला, हुसैन नगर, चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाढ़ का पानी पहुंच गया है। वहीं पश्चिमी इलाकों के निचले क्षेत्रों में पानी भर गया है। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से कुछ नावें लगाई गई है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को आवागमन में मुसीबत उठानी पड़ रही है। वहीं कुछ लोग बाढ़ के पानी में जान खतरे में डालकर आ जा रहे हैं।

### हरिद्वार, नरौरा और बैराज से छोड़ा गया है पानी

बैराज बांध के पोस्ट रीडर गेज उत्तम पाल ने बताया कि शनिवार सुबह बैराज बांध से 1 लाख 83 हजार 6 सौ 55 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसके बाद शाम चार बजे छोड़ा गया 2 लाख 60 हजार 1 सौ 60 पानी छोड़ा गया है। वहीं नरौरा बांध से 37 हजार 515 और हरिद्वार से 40 हजार 3 क्यूसेक पानी छोड़ गया है।

### पानी भरने से 25 घरों की काटी गई बिजली

जेई अक्षय तिवारी ने बताया कि तटवर्ती इलाकों के कई घरों के आस पास बाढ़ का पानी भर गया है। सुरक्षा को देखते हुये तटवर्ती इलाकों के 25 घरों की बिजली काटी गई है। बिजली कटने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## रेलवे ट्रैक पर फंसा ट्राला, रुकी रहीं ट्रेनें

**चकलवंशी उन्नाव।** उन्नाव-संडीला मार्ग पर मेथीटीकुर के पास से गुजरे कानपुर-बालामऊ रेलवे ट्रैक पर एक ट्राला अनियंत्रित होकर चला गया। जिससे रेल व सड़क मार्ग तीन घंटे जाम रहा। वहीं, दो पैसेंजर फंसी रहीं। ट्राला हटाकर ट्रैक सामान्य कराकर ट्रेनें निकाली गईं। इस दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर, आरपीएफ समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। ट्राला पटेल कंपनी की मशीन को गंगा एक्सप्रेस-वे ले जा रहा था।

माखी थानाक्षेत्र के मेथीटीकुर क्रासिंग पर पटेल कम्पनी का ट्राला अनियंत्रित होकर रेल मार्ग पर चला गया। जिससे कानपुर-बालामऊ रेल मार्ग व उन्नाव संडीला मार्ग जाम हो गया। रेलवे ट्रैक बंद होने से कानपुर से बालामऊ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन को माखी व कानपुर जाने वाली ट्रेन को सफीपुर स्टेशन पर रोक दिया गया। इसके चले ट्रेनें कई घंटे देरी से चलीं। इस बीच क्रेन से ट्राला को रेलमार्ग से हटाया गया। इस दौरान सीनियर सेक्शन इंजीनियर राजनाथ सिंह, जीआरपी दरोगा सीताराम आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## हीलाहवाली: बारिश के चलते बंद हुआ स्टेशन का निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- अमृत स्टेशन के लिये नहीं बन सका शिविर कार्यालय
- करोड़ों की अमृत स्टेशन परियोजना की सुस्त चाल से परेशान हैं यात्री


प्रवेश द्वार को बंद करने को लगी टीन की बैरीकेडिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करोड़ों के बजट से तैयार होने वाले अमृत स्टेशन निर्माण के लिए अधिकारी यहां शिविर कार्यालय संचालित करने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। बारिश ने खुदाई के बाद निर्माण कार्य पर ब्रेक लगा रखा है। वहीं स्टेशन के एक प्रवेश द्वार को टीन लगाकर आवाजाही बंद कर दी गई है।

करीब सवा सौ साल पुराने स्टेशन भवन को नया लुक देते हुए बनारस सटेशन की तरह बिल्डिंग निर्माण कराते हुए रेल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी हैं। अमृत स्टेशन योजना का शिलान्यास होने के कई माह बाद जून में ध्वस्तीकरण कराते हुए खोदाई शुरू हुई लेकिन, बारिश के चलते बीते कई दिनों से पूरे-पूरे दिन मौके पर कोई काम करते नहीं दिखाई दे रहा है। इससे यात्रियों सहित स्टाफ के लोग स्वीकार कर रहे हैं अंडरग्राउंड निर्माण को बारिश के चलते रोक रखा गया है। हालांकि खोदाई वाले स्थान पर बारिश का पानी भरा नहीं दिखाई देता है। अमृत स्टेशन निर्माण के लिए पहले जहां खोदाई वाले स्थान को टीन की दीवार खड़ी कर आवाजाही रोकी गई थी। वहीं अब सड़क को स्टेशन से जोड़ने वाले एक प्रवेश-निकास द्वार को टीन लगाकर बंद कर दिया गया है। इससे लोगों को अब एक ही गेट से आना-जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में शामिल विवेक मिश्रा सोनू, भजन सोनी, मोनू, व छोटे वाजपेयी आदि ने कहा कि स्थानीय स्टाफ निर्माण से कोई वास्ता न होने की जानकारी देकर पल्लू झाड़ लेता है, जबकि निर्माण कराने वाले विभागीय अधिकारियों से शिविर कार्यालय न स्थापित होने से शिकायत नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा बारिश के चलते निर्माण रोकना था तो बरसात के बाद ही काम शुरू कराया जाना चाहिए था।

## चेयरमैन ने गिनाईं एक साल की उपलब्धियां

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


जानकारी देतीं चेयरमैन कौमुदी पांडे।

**अमृत विचार।** नगर पालिका गंगाघाट के कार्यकाल का एक साल पूरा हो गया है। इस कार्यकाल में पालिका के 28 वार्डों में तेजी से विकास कार्य कराये गये हैं। इसके साथ ही जल निकासी, शिक्षा सुविधाएं, पार्कों के सुंदरीकरण, अंत्येष्टि स्थल के जीणोद्धार व अन्य कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं।

यह बात शनिवार को गोपीनाथपुरम स्थित पालिकाध्यक्ष के कैंप कार्यालय में चेयरमैन कौमुदी पांडे और उनके प्रतिनिधि संदीप पांडे ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 28 वार्डों में 107 सड़कों का निर्माण कराया गया है। जल निकासी के लिये 29 किमी नालों की सफाई की गई। बताया कि अंतेष्टि स्थल का जीर्णोद्वार, जल आपूर्ति के लिये वॉटर कूलर लगवाये गये। शहीद स्मारक निर्माण, जल संग्रहण, कचरा प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, आधुनिकीकरण आदि कार्य प्रगति पर हैं। वहीं लोगों के टहलने के लिये नगर के पंचशील बौद्ध विहार, तिकुनिया पार्क, जगदंबा पार्क, हनुमान पार्क का सुंदरीकरण कराया गया है। अंतेष्टि स्थल का जीर्णोद्वार, जल आपूर्ति के लिये वॉटर कूलर लगवाये गये। जिससे लोगों को ठंडा पानी मुहैया हो रहा है। प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प कराये जा रहे हैं। वहीं बताया कि पर्यावरण को बढ़वा देने के लिये आने वाले समय में फोरलेन के दोनों ओर छायादार पौधे लगवाये जायेंगे।

## वांछित चल रहे पटाखा व्यवसायी को पुलिस ने दबोचा

**पुरवा।** क्षेत्र के बिछिया कस्बा स्थित वेल्डिंग की दुकान में बीती 24 जून को हुए विस्फोट कांड में वांछित चल रहे पटाखा व्यवसायी राजेश ऊर्फ राजा निवासी बिछिया को शनिवार सुबह कस्बा स्थित बस स्टेशन के पास से दरोगा राजेश यादव ने पकड़ लिया।

इसके बाद उसे थाने लाया गया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि वांछित चल रहे राजा को कोर्ट में पेश किया गया। जहा से उसे जेल भेजा गया है।

## वृद्ध ने किशोरी से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध ने किशोरी से दुष्कर्म किया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता का मेडिकल कराया है।

अचलगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में 70 वर्षीय वृद्ध ने गांव की 14 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसका वीडियो गांव के कुछ लड़कों ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। किशोरी के परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को मामले की सूचना दी। लेकिन, तब तक आरोपी गांव से फरार हो गया। पुलिस ने उसके बेटे की निशानदेही पर शुक्रवार रात उसे दही थानाक्षेत्र निवासी एक रिश्तेदार के यहां से दबिश देकर हिरासत में लिया है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि पिता की तहरीर और वायरल वीडियो के आधार पर बुद्धिलाल यादव को हिरासत में लिया गया है।

## ई-रिक्शे की टक्कर से महिला घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के कंचन नगर मोहल्ला निवासी एक महिला शनिवार दोपहर ऋषि नगर के सामने सड़क पार कर रही थी, तभी अनियंत्रित ई रिक्श ने उसे टक्कर मार दी। सड़क पर गिरकर वह घायल हो गई।

कंचन नगर निवासी सपना शनिवार को सब्जी लेने के लिये फोरलेन सब्जी मंडी पर पहुंची थी, तभी दोपहर करीब बारह बजे ऋषि नगर के सामने सड़क पार करने लगी, इस दौरान अनियंत्रित ई रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह उछल कर सड़क पर जा गिरी और घायल हो गई। आस पास के लोगों ने ई रिक्शा चालक को पकड़ लिया। उसने इलाज कराया। जिसके बाद उसे जाने दिया गया।

### पिकअप की टक्कर से महिला हुई जख्मी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ पुलिस चौकी के सामने सोलह बीघा गांव के पास घर के बाहर खड़ी महिला को अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे वह गिरकर घायल हो गई। जिसे इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। रतीराम पुरवा के सोलह बीघा मोहल्ला निवासी पचास वर्षीय नवाबन शनिवार शाम करीब चार बजे घर के बाहर खड़ी थी, तभी अनियंत्रित पिकअप ने उसे टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना देख आस पास के लोग दौड़े और पिकअप चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया है और घायल महिला को इलाज के लिये पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## दो बार ब्लॉक लेकर रेलवे पुल पर हुआ कार्य

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित रेलवे पुल पर शनिवार को दो बार ब्लॉक लिया गया। इस दौरान डाउन लाइन पर रेल पटरी बदली गई। इसके साथ ही रेल कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया।

शनिवार को रेल कर्मी रेलवे पुल पर पहुंचे। जहां पीडब्ल्यूआई ने कंट्रोल से ब्लॉक मांगा। जिस पर दोपहर 12:25 बजे से 01:05 बजे तक आधे घंटे का ब्लॉक मिला। इस दौरान रेल कर्मियों ने बीस मीटर रेलवे पटरी बदली गई। ब्लॉक अवधि समाप्त होने के बाद कर्मचारियों ने दोबारा 03: 15 बजे से 04:00 बजे के बीच 45 मिनट का ब्लॉक लिया। इस दौरान रेलवे पुल पर कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। कार्य के चलते रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक अवधि समाप्त होने के बाद संचालन शुरू हो सका।

## निस्तारण न होने पर मायूस लौटे फरियादी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- समाधान दिवस में पहुंचे 12 मामले, नहीं हुआ निस्तारण
- कई फरियादी महीनों से लगा रहे समाधान के लिये चक्कर


गंगाघाट कोतवाली में फरियादियों की समस्याएं सुनते तहसीलदार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर व ग्रामीण क्षेत्र से लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। समाधान दिवस में मौजूद तहसीलदार, क्राइम इंस्पेक्टर ने उनकी समस्याएं सुनी। अधिकांश मामले राजस्व से संबंधित होने पर उन्हें अदालत जाने की बात कही। मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण न होने पर फरियादी मायूस होकर लौट गये।

शनिवार को गंगाघाट कोतवाली में क्राइम इंस्पेक्टर राम प्रकाश ने समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से फरियादी फरियाद लेकर पहुंचे। इस दौरान पालिका कर्मी, राजस्व कर्मी मौजूद रहे। दिन करीब ग्यारह बजे तहसीलदार अविनाश चौधरी कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने समस्याएं सुनी। कुल 12 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें 11 मामले राजस्व से संबंधित आये। मौके पर कोई निस्तारित नहीं हो सका। जिस पर तहसीलदार ने संबंधित लेखपाल को निस्तारण के लिये सौंपा है। वहीं पुलिस से संबंधित एक मामला आया। उसका भी निस्तारण नहीं हो सका। मामलों का निस्तारण न होने से फरियादी मायूस होकर वापस लौट गये। फरियादियों ने बताया कि हर समाधान दिवस में अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, इसके बावजूद अधिकारी सुनने के बाद उसमा समाधान नहीं करते हैं और कोर्ट जाने की बात कहकर पल्ला झाड़ ले रहे हैं। जिससे हम लोग पुलिस और कोर्ट के चक्कर लगा रहे हैं।

**हादसे** — फत्तेपुर से हैबतपुर के बीच झूलते एचटीी लाइन से हो रहे हादसे, जमीन को लगभग छूकर गुजर रही है एचटीी लाइन

# एचटी लाइन की चपेट में आने से तीन नील गाय की मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


घटना की जानकारी देते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कटहा दलनारायणपुर गांव के मजरा फत्तेपुर व हैबतपुर के बीच गुजरने वाली एचटी लाइन जमीन से कुछ ऊपर होने से शुक्रवार रात खेतों से निकल रही तीन नील गाय उसकी चपेट में आ गईं। जिससे तीनों की मौत हो गई। नील गाय की मौत से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक के तहत कटहादल नारायनपुर ग्राम सभा के मजरा फत्तेपुर से हैबतपुर तक बिजली जाने के लिए विभाग ने एचटी लाइन डाल रही है। मानकविहीन लाइन पड़ी होने के कारण खेतों से छूते हुये हाईटेंशन लाइन आगे की ओर जा रही है। जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों के लिये जान का खतरा बना हुआ है। गांव के रहने वाले जवाहर, डॉ. पंकज पासी, सुधीर गौड़, रमेश दिनेश, राजू, श्रीराम, अवधेश, हेमराज, गुड्डू आदि बताते हैं कि कई जगह पर एचटी लाइन जमीन से दो फिट ही ऊंची हैं। कई बार विभाग को इसकी जानकारी दी लेकिन विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिस कारण शुक्रवार रात तीन नील गाय एचटी लाइन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। जिससे विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में रोष देखा गया।

**ट्रांसफार्मर खराब होने से कंचन नगर की 24 घंटे गुल रही बिजली:शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार रात विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान कंचन नगर छह खंभा के पास रखा ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिससे पूरी रात बिजली गुल रही। सूचना पर पहुंची बिजली कर्मियों ने फीडर एक की सप्लाई बंद कर मरम्मत करने का प्रयास किया लेकिन ठीक नहीं हो सका। जिस कारण क्षेत्र की चौबीस घंटे तक बिजली गुल रही। शुक्रवार रात फीडर एक के कंचन नगर छह खंभा के पास ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण फीडर एक की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने विभाग को दी। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने ट्रांसफार्मर की लाइन काटने के बाद फीडर एक की आपूर्ति चालू करा दी। जिसके बाद शनिवार को विभाग ने ट्रांसफार्मर ठीक करने के लिए कंचन नगर, सर्वोदय नगर, मंशा खेड़ा, आदर्श नगर, गांधी नगर आदि क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद कर दी। बिजली न आने से लोग परेशान हो गये। इसके बावजूद ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हो सका। चौबीस घंटे तक बिजली न मिलने पर पानी की टंकियां सूख गई और इनवर्टर धड़ाम हो गये। वहीं इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे।

### पेड़ की डाल टूटने से दो एलटी पोल गिरे


शंकरपुर मार्ग पर टूटा पड़ा एलटी पोल।

**शुक्लागंज उन्नाव।** सिकंदरपुर सरोसी के शंकरपुर गांव में शनिवार सुबह एक पीपल के पेड़ की डाल टूटकर बिजली के पोल पर गिर गई। जिससे मुख्य मार्ग पर लगे दो पोल भरभरा कर सड़क पर गिर गये। जिससे मार्ग से गुजर रहे लोग बाल बाल बच गये। इसकी जानकारी विभाग को दी गई। इसके बावजूद देर शाम तक पोल नहीं बदले गये। जिससे शंकरपुर के सैकड़ों घरों की बिजली सुबह से देर रात तक गुल रही। शंकरपुर निवासी सुनीत गुप्ता के घर के पास शनिवार सुबह करीब दस बजे एक पीपल के पेड़ की डाल टूट कर एलटी लाइन के पोल पर गिर गई। मुख्य मार्ग पर लगे पोल जर्जर होने के कारण दोनों पोल भरभराकर गिर गये। सुबह के समय मार्ग से निकल रहे लोग बाल-बाल बच गये। पोल टूटने के कारण शंकरपुर गांव के करीब पांच सैकड़ा घरों की बिजली गुल हो गई। पोल टूटने की जानकारी ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों को दी। दोपहर के समय पहुंचे लाइन मैन ने पोल के तार हटाकर किनारे रख दिये। देर शाम तक विभाग की ओर से पोल नहीं बदले गये। जिस कारण गांव के करीब पांच सैकड़ा घरों की बिजली सुबह से देर रात तक गुल रही। बिजली न आने के कारण गर्मी और उमस में लोग परेशान हो गये।

### बस पर टूटकर गिरी एचटी लाइन, चालक झुलसा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव अमृत विचार। नगर क्षेत्र के फायर स्टेशन रोड स्थित पालिका पड़ाव अड्डा पर शनिवार दोपहर चालक द्वारा निजी मिनी बस पार्क करते समय अचानक एचटी लाइन टूटकर बस की छत पर गिर गई। तभी तेज़ करंट की चपेट में आकर चालक गंभीर रूप से झुलस गया। सरकारी अस्पताल से चालक को जिला अस्पताल रेफर किया गया। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी विजय (42) पुत्र रामनरेश एक ट्रैवल एजेंसी की मिनी बस उन्नाव-हरदोई मार्ग पर चलाता है। शनिवार दोपहर विजय नगर के फायर स्टेशन रोड स्थित पड़ाव अड्डे पर बस पार्क कर रहा था। तभी अचानक ऊपर से गुजरी एचटी लाइन टूटकर बस की छत पर गिर गई। इससे पूरी बस में करंट दौड़ गया। करंट का झटका लगने पर चालक बस से नीचे कूद गया। किंतु तब तक वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। यह देख आसपास मौजूद लोग दौड़े और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 67414 मामलों का हुआ निस्तारण

**उन्नाव।** । जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने न्यायिक अधिकारियों की मजूदगी मंय रास्ते लोक अदालत का उद्घाटन किया। इसमें विभिन्न कोर्ट में लंबित 67414 गैर सजा वाले वाद निस्तारित हुए। जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोक अदालत का उद्घाटन करते हुए कहा कि इससे अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार निस्तारित होंगे। इसमें मोटर दुर्घटना दावा अभिकरण के 100 वाद, 121 वैवाहिक वाद, बैंक रिकवरी 920 वाद का निस्तारण किया गया। जिनमें 10 करोड़ से अधिक की धनराशि की अदायगी हेतु तय की गई। बीएसएनएल व फाइनेंस कंपनी के कुल 118 वाद निस्तारित हुए। इसके अतिरिक्त उत्तराधिकार, दीवानी 36 वाद व आपराधिक शमनीय 6896 वादों में 4.60 लाख रुपए अर्थदंड जमा कराया गया। इसके साथ ही 624 अन्य मामले भी लोक अदालत में निपटाए गए। इनमें राजस्व के 38064, यातायात के सात वाद, नगर पालिका के 675 वाद, विद्युत विभाग से संबंधित 19064 वाद, वैवाहिक वादों में से 37 जोड़ों ने आपसी सुलह समझौते के आधार पर पुनर्मिलन के लिए सहमत हुए।

### ट्रैक्टर से गिरकर रोटवेटर की चपेट में आया युवक, हाथ कटा

**बांगरमऊ उन्नाव।** साईपुर सगौड़ा गांव निवासी विश्नू (35) पुत्र स्व. पप्पू शनिवार शाम ट्रैक्टर में रोटावेटर जोड़कर खेत जोत रहा था। तभी अचानक वह उछलकर ट्रैक्टर के नीचे आ गिरा। उसके नीचे गिरते ही उसके ऊपर से रोटावेटर निकल गया। जिससे उसका करीब 75 फीसदी बायां हाथ कट गया। परिजन लहूलुहान हालत में आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए जहां से लखनऊ रेफर कर दिया।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताईं अपनी उपलब्धियां

**उन्नाव।** जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपना तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर विभिन्न योजनाओं से निर्मित 192.246 लाख की 12 परियोनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान सुंदरकांड पाठ भी कराया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह ने आयोजन में पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत उन्नाव की अध्यक्ष शकुन सिंह का तीन साल का कार्यकाल शनिवार को पूरा हुआ था। सड़कों, नालों, आदि के निर्माण के साथ अमृत सरोवरों का निर्माण, स्ट्रीट लाइटों का लगावाये जाने का कार्य उनके द्वारा पूरे मनोयोग से अपने अधिकारियों व प्रतिनिधियो के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने सुंदरकांड पाठ व भजन-कीर्तन का आनंद लेने के साथ ही प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह चंदेल, उपासना यादव, वृजपाल सिंह, अंकुर मौर्य, शैलेंद्र कुमार, सुशील चंद्र, कुश सिंह, शिवेंद्र सिंह, रघुवंश मणि त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

### अब माध्यमिक विद्यालयों में भी लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी

**उन्नाव।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा महेंद्र देव सिंह ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों व शिक्षेणत्तर कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश जारी किया है। माध्यमिक शिक्षक पहले से परिषदीय शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी के विरोध का समर्थन कर रहे थे। अब माध्यमिक विद्यालयों का आदेश जारी होते ही शिक्षक एमएलसी राज बहादुर सिंह ने माध्यमिक शिक्षक संघ के नेताओं के साथ विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर आदेश के विरोध पर जोर दिया। शिक्षक विधायक ने शनिवार को रामनाथ इंटर कालेज रुझेई, कमलापति इंटर कालेज व पार्वती बालिका विद्यालय बीघापुर, हुबलाल इंटर कालेज टेढ़ा, पं. देवकृष्ण इंटर कालेज सगवर, स्वामी ईश्वरानंद इंटर कालेज बाबूखेड़ा, आरआरबीएन इंटर कालेज भगवंतनगर व निराला इंटर कालेज पतारी आदि का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान एमएलसी के साथ संघ के जिला अध्यक्ष हरिहर प्रसाद दीक्षित, रामशंकर व सत्यनारायण रहे।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के रूपपुर चंदेला गांव के मजरा बोड़े पुरवा निवासी माधव पुत्र पन्ना ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन नीतू की शादी फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी अर्जुन पुत्र रामौतार से 12 वर्ष पूर्व हुई थी। बीती शुक्रवार रात उसके पति ने बताया कि नीतू की अचानक मौत हो गई है। बताया कि नीतू की अचानक तबियत बिगड़ने पर ससुरालीजन गुरुवार को बांगरमऊ के एक निजी अस्पताल ले गये थे। जहां सुधार न होने पर शुक्रवार को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात में उसकी मौत हो गई।

### विवाहिता व युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**उन्नाव।** थानाक्षेत्र के दतौली गांव निवासी सुधा सिंह (25) पत्नी अतुल ने शुक्रवार रात घर में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटक गई। उसका पति और ससुर भारत सिंह पंजाब के लुधियाना में नौकरी करते हैं। सास राजकुमारी गांव में रहने वाली बेटी बेबी पत्नी कुलदीप के घर पर थी। उसके डेढ़ वर्षीय बच्चे के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसियों की सूचना पर नंदोई कुलदीप पहुंचा और किसी तरह फंदा काटकर उसे नीचे उतारा और बनी पुल के पास एक निजी अस्पताल लाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचलगंज थानाक्षेत्र के सुपासी गांव निवासी आखिलेश (42) पुत्र स्व. राजनारायण घर मे अकेला रहता था। शनिवार सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो शिवसिंह घर पहुंचे। वहां धन्नी में रस्सी के फंदे से उसका शव लटका मिला।

### छज्जे की बाउंड्री गिरने से चार लड़कियां छत से गिरीं, एक गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** बीघापुर निवासी देशराज अपने बड़े भाई सर्वोदय नगर निवासी बाबूलाल के घर पत्नी और बेटी लाडो (14), अनुष्का (6) के साथ शनिवार को घूमने आए थे। शाम करीब 4 बजे लाडो अनुष्का व बाबूलाल की नातिन परी (13) व पड़ोस में रहने वाली 4 वर्षीय मान्यता के साथ खेलते हुए छत पर जा पहुंची। इस दौरान बगल के खाली पड़े प्लाट में लगे अमरूद के पेड़ से चारों छज्जे पर खड़े होकर अमरूद तोड़ने लगीं। तभी छज्जे की बाउंड्री वॉल भरभरा कर गिर गई। जिससे चारों छत से नीचे गिर कर घायल हो गई। परिजन सभी को अस्पताल ले गए। जहां तीन को मामूली चोटें आने पर प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। वहीं लाडो की हालत गंभीर बनी हुई है।

### नशे में धुत पड़ा रहा दूल्हा, बिन दुल्हन लौटी बारात

**औरास उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मल्कादिम सरांय गांव निवासी रामू पुत्र हरि प्रसाद के यहां औरास थानाक्षेत्र के उटरा डकौली निवासी राम भजन ने अपनी बेटी की शादी तय की थी। शुक्रवार को वे लोग उनके घर बारात लेकर आए थे। शादी का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें बारात आने के बाद अगवानी का कार्यक्रम समाप्त हो गया था। तभी दूल्हे के एक दोस्त ने दूल्हे को शराब पिला दी। जिससे बारात के अन्य कार्यक्रम नहीं हो सके। दूल्हे को सभी लोग अन्य कार्यक्रम के लिए उठाते रहे। लेकिन, वह नशे में पड़ा रहा। इसके बाद शनिवार को लड़की पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी।

# प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अंयत्र नहीं मिलता।

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीन काल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है,लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रियबोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है कि, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।"

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।" इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं,लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी,लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है कि, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे" विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे।

ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आवाहन और हिन्दू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

# मार्क्सवाद

> मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

कार्ल मार्क्स का मतलब क्या है? उनका लक्ष्य क्या था? हमारे बीच में अनेक लोग हैं,जो उनको अर्थशास्त्री, विचारक आदि कहकर पुकारते हैं। इसी आधार पर अनेक मार्क्सवादी अपने को मार्क्सवादी अर्थशास्त्री होने, मार्क्सवादी आलोचक होने का दावा भी करते हैं। ऐसे ही लोगों को ध्यान में रखकर एंगेल्स ने जो कहा उसका महत्व है। एंगेल्स ने लिखा- "कुछ भी होने के पहले मार्क्स सबसे पहले क्रांतिकारी है।" मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?

भारत में साहित्य से लेकर अर्थशास्त्र तक ऐसे मार्क्सवादी हैं,जो बार-बार "थ्योरी" की अप्रासंगिकता का बखान करते रहते हैं। इस तरह ये लोग मार्क्सवाद का विकृतिकरण कर रहे हैं। साहित्य में इसके आदर्श हैं नामवर सिंह। वे कई बार "थ्योरी" सिद्धांततः खारिज कर चुके हैं। वे नहीं जानते कि इस तरह वे किसकी सेवा कर रहे हैं। "थ्योरी" के रूप में मार्क्सवाद पहले भी प्रासंगिक था और आज भी है। इसके आधार पर अनेक महत्वपूर्ण काम मार्क्सवादियों ने किए हैं।

हिन्दी में नामवर सिंह से लेकर रामविलास शर्मा आदि तकरीबन अधिकांश मार्क्सवादी आलोचकों ने थ्योरी को अस्वीकार करते हुए, आलोचना पर जोर दिया, ये लोग निरंतर आलोचना लिखते रहे, आलोचना बोलते रहे, लेकिन इस क्रम में यह भूल गए कि थ्योरी के बिना आलोचना ठूंठ होती, निर्जीव होती है। उसमें निज के विकास की क्षमता नहीं होती। यही वजह है आज हमारे बीच में नामवर सिंह हैं, उनकी आलोचक भक्तमंडली है, लेकिन हिन्दी आलोचना गायब है। नामवर सिंह के रहते आलोचना गायब क्यों हो गई? यह सवाल तो बनता है। उसी तरह यह भी सवाल बनता है कि जो प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी अर्थशास्त्री हैं, उनके रहते हुए मार्क्सवाद हमारे देश में हाशिए पर कैसे पहुंच गया? ध्यान रहे यथार्थ के छोटे-छोटे विवरण और ब्यौरे या आख्यान को मार्क्सवाद नहीं कहते। मार्क्सवाद को बिना थ्योरी के समृद्ध नहीं किया जा सकता।

मार्क्सवाद का लक्ष्य है शोषणमुक्त समाज की स्थापना करना। यानी व्यक्ति के द्वारा व्यक्ति के शोषण का खात्मा करना। भारत के संदर्भ में यह बात कैसे लागू करें, इसे अपने समाज की संरचनाओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तय करें। इसके लिए पहली शर्त है मार्क्सवाद की शिक्षा, मार्क्सवाद की शिक्षा के बिना कोई भी चीज न तो सही नजरिए से देख सकते हैं और न विश्लेषित कर सकते हैं।

मार्क्सवादी होने का मतलब कम्युनिस्ट पार्टी का मेंबर होना नहीं है,मार्क्सवाद कोई कोट नहीं है जिसे हेंगर से उतारा और पहन लिया और मार्क्सवादी बन गए। हो सकता है आप पार्टी मेंबर हों, लेकिन मार्क्सवाद शून्य हों,हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में पार्टी मेंबरों को मार्क्सवाद का न तो ज्ञान है और न वे ज्ञान पाना चाहते हैं। वे इंकलाब जिंदाबाद से अधिक कुछ नहीं जानते या पार्टी ने जो कहा है उसको यांत्रिक तौर पर दोहराते रहते हैं। इन सबको मार्क्सवाद की केटेगरी में नहीं रखा जा सकता। ये वे लोग हैं,जो अर्थवाद, अवसरवाद या मित्रता के नाते कम्युनिस्ट दल से जुड़े हैं। इस तरह के मार्क्सवादियों से तो खुद मार्क्सवाद को खतरा है। यह तो नीम-हकीम खतरा ये जान वाला मामला है।

# चेतना की उत्पत्ति पर विज्ञान की आंशिक यात्रा



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया,जिससे समुद्र अस्तित्व में आए।

यह तो स्पष्ट है कि पदार्थ के एक खास समुच्चय से ही चेतना की उत्पत्ति होती है,किंतु वह कौन सा निर्णायक बिंदु है जिस पर यह चमत्कार संपन्न होता है? और उस बिंदु पर ठीक-ठीक क्या घटित होता है,जो चेतन प्राणी को अचेतन जगत से भिन्न कैटेगरी का बना देता है। इस कदर कि चेतना है तो हम हैं, विश्व है। चेतना नहीं तो सब कुछ "होते" हुए भी कुछ नहीं। चेतना ने ही स्व का बोध किया और स्व से पृथक नानारूप विश्व का बोध किया। इस रहस्य को भेदने की दिशा में विज्ञान की यात्रा "आंशिक" है (और क्या पता, आंशिक ही रहने वाली हो)। इतना तो निश्चित है कि पृथ्वी को छोड़कर हमारे और किसी अन्य सौरमंडल के किसी भी ग्रह पर चेतन प्राणी के अस्तित्व का "वैज्ञानिक प्रमाण" अभी तक नहीं मिला है। पृथ्वी पर भी असंख्य जीवों में से मनुष्य एक है। वे सब कैसे अस्तित्व में आए? उन सबसे मनुष्य का क्या संबंध है?

चेतन प्राणी की जो प्रकृति है उससे स्पष्ट है कि उसमें कार्बन के अणु बहुतायत में हैं। 1923 में रूसी जैव-रसायनज्ञ ए.आई ऑपरिन (बायोकेमिस्ट, ओपरिन) ने जीवन की उत्पत्ति के संबंध में जैव-रासायनिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया। 1928 में बरतानिया के विकासवादी जीव-वैज्ञानिक जे बी एस हाल्डेन ने उसकी पुष्टि की। इसके अनुसार जीवन की उत्पत्ति सरल कार्बनयुक्त अणुओं से हुई है। लगभग 4.5 अरब (बिलियन) साल पहले जब एक सौर्य बादल (नेबुला) के फटने से हमारा सूर्य और पृथ्वी समेत सौरमंडल के ग्रह बने, पृथ्वी धधकती हुई आग का गोला थी। इसमें ऊर्जा के अनेक स्रोत मौजूद थे-ब्रह्मांडीय किरणें, विकिरण, बिजली चमकने से होने वाले विद्युत विसर्जन और ज्वालामुखियों से निःसृत ऊष्मा। उस अवस्था में पृथ्वी निरंतर, प्रतिदिन हजारों यौगिक निर्मित करने वाले कारखाने की तरह काम कर रही थी। इस आत्यंतिक स्थिति में पृथ्वी के दहन से उत्पन्न ऑक्सीजन शुद्ध ऑक्सीजन नहीं रह सकती थी। उसी ऑक्सीजन से जल और कार्बन के यौगिक चूना-पत्थर उत्पन्न हुए। उसी से हाइड्रोजन की यौगिक मीथेन उत्पन्न हुई और हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन के मिलने से अमोनिया बन गई। इस तरह बनने वाले सभी यौगिक जैविक थे। समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया, जिससे समुद्र अस्तित्व में आए। पुरानी ऊष्मा के चलते समुद्र का पानी गर्म था। उसमें अनेक प्रकार के जैविक अणु बहुतायत में घुले हुए थे,जिससे उसकी प्रकृति सूप-जैसी थी। गर्म जल में इन यौगिकों की अंतःप्रक्रिया से कई अन्य यौगिक बने। उनमें से कई में अमीनो अम्ल के घटक शामिल थे,जो कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन से बना एक यौगिक था। ये अमीनो अम्ल बड़ी मात्रा मे आपस में जुड़कर प्रोटीन बन गए और प्रोटीन ही जीवन-सौध के निर्माण में ईंटों का काम करते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाएं भी प्रोटीन की ही देन हैं, किंतु प्रोटीन-जैसे स्थूल तत्व से चेतना-जैसे सूक्ष्म तत्व की निर्मिति में बहुत फासला है तो चेतना की उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिकों का अभी तक अनिश्चित अनुमान-जैसा ही है। यह तो शुद्ध अनुमान है कि यह चमत्कार लगभग 3.5 अरब साल पहले हुआ होगा, यानी पृथ्वी के जन्म से लगभाग एक अरब साल बाद। उस अनुमान को वैज्ञानिक शब्दावली में मिलर-यूरे प्रयोग (मिलर-यूरे इक्सपेरिमंट) के नाम से जाना जाता है।

1952 में दो अमेरिकी जीव रसानयज्ञ, स्टैनली मिलर और हैरॉल्ड यूरे,ने मिलकर प्रयोगशाला में छोटे स्तर पर ठीक वही स्थितियां उत्पन्न करने की कोशिश कीं जो (अनुमानतः) 3.5 अरब साल पहले पृथ्वी पर रही होंगी। उन्होंने मीथेन, अमोनिया, पानी की भाप और हाइड्रोजन के मिश्रण को एक बंद परखनली में रखकर, एक हफ्ते तक 80 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर विद्युत स्फुलिंग से आवेशित किया। एक हफ्ते बाद जब परखनली के पदार्थों को जांचा गया,उसके पेंदे में अमीनो अम्ल के विभिन्न रूप मिले जो,जैसा कि ऊपर कहा गया, प्रोटीन के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इससे उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी के शुरुआती वातावरण का अनुकरण कर, बहुत सारे जैविक यौगिकों का निर्माण किया जा सकता है। यह ऑपरिन और हाल्डेन के जैव-रासायनिक प्रमेय की पुष्टि थी। वैज्ञानिकों ने इसे प्रयोगशाला में जीवन के तत्वों के निर्माण के रूप में लिया और अमेरिकी भौतिकशास्त्री रिचर्ड फेयनमैन ने तो इस उपलब्धि को पृथ्वी पर जीवन के उत्पत्ति विषयक मानव-ज्ञान की सफलता मानते हुए इस पर एक कविता लिखकर जश्न तक मना डाला।

मिलर महोदय 2007 में अपनी मृत्यु तक इस दिशा में शोधरत रहे। वे अनेक प्रकार के अमीनो अम्लों और जैविक एवं गैर-जैविक यौगिकों के निर्माण में सफल हुए जो कोशिकीय संरचना और संश्लेषण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जैविक कोशिकाओं में भोजन के चयापचय में अंतरण का भी उन्होंने अध्ययन किया,लेकिन कोशिका के निर्माण और चेतना का प्रादुर्भाव करने से हम अभी कितनी दूर हैं, कुछ पता नहीं। तब से हमने क्लोन तो बना लिया, लेकिन डिम्ब और शुक्राणु बना पाने का अभी तक कोई आसार नहीं है। यह बात अलग है कि क्वांटम भौतिकी के अनुसार सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्तर पर हम (ब्रह्मांड के जड़, चेतन और खाली आकाश भी) एकरूप और परस्पर उलझे हुए विद्युतावेशित इलेक्ट्रॉन और क्वार्क के तरंगित क्वांटा क्षेत्र हैं। ठीक कहा है, जितना जानिए, उतना ही यह एहसास बढ़ता जाता है कि हम कितना कम जानते हैं।

# अतीत की स्मृतियों का महत्व



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है।

भारत के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में वृक्षों का विशेष रूप से पीपल, बरगद, कदंब एवं नीम का बहुत महत्व रहा है। पौराणिक आख्यानों में इनका संबंध शायद विष्णु, शिव, कृष्ण और मां काली से है। पता नहीं, राम से संबंधित कोई वृक्ष है कि नहीं! मेरे बचपन में पीपल वृक्ष भूत, प्रेत, जिन्न आदि का स्थाई निवास स्थान था। भूत-प्रेत अब बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। वृक्षों के संबंध में अतीत की स्मृतियों का अपना महत्व है। हमने दो वृक्षों का रोपण ने हाई स्कूल के दिनों में 1970 के आसपास किया था, इनकी उम्र कोई 54 वर्ष के करीब है। दोनों वृक्षों के बीच मुख्य सड़क से उत्तर एक डेढ़ किलोमीटर दूर मेरे गांव जाती सड़क। कच्ची सड़क अब राजपथ है, पीपल के वृक्षों का स्थान बस पड़ाव है और दोनों वृक्षों की छाया में सड़क किनारे यात्री शेड बने हैं।

सड़क से सौ मीटर दक्षिण एक बड़े बांध के बाद सरयू का कोई नौ किलोमीटर चौड़ा और पचासों किलोमीटर की लंबाई में फैला विशाल दियारा प्रक्षेत्र है। दियारा प्रक्षेत्र विगत वर्षों में सूअर, नीलगाय, आवारा गाएं और साड़ों का चारागाह क्षेत्र बना हुआ है। नीलगाएं गांव के करीब भी दिखीं। गांव के बिल्कुल मध्य में एक विशाल बरगद का वृक्ष था, जिसकी छाया में राम कथा और महाभारत कथा हुआ करती तथा नाटकों का मंचन होता। कथा और नाटक दोनों अतीत की बात हो चुके हैं। पश्चिम में एक इतना ही विशाल बरगद वृक्ष था, जिसके नीचे 'सती देवानी' का स्थान था तथा बगल में ही छठ स्थल। सती देवानी का पुराना महत्व नहीं हैं, पर छठ पूजा व्यापक रूप धारण कर चुकी है। अगर अपने बचपन की सोचूं तो तुलनात्मक रूप से आज का मेरा गांव बहुत ही ज्यादा समृद्ध है। हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है। गांव का करीब पचास प्रतिशत दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ, जमशेदपुर, वाराणसी आदि शहरों में जा बसा है।

# शानदार शॉपिंग



दीपक मिश्र
अध्यक्ष बौद्धिक सभा

देश, राष्ट्र, समाजवाद जैसे शब्द आकाश से उतरे हुए शब्द नहीं हैं, इसी धरा के शब्द हैं और इसी धरा की बेहतरी के लिए महान पूर्वजों द्वारा शिल्पित शब्द हैं। हम बहुत छोटे-छोटे कार्यों तीनों को साध सकते हैं। जैसे मैंने बरसात के बाद देखा कि एक बुजुर्ग साइकिल पर रेगुलर इस्तेमाल की चीजें सजाकर बेच रहे थे। उनकी कमीज खुली अलमारी की तरह थी। पूरा बदन पसीने और बरसात की पानी से भीगा हुआ था। देखने में लग रहा था, सलीके का भोजन लिए हुए उन्हें महीनों हुआ होगा। मेरे मन में आया कि उनसे कुछ खरीदूं, पर उनके पास जो चीजें तीन, उनकी मुझे जरूरत नहीं थी, फिर देश और समाजवाद को सशक्त करने के लिए इस गरीब से खरीदारी। बेवजह की खरीदारी को वे भी समझ गए, लगभग सात सौ की खरीदारी के बाद बोले कि बाबू जी अब बस करिए, इतने में हमारा परिवार पूरे हफ्ते अच्छा खाना खाएगा। हम इन गरीब व्यापारियों से खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को समग्रतः मजबूत करते हैं। क्रयशक्ति गरीब के घर जाएगी तो गरीबी घटेगी, राष्ट्र सशक्त होगा। बड़े-बड़े मॉल में खरीदारी का खरीदारियों के हम विरोधी नहीं, पर वहां की खरीदारी का मतलब समंदर पर मूसलाधार बरसात करना है। जम के सागर पे बरसते रहे बादल बंधु और एक बूंद को तरसते रहे मरुधर बंधु इसलिए बंधुओं खरीदारी जहां करते हैं, करते रहें, पर ठेला या साइकिल या सर पर सामान बेचने वालों से जरूर खरीदारी करें।

# बाढ़ की चपेट में शहर



अनूप शुक्ल
कानपुर



उत्तर प्रदेश का शहर शाहजहांपुर आजकल बाढ़ की चपेट में है। शहर गर्रा और खन्नौत नदियों के बीच बसा है। इन नदियों ने शहर को अपने आलिंगन में समेट रखा है। शहर इनसे बाहर निकलने की कोशिश करता है तो नदियां गुस्से से उफनकर दबोच लेती हैं उसको। शहर को अपनी औकात पता चलती है। वह नदियों के आगोश में सहम-सिकुड़ जाता है। नदियां फिर उसको प्यार से समेट लेती हैं।

कुछ दिनों पहले शाहजहांपुर गए थे तो पता चला खन्नौत की तरफ के इलाके पानी में डूबे हैं। लोदीपुर की तरफ का रास्ता बंद है। पानी से भरा है। केरूगंज की तरफ से शहर में घुसे, जिस जगह हम रहे वहां पानी नहीं भरा था। न बारिश हो रही थी। अंदाज नहीं था कि जिनके घर पानी में डूबे हैं उनके हाल कैसे होंगे। पता चला और हमने बाद में पुल से देखा भी कि इमारतों में पानी भरा है। घर आधे-आधे डूबे है पानी में। लोगों ने नदियों के किनारे घर बनाए हैं। कई साल पानी नहीं आता होगा उस इलाके में तो उसको सुरक्षित मानकर वहां घर बना लिए,लेकिन जब दस-बीस साल बाद नदी में पानी बढ़ता है तो उस जमीन पर फिर से कब्जा करता है। डूबो देता है जमीन को। नदियों किनारे बने नीचे इलाके में बने घर ऐसे होते हैं,जैसे किसी ट्रेन की कोई रिजर्व बोगी में अनारक्षित यात्री आकर बैठ जाए और कि पूरी यात्रा आराम कटेगी,लेकिन चार-छह स्टेशन बाद वह यात्री आए,जिसके नाम बर्थ रिजर्व है और ट्रेन में आराम से लेटे यात्री को उठाकर कहे - 'भाई साहब, यह बर्थ मेरी है। खाली कर दीजिए।' यात्री बेचारा दुखी होकर खुद को और सामान को भी समेटकर सीट छोड़ देता होगा।

नदियां भी इसी तरह अपनी जमीन पर कब्जा कायम करने को वापस लौटती हैं। लोगों को अपनी जमीन पर घर बसाए देखकर भन्ना जाती होंगी। बेदखल कर देती हैं लोगों को,लेकिन यह पानी यहां की बरसात का नहीं है। बांध से छोड़ा पानी है। कहीं और बरसा होगा पानी। बांध में आया होगा। बांध का पेट भरा है। उसने पानी इधर उलट दिया। बरसा कहीं,भरा कहीं कहावत है न : एक गांव में आग लगी, एक गांव में धुंआ।

एक दिन बाद खन्नौत की तरफ पानी कम हुआ तो गर्रा की तरफ बढ़ गया। नदी किनारे तमाम इलाके पानी में डूब गए। शहर के अस्पताल के सामने घुटनों, कमर तक के पानी में लोग भागते दिखे,जो बीमार हैं उनका क्या हाल होगा। लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरे इलाके में भाग रहे हैं। सामान निकालना समस्या है। सामान ढोने वाली सवारियों के भाव बढ़े हैं। वो भी निकाल कहां पा रही हैं? लोग अपना सामान घर में ही छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जा रहे हैं। बाढ़ के पानी ने रास्ते बदल दिए हैं। हमको 30 किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में जाना था। बरेली मोड़ पर पानी भरा होने के चलते दूसरे रास्ते जाना पड़ा। 30 किलोमीटर की दूरी 90 किलोमीटर में बदल गई। रास्ते में जाम। 90 किलोमीटर की दूरी छह घंटे में तय कर पाए।

शहर कई तरफ से पानी से घिरा है। जगह-जगह नदियों का पानी 'जनता दर्शन' के लिए मौजूद है। लोग फोटो-वीडियो बनाने में जुट रहे हैं। अनगिनत फोटो-वीडियो इधर-उधर टहल रहे हैं। लोगों के मोबाइल डिजिटल बाढ़ में डूब रहे हैं। दो दिन शाहजहांपुर रहने के बाद वापस लौट आए। खन्नौत की तरफ का पानी कम हो गया था। जाते समय जिधर से रास्ता पानी में डूबा था वह साफ हो गया था। उधर से ही आए। प्रेम-स्नेह की बारिश और बाढ़ में भीगे-डूबे। यह स्नेह/प्रेम की बारिश और बाढ़ ऐसी है,जिसमें हमेशा भीगने और डूबे रहने का मन करता है।

# संविधान हत्या दिवस



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

केंद्र सरकार ने 25 जून की तारीख को प्रतिवर्ष 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की है। चूंकि वर्ष 1975 में इसी तिथि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से देश में आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी की उद्घोषणा करवाई थी। इस कालखंड में कुछ शासन और कुछ प्रशासन तंत्र द्वारा प्रावधानों के बेजा उपयोग के कारण लोगों को कष्ट हुए थे। इसे संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर एक नई बहस छिड़ गई है। आरोपों प्रत्यारोपों का दौर जारी है।

आम जनता तो 49 साल पहले की बात काफी कुछ भूल चुकी है, नई पीढ़ी तो इसे जानती भी नहीं,किंतु प्रबुद्ध लोग इस अति पुरानी घटना को नए दिवस के रूप में मनाने पर चकित हैं और वे बुद्धि और लेखनी चलाने लगे हैं। वे कहते हैं कि संविधान में इमरजेंसी लगाने का तो प्रावधान है और यह उसी के अंतर्गत लगाई गई थी,फिर संविधान की हत्या कैसी? संविधान का अनुच्छेद 352 आपातिक स्थिति लगाने की व्यवस्था करता है,जो आज भी मौजूद है। दस वर्ष से तो भाजपा की सरकार केंद्र में सत्तारूढ़ है। न तो उसे संविधान हत्या की याद आई और न उक्त अनुच्छेद निरस्त करने का कोई प्रयास किया। दरअसल यदि 25 जून,1975 को संविधान की हत्या हो गई थी,तो इमरजेंसी के ठीक बाद हुए चुनावों के परिणामस्वरूप मोरारजी देसाई की सरकार कैसे बनी,जिसमें भाजपा की पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी मंत्री थे? क्या यह सरकार असंवैधानिक थी? क्योंकि संविधान तो मर चुका था। हत्या किया हुआ व्यक्ति तो जीवित हो ही नहीं सकता। दूसरा संविधान कब बना? यह केंद्र को स्पष्ट करना होगा। इमरजेंसी लगाने की सलाह जरूर इंदिरा गाधी कैबिनेट ने दी थी, किंतु तब तो कैबिनेट की सलाह मानने के लिए राष्ट्रपति बाध्य भी नहीं थे। वे न हस्ताक्षर करते, तो इमरजेंसी कैसे लगती? बाध्य होने वाला 44 वां संविधान संशोधन तो 1976 में हुआ है।

यदि ऐसा कोई दिवस मनाना जरूरी था, तो मोरारजी देसाई की 27 महीने चली और अटल बिहारी वाजपेयी की छह साल चली विपक्षी सरकारों ने इसे जरूरी क्यों नहीं समझा और मोदी को भी दस साल बाद ही क्यों याद आई? शायद अपनी पार्टी के गिरते और कांग्रेस के उठते ग्राफ से हतप्रभ हुए भाजपाई हताशा में अपनी स्थिति पुनर्स्थापित करने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं,जिनका जनता पर प्रभाव न के बराबर होगा। अच्छा होता कि यह मिलीजुली सरकार कुछ ठोस सकारात्मक मुद्दे लेकर आगे बढ़ती।

# गरीब किसान की बेटी ने युगांडा में जीता पदक

**समाजसेवियों ने बढ़ाए हाथ**
युगांडा जाने में आर्थिक तंगी आड़े आ रही थी तो समाज सेवियों ने हाथ बढ़ाकर 70 हजार रुपये जुटा कर स्वाती को युगांडा भेजा।

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** गरीब किसान की बेटी ने अफ्रीकन देश युगांडा में अपनी प्रतिभा का झंडा गाड़ते हुए बैडमिंटन में कांस्य पदक जीतकर देशा और अपने जिले मान बढ़ाया। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, यह बात जालौन जनपद के छोटे से अमीटा के रहने वाले किसान कमलेश कुमार की बेटी स्वाति सिंह ने साबित कर दिखाया।

उन्होंने अफ्रीका के युगांडा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीत कर जालौन का मान सम्मान बढ़ाया। वहां से लौटी स्वाति सिंह ने अमृत विचार से साक्षात्कार में बताया कि उसकी प्राथमिक शिक्षा उसके पैतृक गांव अमीटा के प्राइमरी स्कूल से हुई और हाई स्कूल , जनता इंटर


स्वाति सिंह।

कालेज एट से किया, इसके बाद उरई के पॉलिटेक्निक में सिविल इंजीनियर ट्रेड में एडमिशन लिया। बचपन से ही खेल कूद में विशेष रुचि रही मगर गांव में खेल कूद के लिए कोई पार्क एवं स्टेडियम जैसी सुविधा नहीं होने के कारण आगे कुछ नहीं कर पाई, मगर उरई में पॉलिटेक्निक में एडमिशन होने के बाद उसका खेल प्रेम जाग उठा और सुबह 5 बजे उरई के इंद्रा स्टेडियम पहुंचकर बैडमिंटन की प्रेक्टिस शुरू कर दी और इंद्रा स्टेडियम के जरिए उसे वर्ष 2020 में झांसी में आयोजित मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिला, जिसमे उसने गोल्ड मेडल जीता, इसके 2 साल बाद 2022 में स्वाति को लखनऊ में स्टेट बैडमिंटन यहां भी उसने गोल्ड मेडल जीता, तब तक पॉलिटेक्निक की पढ़ाई भी पूरी हो गई। आर्थिक तंगी के चलते वर्ष 2023 में लखनऊ की शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बी सी ए में प्रवेश लिया, क्योंकि इस विश्व विद्यालय की फीस दूसरे की तुलना में बहुत कम है और मार्च 24 में झारखंड में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में स्वाति सिंह ने छठवीं रैंक हासिल की। इसीलिए युगांडा में आयोजित प्रतियोगिता के लिए इंडिया से स्वाति सिंह को भेजा गया।

स्वाति सिंह ने बताया कि इतना कुछ हासिल करने के बावजूद उसे कोई शासकीय आर्थिक सहयोग नहीं मिल रहा है स्वाति सिंह ने उन समाजसेवियों का व्यक्ति गत आभार व्यक्त किया जिनके आर्थिक सहयोग से वह प्रतियोगिता में शामिल होने युगांडा पहुंच सकी।

# गलत ऑपरेशन करने पर अस्पताल में तोड़फोड़-मारपीट

संवाददाता सौरिख,कन्नौज


प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह परिवार के लोगों को समझाते हुए। अमृत विचार



जेसी अस्पताल, जहां का है मामला।

- 17 जून को पथरी का ऑपरेशन किया गया, मुआवजे की मांग
- तीसरे दिन हालत बिगड़ने पर कानपुर ले गये थे परिजन
- महिला की मौत, संचालक समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** गलत ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने से भड़के परिजनों ने जेसी अस्पताल का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की, कर्मियों के साथ मारपीट भी की। मुआवजे की मांग को लेकर अस्पताल का घेराव कर ग्रामीण हंगामा काट रहे थे। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

तिर्वा तहसील के हसेरन निवासी शिव कुमारी पत्नी जयपाल सिंह (50) को पथरी की शिकायत होने के कारण परिवार के लोग 16 जून को नगर के जेसी हॉस्पिटल ले गये। यहां 17 जून को ऑपरेशन किया गया और तीन दिन भर्ती रखा गया। तीसरे दिन तबीयत बिगड़ने पर उसे रेफर कर दिया गया। परिजन निजी अस्पताल कानपुर ले गए। वहां कुछ दिन इलाज चलने के बाद बताया गया कि गलत ऑपरेशन से इंफेक्शन फैल गया है, घर ले जाएं। परिजन उसे घर ले आए और शनिवार 13 जुलाई दोपहर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने अस्पताल में तोड़फोड़ की तथा मौजूद कुछ कर्मियों के साथ हाथापाई कर दी।

परिजन इलाज के लिए मुआवजे की मांग कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया और परिवार को महिला का सही जगह इलाज करने के लिए समझाया लेकिन वे लोग मुआवजे की मांग को लेकर अड़ गए। इस सबके बीच शाम को महिला की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक ने मामले की सूचना उच्च अधिकारियों को दी तो उप जिलाधिकारी छिबरामऊ, क्षेत्राधिकारी ओंकार नाथ शर्मा तहसीलदार एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। बाद में परिजनों की तहरीर पर अस्पताल के संचालक डॉ. विपिन कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार व अल्ट्रासाउंड संचालक शैलेंद्र सिंह के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# भाभी और भतीजे की हत्या के 5 दोषियों को आजीवन कारावास

## 6 साल पहले सगे भाई ने खेली थी खून की होली, कोर्ट ने आर्थिक जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता उरई

- एक भाई ने पूरे परिवार की 17 बीघा जमीन अपनी पत्नी के नाम करा ली थी

**अमृत विचार।** कदौरा थाना के बागी गांव में जमीन को लेकर 6 साल पहले कुछ लोगों ने अपनी सगी भाभी और भतीजे को मौत के घाट उतार दिया था।

जनपद जालौन की स्पेशल डकैती कोर्ट ने सभी पांच आरोपियों को आजीवन कारावास और एक लाख बीस हजार के जुर्माने की सजा सुनाई, साथ ही पांच में से तीन आरोपियों पर अवैध हथियारों से हत्या करने के मामले में पांच-पांच साल का कारावास और पांच पांच हजार रुपये के जुर्माने की अलग से सजा सुनाई है। कालपी तहसील के बागी गांव निवासी एडवोकेट भगवती प्रसाद तिवारी और सगे भाई ज्ञान प्रकाश तिवारी के बीच 17 बीघे जमीन को लेकर पारिवारिक रंजिश चल रही थी और इसी को लेकर ज्ञान प्रकाश तिवारी ने अपने पुत्रों के साथ


इसी 17 बीघा जमीन का है विवाद।

सगे भाई भगवती प्रसाद के घर अर्ध रात्रि में 17/18 अगस्त 2018 को असलहों से लैस होकर धावा बोल दिया था और वकील भाई भगवती की पत्नी मुन्नी देवी व 22 वर्षीय पुत्र कुलदीप की जघन्य हत्या कर दी थी। जानकारी के अनुसार सम्मिलित 17 बीघा जमीन को भगवती प्रसाद ने अपनी वकालत की दम पर अपनी पत्नी मुन्नी देवी के नाम कर ली थी, जब कि उक्त जमीन में भगवती प्रसाद तिवारी के दो भाइयों ज्ञान प्रकाश तिवारी और राकेश तिवारी का भी हिस्सा था। ज्ञान प्रकाश तिवारी सभी भाइयों के हिस्से की जमीन चुप चाप पत्नी के नाम दर्ज कराने की वजह से बेहद नाराज थे। बार बार अनुनय विनय करने के बाद जब भगवती प्रसाद भाइयों को उनके हिस्से की जमीन देने को तैयार नहीं हुए तो भाइयों और भतीजों ने रात में हमला बोल कर भगवती प्रसाद की पत्नी मुन्नी और भगवती के 22 वर्षीय बेटे कुलदीप की हत्या कर दी थी। घटना के समय भगवती प्रसाद घर में नही थे, जिससे उनकी जान बच गई थी।

### 18 अगस्त 2018 की रात में हुई थी वारदात

बागी गांव में दोहरे हत्या कांड में 18 अगस्त 2018 में कदौरा थाना में वादी भगवती प्रसाद तिवारी एड. ने सगे भाई ज्ञान प्रकाश तिवारी, भतीजे अनुराग तिवारी, कृष्णा तिवारी पुत्रगण ज्ञानप्रकाश तिवारी, अनुपम तिवारी पुत्र राकेश तिवारी, तथा शशांक पुत्र संतोष के नाम धावा बोल कर गोली मारकर पत्नी मुन्नी देवी और पुत्र कुलदीप की हत्या कर देने का मुकदमा दर्ज कराया था। 6 साल अदालत में चले मुकदमे में स्पेशल डकैती कोर्ट ने पांचों आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

### 17 बीघा जमीन ने लील लिया पूरा परिवार

इस जमीनी रंजिश में जहा एक सगे भाई भगवती प्रसाद की पत्नी मुन्नी देवी, और युवा पुत्र कुलदीप की हत्या हो गई, और सगी भाभी और भतीजे की हत्या में दूसरे भाई ज्ञान प्रकाश व उसके दो पुत्र अनुराग , कृष्णा, तथा तीसरे भाई राकेश के पुत्र अनुपम को आजीवन कारावास की सजा अदालत ने सुनाई है, इस तरह से 17 बीघा जमीन को लेकर तीन सगे भाइयों का परिवार तहस नहस हो गया।

# मकान गिरने की खबर से महिला ने दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शुक्रवार को दोपहर बाद सिंचाई विभाग ने नहर बाजार में अपनी भूमि पर कब्जा हटाने को लेकर मुनादी कराई थी। इस संबंध में मुख्य मार्ग के पूर्व में बने सभी 45 कब्जेदारों के मकानों और दुकानों पर नोटिस चस्पा करते हुए,उन्हें शनिवार सुबह 9 बजे तक मलबा हटाने की चेतावनी दी थी। बताया जाता है कि स्थानीय पन चक्की के पास रहने वाली सियादुलारी (63) को जब यह पता चला तो उन्हें बेघर होने की चिंता सताने लगी और वह अचेत हो गईं। परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां दिखाया तो डॉक्टर ने बताया कि हार्टअटैक से उनकी मृत्यु हो गई है।

मृतका का मकान सिंचाई विभाग की जगह में पन चक्की के पास बना हुआ है। उनके पति राधेश्याम पोरवाल नहर बाजार में ही फुटपाथ पर फलों की ठेली लगाते हैं। नहर बाजार में महिला की मौत की जानकारी होने पर थाना पुलिस भी चौकसी बरतती नजर आई। रात से लेकर अंतिम संस्कार होने तक थाना प्रभारी मुकेश चौहान मृतका के घर के आसपास आते-जाते रहे। स्थानीय सभासद कृष्ण कुमार ने प्रशासन से बेघर हुए लोगों के रहने और रोजगार के लिए जगह उपलब्ध कराने की मांग की है। नहर बाजार दिबियापुर में अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर तमाशबीनों की भीड़ जमा रही। इससे पैदल राहगीरों को निकलने में भी परेशानी हुई।

### कच्ची दीवार गिरी, दबने से बालिका की मौत

**फर्रुखाबाद।** जहानगंज क्षेत्र में हो रही बरसात का असर दिखाई पड़ने लगा। बरसात की वजह से गिरी दीवार के नीचे दबने से बालिका की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर में मकान की कच्ची दीवार गिरने से बालिका मलबे में दब गई। ग्रामीणों ने आननफानन में मलबा हटाया तबतक बालिका की मौत हो गई। हादसा गांव रतनपुर थाना जहानगंज में हुआ। यहां के निवासी ब्रजेश कुमार जाटव की 10 साल की बालिका गुड़िया इसमें दब गई। सदर तहसीलदार ने मौके पर पहुंच कर परिवार को सांत्वना दी।

## सार-संक्षेप

### ब्यूटी पार्लर के खर्च को लेकर विवाद, दुल्हन ने लौटाई बारात

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मलवां थाना क्षेत्र के हिम्मतपुर गांव से जयसिंह की बारात पहुंची थी। बरातियों को नाश्ता कराया जा रहा था। दुल्हन भी ब्यूटी पार्लर से सजकर पहुंच गई। इस दौरान दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे के घरवालों से ब्यूटी पार्लर का खर्च मांगा, लेकिन उन लोगों ने खर्च देने से मना कर दिया। विवाद बढ़ने पर दूल्हे ने दुल्हन के घरवालों को अपशब्द बोलकर देख लेने की धमकी दी। इससे दुल्हन नाराज हो गई और उसने तत्काल शादी करने से इन्कार कर दिया। पक्षों के बीच शुक्रवार शाम तक काफी प्रयास किया गया, लेकिन दुल्हन शादी के लिए राजी नहीं हुई। पुलिस के पहुंचने पर दोनों पक्ष में समझौता हुआ। लड़का पक्ष लड़की पक्ष को शादी का खर्चा देने के लिए तैयार हुआ। इसके बाद बारात बिना दुल्हन के लौट गई।

### मुफ्त शराब न देने पर युवकों ने सेल्समैन को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मुफ्त शराब न देने पर युवकों ने सेल्समैन को पीटकर घायल कर दिया और दुकान में रखे पांच हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित सेल्समैन ने पुलिस से शिकायत की है, जिसके आधार पर घटना की जांच की जा रही है। उन्नाव जनपद के माखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पावा निवासी चंद्रकांत पुत्र राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि वह कस्बा सिकंदरपुर में अंग्रेजी शराब की दुकान पर सेल्समैन है। शुक्रवार की रात लगभग 9 बजे कुछ युवक दुकान पर आए और मुफ्त शराब मांगने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और गोलक में रखे पांच हजार रुपये लूट लिए। पूरी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना की जांच की जा रही है। केवल मारपीट हुई है।

### बवासीर तो ठीक नहीं हुआ कैंसर का हो गया रोगी

**रामनगर (चित्रकूट)।** एक कोटेदार को झोलाछाप से बवासीर का इलाज कराना महंगा पड़ गया। उसका कहना है कि बार– बार आपरेशन करने से वह कैंसर का रोगी हो गया। उसके लाखों रुपये भी खर्च हो गए। परेशान होकर उसने अब थाने में तहरीर देकर झोलाछाप पर कार्रवाई की गुहार की है। ग्राम पंचायत छीबों निवासी कोटेदार अनिरुद्ध शुक्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत बरिया में एक झोलाछाप अस्पताल चला रहा है। बताया कि यह मंझनपुर (कौशांबी) का निवासी है। बताया कि पिछले वर्ष उसको बवासीर का मर्ज हुआ। इसके इलाज के लिए लोगों के बहकावे में वह आरोपी के दवाखाने चला गया। अनिरुद्ध का कहना है कि जब उसने बताया कि उसे बवासीर है और शुगर से भी पीड़ित है तो आरोपी ने मर्ज को जड़ से ठीक करने का दावा किया और अब तक दो लाख 8 हजार रुपये वसूल लिए। बताया कि उसने अब तक बवासीर का सात बार आपरेशन किया है। मर्ज तो ठीक हुआ नहीं ऊपर से बार बार ऑपरेशन करने से बड़ा घाव हो गया। जब उसने दूसरी जगह पता किया तो पता चला कि उसे कैंसर हो गया है।

### ट्रेन से कटा हाथ लेकर भागा युवक, ट्रक ने कुचला, मौत

**बांदा।** ट्रेन की चपेट में आकर युवक का हाथ कट गया। वह कटा हुआ हाथ लेकर भागने लगा, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया। उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अज्ञात 40 वर्षीय युवक शनिवार की सुबह अतर्रा रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित रेलवे ट्रैक पर घूम रहा था इसी बीच ट्रेन की चपेट में आकर उसका हाथ कट गया वह हाथ उठाकर सड़क की तरफ भागने लगा तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उसे कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

### भाजपा नेता को बाइक सवार बदमाश ने मारी गोली

**उरई।** बीती देर शाम भाजपा नेता और विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं लक्ष्मी नारायण हुब्बलाल महा विद्यालय के मालिक भास्कर अवस्थी को बाइक सवार बदमाशों ने घर के पास गोली मार दी। इससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से पत्नी ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज रजा फोर्स के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घटना की जानकारी ली। एसपी ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित कर दी। घटना शहर के आंबेडकर चौराहे से बंबी रोड जाने वाले जल निगम पानी की टंकी के पास की है। उरई शहर के मोहल्ला राजेंद्र नगर के रहने वाले भाजपा नेता अवस्थी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर व विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष भास्कर अवस्थी आज शाम अपनी पत्नी साधना अवस्थी के साथ स्कूटी से बाजार से घर लौट रहे थे। वह अपने घर से चंद कदम दूर जल निगम के कार्यालय के पास पहुंचे तभी बाइक सवार अज्ञात बदमाश उनके सामने आ गया और उसने तमंचा निकालकर सीधे भास्कर अवस्थी को गोली मार दी।

# चिता से उठा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता फर्रुखाबाद

- शरीर पर चोट के निशान देखकर साले ने पुलिस बुलाई

**अमृत विचार।** दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अंतिम संस्कार स्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शरीर पर चोटों के निशान थे जिससे हत्या होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव रानीपुर निवासी धनपाल सिंह (40 ) जो दिल्ली के नोएडा में सिक्योरिटी गार्ड था। धनपाल कई दिनों से बीमार चल रहा था। जिसका दिल्ली में इलाज भी चल रहा था। इलाज के बावजूद ठीक नहीं होने पर उसे उपचार के लिए फर्रुखाबाद ले जाया जा रहा था। रास्ते में उसकी मौत हो गई। शनिवार को शव ढाई घाट गंगा तट पर शमशाबाद ले जाया गया। अंतिम संस्कार के लिए शव चिता पर रखा गया। उसी दौरान साले सुरेंद्र सिंह ने शरीर पर चोटों के निशान देखे। तो उन्होंने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार रुकवा दिया। मृतक के साले सुरेंद्र सिंह तथा भांजे के बीच गाली-गलौज हो गई। धनपाल के साले की सूचना पर पुलिस पहुंची।

# टायर फटने से बस कार से भिड़ी, 18 घायल

चित्रकूट, कार्यालय

- दो लोग जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए, शेष लोगों को आई थीं मामूली चोटें

**अमृत विचार।** हाईवे पर शुक्रवार रात बारातियों से भरी बस टायर फटने से सामने से आ रही वैगनआर कार से भिड़ गई। इससे कार पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं निजी बस पलटने से लगभग 18 बाराती घायल हो गए। इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर ले जाया गया। जहां से चार लोगों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बांदा जिले के कालिंजर थानांतर्गत पुरायनिया गांव से बारात शिवरामपुर जा रही थी। भरतकूप थाना अंतर्गत अकबरपुर मोड़ के पास शुक्रवार रात लगभग साढ़े नौ बजे मिनी बस का टायर फट गया


दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो। अमृत विचार

और चालक ने इससे नियंत्रण खो दिया। इस पर यह विपरीत दिशा से आ रही कार से भिड़ गई। बस सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इससे चीखपुकार मच गई। बोलेरो भी पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें 18 लोग घायल हुए। इनको एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया। उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद 14 लोगों को छुट्टी दे दी गई। प्रीतम पुत्र श्रीपाल निवासी टेढ़ी (नयागांव, एमपी), धनीराम पुत्र बौरा पुरैनिया थाना कालिंजर (बांदा), रामआसरे पुत्र दौवा व अमन वर्मा निवासी अतर्रा (बांदा) को जिला संयुक्त चिकित्सालय के लिए रिफर किया गया। थाना प्रभारी भरतकूप प्रवीण सिंह ने बताया कि बस में लगभग 35 लोग सवार थे। वैगनआर में बांदा के चार लोग सवार थे। इनमें से दो को चोटें आई हैं।

# यूपी एथलेटिक एसो. के सदस्य बने पुनीत

**कन्नौज।** डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक एसोसिएशन कन्नौज के सचिव पुनीत पांडेय को यूपी एथलेटिक एसोसिएशन के सदस्य बनाया गया है। पुनीत के यूपी एथलेटिक एसोसिएशन की समिति में शामिल होने की ख़बर मिलते ही जिले के खेल प्रेमियों में खुशी दौड़ गयी । देर शाम से ही उन्हें बधाई देने के लिये खेल प्रेमी उनके घर पहुंचने लगे। पुनीत ने बिना किसी भेदभाव के खेल प्रतिभाओं को आगे बढाने में मदद करने का वादा भी किया। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक सुनील सिंह, अध्यक्ष कमल टंडन, कोषाध्यक्ष अमरनाथ समेत कई खेल प्रेमी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बीडीसी सदस्य की संदिग्ध हालात में मौत

**पनवाड़ी, महोबा।** थाना महोबकंठ कस्बा निवासी मुन्नी देवी 28 पत्नी भूपेंद्र अहिरवार वर्तमान में महोबकंठ से क्षेत्र पंचायत सदस्य थीं। वह अपनी बहन के लड़के की शादी में मुकामी थाना अंतर्गत घटेरा गांव गई हुई थी। आरोप है कि वहां पर किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पति ने पत्नी का गला दबा दिया। मृतका की भतीजी ने आरोप लगाया कि उसके फूफा भूपेंद्र जुआ खेलने के आदी थे जिसके कारण दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। शुक्रवार की रात्रि में दोनों के बीच विवाद हुआ। आरोप है कि विवाद के दौरान भूपेंद्र ने पत्नी मुन्नी देवी का गला दबा दिया जिससे मौत हो गई। घटना के भूपेंद्र फरार हो गया।


मुन्नी देवी।

**कवायद** 100 एकड़ भूमि पर बनाए गए 64 भूखंड, ऑनलाइन हो रहे आवेदन

# इत्र पार्क में पांच और इत्र कारोबारियों ने खरीदे प्लॉट

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में बन रहे विश्वस्तरीय इत्र पार्क में पांच और प्लॉट खरीद लिए गए हैं, जिससे अब भूखंड लेने वाले कारोबारियों की संख्या 29 हो गई है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के मुताबिक इस साल दिसंबर तक सभी 64 भूखंडों को आवंटित करने की योजना है। इत्र कारोबारियों और पर्यटकों के लिए यहां कई प्रकार की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे ठठिया कस्बे के निकट यूपीसीडा द्वारा विश्वस्तरीय इत्र पार्क का निर्माण किया जा रहा है। करीब 100 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर इत्र निर्माण इकाइयों को प्रतिस्थापित किया जा रहा है, जिससे कि देश और विदेश से आने वाले पर्यटक इत्र निर्माण की विधियों को देख और खरीद सकें। इत्र उत्पादकों को निर्यात के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां रेस्टोरेंट, स्वीमिंग पूल, गेमिंग जोन, आर्ट गैलरी सहित अन्य कई सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। इत्र पार्क में 64 प्लॉट हैं, जिनको ऑनलाइन आवंटित करने की प्रक्रिया चल रही है। जो भूखंड आवंटित हो जाते हैं, उनका बैनामा कर दिया जाता है।

जिला उद्योग एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह ने बताया कि पिछले साल 24 भूखंडों का आवंटन किया गया था। अब पांच और इत्र कारोबारियों ने प्लॉट खरीदे लिए हैं।


इत्र पार्क की चहारदीवारी पर बनाई गईं मनमोहक कलाकृतियां। अमृत विचार

- अब तक 29 भूखंड हो चुके आवंटित, बढ़ाईं जा रहीं अन्य सुविधाएं

### पार्क को दी जाएगी 24 घंटे विद्युत आपूर्ति

- इत्र पार्क में 33 केवी विद्युत उपकेंद्र बनाया गया है, जिससे यहां इत्र उत्पादकों को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दी जाएगी। इसको 132 केवी उपकेंद्र मकरंदनगर से जोड़ा गया है, जहां इत्र पार्क नाम से एक स्वतंत्र फीडर बनाया गया है। इत्र कारोबारियों, निवेशकों और पर्यटकों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की गई है। परिसर में एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाईं गईं हैं, जिससे रात के समय यहां का नजारा बिल्कुल अलग होगा।



इत्र पार्क में भूखंडों के आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। इस वर्ष अभी तक पांच इत्र कारोबारियों ने आवेदन किए थे, जिन्हें भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। अभी तक 29 भूखंडों का आवंटन कर कब्जा दिलाया गया है। दिसंबर तक सभी भूखंड आवंटित करने की योजना है।

–मंसूर कटियार, क्षेत्रीय प्रबंधक (यूपीसीडा)

# एक कमरे में चल रहे पांच विद्यालय, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- नौनिहालों की शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़

**अमृत विचार।** नगर के परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नगर में 10 ×15 के कमरे में पांच विद्यालयों का संचालन हो रहा है। प्राथमिक विद्यालय चौधराना में छात्र संख्या 23, प्राथमिक विद्यालय हुसैनिया में छात्र संख्या 47, प्राथमिक विद्यालय हैदरिया में छात्र संख्या 38, प्राथमिक विद्यालय पूर्वी तरौस में छात्र संख्या 40, प्राथमिक विद्यालय नवीन उपरौस में छात्र संख्या 22 है। कुल मिलाकर 170 नौनिहाल बच्चों को एक ही कमरे में बैठा कर कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराई जा रही है। इसी प्रकार नगर के कांशीराम कॉलोनी में 7 बाई 8 के कमरे में दो विद्यालय संचालित हैं। प्राथमिक विद्यालय कांशीराम कॉलोनी एवं प्राथमिक विद्यालय प्राचीन उपरौस का संचालन हो रहा है। दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की संख्या 52 है। चिंता का विषय यह है कि एक कमरे में 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के स्कूली बैग रखने के लिए जगह नहीं। उसी कमरे के बगल में गोबर के उपले रखे हुए हैं जो बरसात के मौसम में बदबू देते हैं। जिससे संक्रमण बीमारी फैलने का डर रहता है और चूल्हे में मध्यान भोजन बनाया जाता है, धुएं से बच्चों का दम घुटता है। इसके पूर्व भी समाचार पत्रों में प्रकाशन होने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई। शासन की ओर से नौनिहालों की शिक्षा के लिए पानी की तरह पैसा बहा रहा है जो सरकार के मंसूबों में पानी फिरता दिखाई दे रहा है और अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा।

# नदी व तालाब में डूबने से पांच की गई जान

## बरेली में अलग -अलग स्थानों पर डूबे तीन बच्चे और दो युवक, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** बरेली देहात में अलग- अलग स्थानों पर नदियों और तालाब में डूबने से पांच लोगों की मौत हो गई। नवाबगंज में दो चचेरे और तहेरे भाइयों की तो मीरगंज और भोजीपुरा में किसानों की, इसी प्रकार फरीदपुर में एक बच्चे की शनिवार को मौत हो गई।

**खेत देखने गए युवक की नदी में डूबने से मौत**

मीरगंज। घर से शुक्रवार शाम को खेत देखने गए युवक का पैर फिसलने से नदी में डूबकर मौत हो गई। प्रमोद सिंह(38) निवासी ग्राम दिवना थाना मीरगंज शुक्रवार शाम 4 बजे खेत पर जाने को कहकर घर से निकले जो देर रात तक नहीं लौटे। परिजनों ने तलाश किया, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने खेत पर जाकर देखा तो वहां मिट्टी पर फिसलने के निशान थे, वहीं पास में चप्पल पड़ी थी, इसी से अंदाजा लगाकर गोताखोरों की मदद से प्रमोद सिंह को बहगुल नदी में तलाशना शुरू कर दिया, पर कहीं सुराग नहीं मिला।

शनिवार की सुबह 9 बजे एसडीएम तृप्ति गुप्ता, तहसीलदार विशाल कुमार शर्मा एनडीआरएफ की टीम लेकर प्रमोद सिंह के खेत के पास पहुंचे। नदी में पानी का बहाव भी अधिक था। एनडीआरएफ टीम ने चार घंटे की मशक्कत के बाद शव को उसके खेत के पास ही नदी से खोज निकाला। प्रमोद की चप्पल खेत के पास ही मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**फरीदपुर।** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव पचौमी में एक बच्चे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। शनिवार दोपहर ग्राम पचौमी निवासी मुकेश ठाकुर का पुत्र राजा (10) घर के बाहर दोस्तों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान बच्चे नहाने को गांव में ही तालाब पर पहुंच गए। नहाते समय राजा गहरे पानी में चला गया और गोते खाने लगा। साथ के बच्चे घबरा गए और उन्होंने परिजनों को इसकी सूचना दी। जब तक परिजन पहुंचे तब तक राजा तालाब में डूब चुका था। उसका शव भी तालाब के नीचे मिट्टी में दब गया था। में परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से बच्चे को बाहर निकाला और उसे लेकर अस्पताल भागे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### नदी में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत

**बरेली/हाफिजगंज।** गांव कमुआ निवासी रामचरण शनिवार सुबह 10 बजे पशुओं को नहलाने के लिए बहगुल नदी गए थे। इसी दौरान उनके पौत्र अनुज (7) पुत्र मुरालीलाल और हिमांशु (8) पुत्र कांता प्रसाद भी उनके पीछे-पीछे आने लगे। जब रामचरण ने देखा तो चचेरे-तहेरे भाइयों को डांटकर घर भेजा लेकिन कुछ देर बाद दोनों नदी में नहाने चले गए। दोनों नदी किनारे एक गड्ढे में नहाते-नहाते पहुंच गए। रामचरण पशुओं को नहलाकर वापस घर लौटे तो बच्चों को उनके साथ न देखने पर परिजनों ने पूछा। जिस पर सभी बच्चों की तलाश करने निकल पड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को नदी से बाहर निकाला और अस्पताल लेकर गए लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### चौबीस घंटे बाद मिला नदी में डूबे युवक का शव

**भोजीपुरा।** देवरनियां नदी में डूबे युवक का शनिवार को घटनास्थल से करीब तीस मीटर की दूरी पर शव मिला। शव खोजने के लिए सरकारी गोताखोर नहीं आए तो रामगंगा से किराये के गोताखोरों को बुलाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। भोजीपुरा के पीपलसाना चौधरी निवासी नरेंद्र पाल (35) शुक्रवार को दोपहर साढ़े बारह बजे देवरनियां नदी मे केकड़ा पकड़ने गया था। पैर फिसलने से वह नदी में डूबे गया। नदी में गाय नहलवा रहे बाबूराम नामक व्यक्ति बचाने की कोशिश, लेकिन वह गहरे पानी में चला गया था। शुक्रवार की शाम तक गांव के गोताखोरों ने शव खोजने की कोशिश की, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। गोताखोरों ने करीब बारह बजे शव घटनास्थल से बीस मीटर दक्षिण दिशा में नदी के किनारे से बरामद किया।

### जब 'बिल्ली' बन गई शेर...



बिल्ली का आकार भले ही शेर के समान न हो लेकिन बिल्ली का रंग और उसका रूप शेर जैसा ही दिखाई देता है। शायद इसीलिए बिल्ली को शेर की मौसी कहा जाता है। शनिवार को राजधानी लखनऊ के प्राणी उद्यान( चिड़ियाघर) में ऐसा देखा भी गया कि एक बिल्ली बाड़े में शेर के सामने आ गई। इसके बाद भी बिल्ली की सिट्टी-पिट्टी गुम नहीं हुई बल्कि उसने शेर की दहाड़ को कम कर दिया। इस बीच चिड़ियाघर के कर्मचारियों ने शेर के बाड़े में बंद कर बिल्ली को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ● प्रमोद शर्मा

## पलिया विधायक के खिलाफ व्हाट्सएप पर डाली भ्रामक पोस्ट

संवाददाता, पलिया कलां (लखीमपुर)

● खनन की बात लिखकर बदनाम करने की साजिश

**अमृत विचार।** पलिया विधायक रोमी साहनी के प्रतिनिधि ने व्हाट्सएप ग्रुप पर डाली गईं पोस्टों को भ्रामक बताया है। साथ ही विधायक रोमी साहनी को बदनाम करने का भी आरोप लगाया है।

पलिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना हैदराबाद के गांव मुरादपुर निवासी रामसरन ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि वह पलिया विधायक रोमी साहनी का प्रतिनिधि है। आए दिन कुछ लोग विधायक के खिलाफ भ्रामक व अनर्गल दुष्प्रचार करते हैं। शनिवार को व्हाट्सएप ग्रुप भारतीय सिख संगठन पलिया पर विधायक के प्रति ट्रांस शारदा क्षेत्र में खनन को लेकर एक पोस्ट की गई है। जिसमें कहा गया है कि विधायक रोमी साहनी ने अवैध खनन किया है। खनन से सीतापुर, लखीमपुर, पीलीभीत, बरेली, शाहजहांपुर और पूरे जिले में बालू की सप्लाई की गई है। एक जगह पर उन्होंने लाखों की संख्या में लाखों डपर बालू निकालने का काम किया है। इसी कारण शारदा नदी का रुख सीधे पलिया की तरफ हो गया गया है। जिस कारण पलिया का भविष्य खतरे से खाली नहीं है। विधायक रोमी साहनी पलिया के लिए अभिशाप बनके आए है। वर्तमान में पलिया के अधिकतर क्षेत्र बाढ़ग्रस्त हैं, जिससे क्षेत्रीय जनता त्रस्त हैं। ऐसी परिस्थिति में जनमानस के समक्ष ऐसा झूठा एवं भ्रामक पोस्ट करना सरकार की विश्वसनीयता एवं प्रमाणिकता पर प्रश्नचिन्ह लगता है। तहरीर के आधार पर थाना पलिया पुलिस ने आरोपी रामचंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विधायक पलिया, रोमी साहनी ने कहा कि 13 साल से समाजसेवा कर रहा हूं। हर जरूरतमंद की मदद करता हूं। व्हाट्सएप ग्रुप पर पोस्ट कर खनन के नाम पर बदनाम करने की साजिश है। खनन तो बहुत दूर की बात है, मैं अपना वेतन तक नहीं लेता हूं।

## रामलला के ननिहाल से लाए हैं शबरी के बेर : विष्णु देव साय

अयोध्या कार्यालय

● छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के साथ रामलला का दर्शन कर भेंट किए उपहार



रामलला परिसर में मौजूद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उनकी टीम।

**अमृत विचार।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद सभी ने हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया। सरयू में अभिषेक किया।

दोपहर बाद एक होटल में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी है। भगवान राम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि राम का आशीर्वाद लेने के लिए मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या आया हूं। रामलला से यही प्रार्थना है की छत्तीसगढ़ हमेशा खुशहाल रहे। विपक्ष द्वारा राम की आलोचना करने पर उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे लोग हैं जो भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा रहे हैं। इन लोगों ने प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकरा दिया तो ऐसे लोगों की बात का कोई वजन नहीं है। हम लोग मामा गांव से आए हैं। प्रभु राम अपने वनवास का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया था। हम लोगों का सौभाग्य है कि शबरी धाम भी वही है, जहां राम ने जूठे बेर खाए थे। हम प्रसाद चढ़ाने के लिए बेर भी लाए हैं। छत्तीसगढ़ का जल, सुगंधित चावल व कई तरह का प्रसाद भी लाए।

उधर, अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी पहले ही अयोध्या पहुंच गए। उन्होंने सर्किट हाउस में पत्रकारों से कहा कि किसी भी हिंदू संस्कृति व भारतीय संस्कृति को मानने वाले व्यक्ति के लिए जीवन पद्धति एक सोच एक विचार सर्वे भवंतु सुखाय के भाव के साथ रहती है।

## बारिश पर विराम के बाद भी ठंडी सड़क व चार्टन लॉज में भूस्खलन

संवाददाता, नैनीताल

● तीन दिन से नगर में दिनभर धूप खिलने से भूस्खलन की संभावनाएं बढ़ने लगीं

**अमृत विचार।** मानसून की पहली बारिश पर विराम लगने के बाद भी खतरा अभी टला नहीं है। बीते तीन दिनों से नगर में दिनभर धूप खिलने से भूस्खलन की संभावनाएं बढ़ने लगी हैं। शुक्रवार दोपहर मल्लीताल अंडा मार्केट में सड़क धंसने के बाद शनिवार सुबह नगर के सात नंबर क्षेत्र में विशालकाय पेड़ गिर गया, वहीं चार्टन लॉज व ठंडी सड़क में भी भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है। देर रात को ठंडी सड़क व चार्टन लॉज में भी हल्का भूस्खलन हुआ है, जिससे आने वाले दिनों में खतरा और बढ़ने की आशंका बन गई है।

बता दें कि 24 जुलाई 2022 को ठंडी सड़क में पाषाण देवी मंदिर के समीप हल्का भूस्खलन हुआ था, जिसके बाद 31 अगस्त को पहाड़ी पर भारी भूस्खलन होने से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर झील में समा गए। ठंडी सड़क पर पूरी तरह से आवागमन बाधित हो चुका था, जिससे कुमाऊं विश्वविद्यालय के छात्रावास पर भी भूस्खलन से खतरा बढ़ गया था, जिसके बाद छात्रावास को खाली कर लिया गया था। सितंबर में सिंचाई विभाग ने पहाड़ी का अस्थाई उपचार शुरू किए, जिसमें लोहे के एंगल भूमिगत कर जियो बैग में कंक्रीट भरकर दीवार बनाई गई। मगर पहाड़ी पर भूस्खलन नहीं रुका। अक्टूबर में अतिवृष्टि के दौरान पहाड़ी पर एक बार फिर भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें पुराना अस्थाई कार्य भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद सिंचाई विभाग ने 13 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया। करीब 13 करोड़ की डीपीआर शासन को सौंपी गई। जिसके बाद 10 करोड़ 34 लाख के बजट को स्वीकृति मिली, जिसके बाद प्रोजेक्ट के अनुसार सड़क के ठीक ऊपर स्थित केपी हॉस्टल तक सुरक्षा कार्य, झील से रिटेनिंग वॉल, वायर क्रेट्स और माइक्रो पाइलिंग का काम किया जा रहा है।

## पुत्र ने पिता की फावड़े से काटकर की हत्या

**नवाबगंज, बहराइच।** जिले के ग्राम फुटहा निवासी युवक का अपने पिता से खेत में विवाद हुआ। इसके बाद पिता घर आ गया। खेत से देर शाम को घर पहुंचे बेटे ने पिता पर फावड़े से वार कर दिया। कुछ ही देर में पिता की मौत हो गई। इसके बाद वह फरार हो गया। सुबह घर पहुंचने पर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में ले लिया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फुटहा जगन्नाथपुर निवासी राम विलास के खेत में शुक्रवार को धान रोपाई चल रहा था। धान रोपाई के दौरान पुत्र राम सुख से पिता राम विलास का कुछ विवाद हुआ। इसके बाद पिता शाम को घर चला आया। गांव के लोगों के मुताबिक पिता खुरपे में धार दे रहा था। इसी तरह बेटा राम सुख आया। उसने पास में रखे फावड़े से पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी पुत्र मौके से फरार हो गया। परिवार के लोग घायल राम विलास को अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन वृद्ध ने तड़पकर दम तोड़ दिया।



रामलला के दर्शन करने के बाद मौजूद ट्रेनी आईएएस व आईपीएस। अमृत विचार

## 300 से अधिक ट्रेनी आईएएस व आईपीएस पहुंचे रामलला

अयोध्या कार्यालय

● रामलला का चित्र देकर किया सम्मानित, उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई

**अमृत विचार।** रामनगरी में शनिवार को 300 से अधिक ट्रेनी आईएएस और आईपीएस का जमावड़ा रहा।

मणिराम दास छावनी के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा, छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र सहित अन्य अतिथियों ने शामिल सभी अभ्यर्थियों को रामलला का चित्र देकर सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी रामलला का दर्शन-पूजन करेंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि पूरे देश में आईएएस व आईपीएस चुने गए थे। वह अपने परिवार के साथ अयोध्या आए हैं। उन्हें सम्मानित किया गया है।

सम्मान के रूप में भेंट किए गए रामलाल के चित्र को ऑफिस में लगाने की बात कहते हुए कहा कि इससे राम के आदर्श को ग्रहण किया जा सकेगा।

## फारिया ने दुर्गा बनकर प्रेमी दिनेश से किया विवाह

संवाददाता, भुता (बरेली)

● युवती बोली, हलाला के डर से किया धर्म परिवर्तन

**अमृत विचार।** भुता के गांव खजुरिया संपत में बदायूं निवासी युवती ने धर्म परिवर्तन कर मंदिर में युवक से शादी कर ली। उसने फारिया से नाम बदलकर दुर्गा रख लिया। युवती ने बताया कि उसने हलाला के डर से धर्म परिवर्तन कर शादी की है।

फारीया ने बताया दोनों 13 साल से बदायूं के कांशीराम सरकारी आवास कॉलोनी में रह रहे थे। कुछ समय तक दोनों ने एक साथ स्कूल में पढ़ाई भी की थी। दोनों का प्रेम प्रसंग लगभग पांच साल से चल रहा था। परिजन दूसरी जगह शादी करने जा रहे थे। इसकी वजह से दोनों ने वाराणसी के एक मंदिर में शादी की और फिर कोर्ट मैरिज भी की । दिनेश ने बताया उसके घर वाले अब इस शादी के खिलाफ नहीं है लेकिन फारीया के परिवार वाले अभी खिलाफ हैं। शनिवार को उसने फारिया का धर्म परिवर्तन कराकर उसका नाम दुर्गा रखा है। खजुरिया संपत मढ़ी के महंत योगी सरोज नाथ ने बताया दोनों युवक- युवती उनके पास आए थे। दोनों ने अपना परिचय दिया और शादी का कोर्ट से मिला प्रमाण पत्र भी दिखाया।



शादी के बाद नवदंपती। अमृत विचार

## जसपुर के प्रवेंद्र ने मलेशिया के माउंट किनाबालु पर फहराया भारतीय तिरंगा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार।** गांव बढ़ियों वाला के युवा अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह ने मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु पर तिरंगा फहराया है। उन्होंने 13440 फीट की ऊंचाई वाली इस पर्वत चोटी पर मात्र 19 घंटे में चढ़कर इतिहास रचा है।

जसपुर क्षेत्र के ग्राम बढ़ियों वाला निवासी 26 वर्षीय प्रवेंद्र सिंह ने 3 जुलाई को मलेशिया स्थित माउंट किनाबालु की यात्रा तय की। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने उन्हें तिरंगा भेंट कर इस यात्रा पर रवाना किया।

प्रवेंद्र ने बताया कि उन्होंने 8 जुलाई को प्रातः मलेशिया के नेशनल पार्क से पहले कैंप पर 3100 मीटर की दूरी तय करके लक्ष्य प्राप्ति की ओर कूच किया।




माउंट किनाबालु पर तिरंगा फहराते अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह।

यात्रा के दौरान भारी बारिश एवं बड़ी चट्टानें भी रोड़ा बनीं। लेकिन उन्होंने अपना हौसला बनाए रखा।

### क्लीन उत्तराखंड एवं ग्रीन उत्तराखंड का दिया संदेश

**जसपुर।** प्रवेंद्र सिंह ने कहा कि मलेशिया के माउंट किनाबालु की ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने क्लीन उत्तराखंड एवं ग्रीन उत्तराखंड का संदेश दिया है। उनकी यह पहली अंतर्राष्ट्रीय पर्वत यात्रा थी, जो उनके निजी खर्चे पर थी।

वे तिरंगे की आन-बान-शान को दिल में लेकर अपने इरादों को बुलंद करने के लिए आगे बढ़ते रहे और उन्होंने 9 जुलाई को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर मलेशिया सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह किया और तिरंगा फहराया। इतिहास रचने के बाद लौटने पर उनका यहां भव्य स्वागत किया गया।

**साइबर क्राइम** | पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में जाकर दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस जांच-पड़ताल में जुटी

# पार्सल में अवैध सामान बता डिजिटल अरेस्ट कर 10 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार।** पार्सल में गैर कानूनी सामान बताकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट कर लिया और खातों की जांच के बहाने 10 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



बारादरी के अग्रसेन नगर बीसलपुर रोड निवासी प्रमोद कुमार राठौर ने बताया कि 24 अप्रैल को सुबह 8:38 बजे उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह एक फेडेक्स कर्मी है। उसने नाम, आधार कार्ड ओर फोन नंबर की जानकारी लेने के बाद कहा कि एक पार्सल थाईलैंड जाना था, जिसे रोक लिया गया है, क्योंकि उसमें गैर कानूनी सामान है। प्रमोद ने पार्सल अपना होने से मना किया तो उसने कहा कि मुंबई क्राइम ब्रांच में रिपोर्ट दर्ज करानी होगी। उसके बाद उसने कॉल ट्रांसफर कर दी, जहां पर एक व्यक्ति ने स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताते हुए स्काइप एप पर वीडियो रिकार्डिंग के माध्यम से बयान दर्ज कराने को कहा। आरोपी ने स्काइप आईडी ज्वाइन करने को कहा। इसके बाद सभी बातचीत स्काइप एप से करने को कहा। उसने कहा कि उनके खिलाफ मनीलॉन्ड्रिंग, ड्रग्स स्मगलिंग और ह्यूमन ट्रैफिकिंग के मामले दर्ज हैं। आरोपियों ने उन्हें डिजिटल तरीके से हिरासत में ले लिया। इसके बाद लोन के दस्तावेज भेजे और धमकाया गया। आरोपियों ने कहा कि खातों में बड़ी रकम की जानकारी की जाएगी। इसके लिए दस लाख रुपये देने होंगे। आरोपियों के कहने पर उन्होंने एचडीएफसी बैंक के खाते में दस लाख रुपये भेज दिए।

### टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा कराने के बहाने 50 लाख की ठगी

**बरेली।** टेलीग्राम पर टॉस्क पूरा करने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 50 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रेमनगर के राजेंद्र नगर निवासी धनेश जिंदल ने थाना साइबर क्राइम में शिकायत की कि अज्ञात व्यक्ति ने उनका नंबर व्हाट्सएप के ओपन डिजाइंस इंडिया ग्रुप से जोड़ दिया। ग्रुप में टॉस्क करने को कहा गया था और बदले में रकम मिलने का लालच दिया गया। उन्होंने टॉस्क पूरे करने शुरू कर दिए, जिसके बदले में उनके खाते में कुछ रकम भी आई। इसके बाद उसी व्यक्ति ने पांच अलग-अलग टेलीग्राम चैनल से जोड़ दिया। जहां पर टॉस्क और इनके स्टेटमेंट के नाम पर आरोपियों ने उनके आईसीआईसीआई बैंक खाता से आठ खातों में 48 लाख 93 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। धोखाधड़ी का एहसास होने पर धनेश ने पैसे वापस मांगे तो इन्कार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने साइबर थाना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### टेलीग्राम में टास्क देकर महिला से साढ़े नौ लाख की ठगी

**काशीपुर।** टेलीग्राम में टास्क देकर साइबर ठगों ने काशीपुर की एक महिला को साइबर ठगी का शिकार बना लिया। इस दौरान ठगों ने महिला से नौ लाख 96 हजार रुपये की ठगी कर ली। वहीं घटना में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले मामले की जांच शुरू दी है। हेमकुंड फार्म, प्रतापपुर में रहने वाली हरतिंदर कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पास अनजान नंबर से टेलीग्राम एप्लिकेशन पर जुड़ने का मैसेज आया। उसने बताया कि वह घर बैठे पैसे कमा सकते हैं। उनको कंपनी द्वारा बताए गए कुछ टास्क को पूरा करना होगा। इसके बाद शुरुआती समय में पीड़िता को 16 सौ रुपये का भुगतान करने को कहा, जिसके बाद महिला के खाते में ठगों ने 24 सौ रुपये भेज दिए। इसके बाद ठगों ने पीड़िता से 14 लाख रुपये रिटर्न देने के लिए नौ लाख 96 हजार रुपये का भुगतान करवा लिया। कई दिन तक रुपये वापस नहीं आने पर पीड़िता को ठगी का अहसास हुआ। इसके बाद ठगों ने अपना टेलीग्राम का अकाउंट भी बंद कर दिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्राक: 471 / न0पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2023–24/ दिनांक: 10/07/2024

**म्युटेशन सूचना**

निम्न प्रकार से पालिका अभिलेख में नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज सहित प्राप्त हुआ है। जिस पर आपत्ति हेतु 30 दिवस का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित अवधि के पश्चात किया गया कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी और तदनुसार पालिका अभिलेख में परिवर्तन कर दिया जायेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

1. **मुहाल पठानपुरा**–1 वार्ड–2 में स्थित भवन सं0 802 पर अंकित श्रीमती निधि कोष्टा पत्नी प्रदीप कुमार का नाम पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर निरस्त कर उसी स्थान पर श्री कमलेश द्विवेदी पुत्र श्याम बिहारी द्विवेदी का नाम अंकित करने का आवेदन।
2. **मुहाल पठानपुरा**–1 वार्ड–2 में स्थित प्लाट पर श्री कमल पुत्र बारेलाल के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र करने के आधार पर श्रीमती गीता पत्नी संदीप कुमार का नाम अंकित करने का आवेदन।
3. **मुहाल सिकन्दरपुरा**–1 वार्ड–1 में स्थित प्लाट पर श्री गोविन्दे उर्फ गोविन्द पुत्र नाथूराम के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र करने के आधार पर श्रीमती माया पत्नी घनश्याम का नाम अंकित करने का आवेदन ।
4. **मुहाल लुधियातपुरा**–1 वार्ड–6 में स्थित प्लाट पर श्री इदरीश मुहम्मद पुत्र हाजी यासीन के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र करने के आधार पर श्रीमती त्रिवेणी पत्नी विक्रम सिंह राजपूत का नाम अंकित करने का आवेदन।
5. **मुहाल जुल्हैटी**–2 वार्ड–24 में स्थित भवन सं0 163 पर अंकित श्री गेंदीलाल सोनी पुत्र बैजनाथ का नाम पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर निरस्त कर उसी स्थान पर श्री आदित्य सोनी ना0बा0 पुत्र उमाशंकर संरक्षक मॉ श्रीमती नीलम सोनी का नाम अंकित करने का आवेदन।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर**

# डग्गामार पर इंट्री प्वाइंट से प्रहार

## शुरू हुआ जांच अभियान, डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहनों को चेक प्वाइंट पर ही रोका जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी की फटकार से चेते अधिकारियों ने अब डग्गामार और स्कूली वाहनों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से अभियान शुरू कर दिया है। डग्गामार वाहन जहां से निकल रहे हैं, उन इंट्री प्वाइंट से ही प्रहार किए जाने का खाका खींचा गया है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने ठोस कार्रवाई के लिए प्रदेश के सभी टोल प्लॉजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार तैनाती कर दी है। 19 दिनों का कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें सभी एक्सप्रेस-वे के टोल को भी शामिल किया गया है। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी आरटीओ को जारी कर दिए गए हैं।

**▸▸ यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की होगी जांच**



### चेक पोस्ट मान किया जाएगा टोल से कार्य

परिवहन आयुक्त सिंह के मुताबिक, प्रदेश के सभी टोल प्लॉजा से अधिकारी चेक पोस्ट के रूप में कार्य करेंगे। डग्गामार के इंट्री प्वाइंट पर तैनात अफसरों की टीम वाहनों की जांच कर कार्रवाई करेगी।

### इस तरह से होगी कार्रवाई

चिह्नित स्थानों पर वाहनों के कागजातों की जांच होगी। इनमें यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस की जांच होगी। कागजात पूरे न होने पर वाहन सीज कर दिया जाएगा। उसे आगे नहीं जाने दिया जाएगा। वाहन चलने लायक न हुआ और उसका संचालन होते हुए पाया गया तो अफसर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बड़े चालान किए जाएंगे। यही नहीं, चेक पोस्ट पर ही चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जाएगी। ड्रंकन ड्राइविंग की दशा में बड़ी कार्रवाई होगी। इसके अलावा यात्री बसें और स्कूली वाहनों को भी चेक किया जाएगा। यह प्रक्रिया हर चेक पोस्ट पर अपनाई जाएगी। ऐसा नहीं होगा कि एक प्वाइंट से निकल आए तो आगे भी बच जाएंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर लगाया जा रहा है। कार्रवाई पर मॉनीटरिंग के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिस पर मुख्यालय और उच्चाधिकारियों के स्तर से निगरानी होगी।

### हरकत में प्रवर्तन टीम, नवाबगंज टोल प्लॉजा पर 15 वाहन सीज

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अभियान शुरू होने के मात्र चार घंटे के भीतर ही 15 वाहन सीज कर दिए गए। डीटीसी सुरेंद्र कुमार और आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने नवाबगंज टोल प्लॉजा पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान 32 वाहनों का चालान भी किया गया। चालकों की जांच हुई। आरटीओ पंकज ने बताया कि रात तक कार्रवाई जारी रहेगी। वाहनों के सीज करने और चालान की संख्या सुबह जारी होगी।

# हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली' अभियान 15 से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में 15 जुलाई से 'हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली' अभियान शुरू होगा। सभी निकायों में 75 हजार 'होम कम्पोस्टिंग' का लक्ष्य रखा गया है। हर जिले में एक हजार नागरिकों का चयन होगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोग व संस्थाएं सम्मानित होंगी। निदेशक नगरीय निकाय व स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय अनुज कुमार झा ने इस सिलसिले में सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है।




निर्देश के तहत घर में खाद बनाने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए 15 जुलाई से 15 सितंबर तक दो माह तक अभियान चलाया जाएगा। होम कम्पोस्टिंग के लिए घरों का चयन कर इन घरों में कचरे का स्वतः निस्तारण करने के साथ पौधरोपण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। लोगों को घरों में बाग, टेरिस गार्डन और बॉलकनी गार्डन के साथ हर घर में स्वच्छता व हरियाली के लिए बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक घर को चिन्हित कर दो माह की समयावधि में खाद से पौधारोपण व वेजिटेबल फार्मिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक घर में न्यूनतम एक सब्जी भी उगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए सभी निकाय स्वयं के सोशल मीडिया पेज पर कार्यक्रम संबंधित गतिविधियों को पोस्ट करेंगे।

- **▸▸ सभी निकायों में 75 हजार 'होम कम्पोस्टिंग' का लक्ष्य**
- **▸▸ प्रत्येक जिले में एक हजार लोगों का किया जाएगा चयन**
- **▸▸ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोग व संस्थाएं होंगी सम्मानित**

### टॉप तीन लोगों को मिलेगा 5 हजार का उपहार

**लखनऊ।** 'हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली' कार्यक्रम के अंतर्गत दो माह की अवधि पूरा होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें टॉप 1,000 लोगों को 1 हजार रुपये मूल्य के, टॉप 100 लोगों को 2,000 रुपये मूल्य के, टॉप 10 लोगों को 3,000 रुपये मूल्य के और टॉप-3 लोगों को 5,000 रुपये मूल्य की वस्तु उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर प्रदेश स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### त्योहारों में डिजिटल वॉलेंटियर्स और सिविल डिफेंस का लें सहयोग : डीजीपी

अमृत विचार, लखनऊ : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को आगामी त्योहारों में सुरक्षात्मक तैयारी को लेकर पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद संबंधित संसाधनों को लेकर बजट जारी किया जा चुका है। इसलिए जिले के अधिकारी व्यवस्थापन सुनिश्चित करना शुरू कर दें। इसके अलावा मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समितियों के साथ अधिकारी बैठक करना शुरू कर दें। डिजिटल वॉलेंटियर्स और सिविल डिफेंस का पूरा सहयोग लें। त्योहार रजिस्टर का पूरा अवलोकन कर लें। साथ ही त्योहारों को लेकर नई परंपरा की शुरुआत न होने दें। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें। बैठक के दौरान एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, पुलिस अधीक्षक लोक शिकायत शशिकांत तिवारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बलरामपुर अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब

**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन गत तीन दिनों से खराब है। जांचें ठप होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गंभीर मरीज निजी सेंटरों से जांच कराने को मजबूर हैं। बलरामपुर अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन में प्रतिदिन करीब 150 मरीजों की जांच हो रही थी। इतने ही मरीजों की जांच सामान्य एक्सरे मशीन पर भी हो रही है। गत तीन दिनों से डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब है। जांच के लिए अब मरीज भटक रहे हैं। उन्हें एक-दो दिन में मशीन ठीक होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है। सामान्य एक्स-रे मशीन में महीन फ्रैक्चर पकड़ना कठिन होता है। अस्पताल के निदेशक डॉ. एनबी सिंह बताया कि मशीन को ठीक कराने के लिए संबंधित कंपनी को जानकारी दे दी गई है। जल्द ही खराब हुए उपकरणों की खरीद कर मशीन को दुरुस्त करवा दिया जाएगा।

# 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** डीआरआई ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्थित टोल प्लॉजा के पास से 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सोने की कीमत 8 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। डीआरआई ने आरोपी को कस्टम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के करोलबाग का रहने वाला सोहन गोयल दुबई मेड सोना लेकर तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स आ रहा था। इसी बीच, डीआरआई को सूचना मिलने पर टीम के अधिकारी टोल प्लॉजा पहुंच गए। इस दौरान रात में लखनऊ नंबर की एक्सयूबी कार को टोल प्लॉजा पर ही रोक लिया गया और वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 10 किग्रा सोना और 1 किग्रा सोने के आभूषण बरामद किये गये। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोहन गोयल के रूप में हुई। इस दौरान टीम तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स पहुंची। यहां पता चला कि शोरूम संचालक फरार है। उधर, सोहन गोयल को शनिवार की सुबह कस्टम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, सोने की सच्चाई जानने के लिए डीआरआई जल्द ही उसे रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय में आवेदन करेगी।

# 10 आईपीएस समेत 21 पुलिस अफसरों का तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने शनिवार को 10 आईपीएस समेत कुल 21 पुलिस अफसरों का तबादला किया है। लखनऊ पश्चिमी के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को जालौन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा दो और डीसीपी को जिले का चार्ज दिया गया है। तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जनसुनवाई में ढिलाई बरतने पर जिलों से हटाकर महत्वहीन पदों पर भेजा गया है।

लखनऊ कमिश्नरेट पश्चिम के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को पहली बार जिला दिया गया है। डॉ. दुर्गेश लंबे समय तक डीजीपी के स्टाफ ऑफिसर रहे हैं। इसके अलावा श्याम नारायण सिंह वाराणसी कमिश्नरेट से एटा पुलिस अधीक्षक और राम सेवक गौतम कानपुर कमिश्नरेट से शामली के पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। गौरव बंशवाल को पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण व सुरक्षा से हटाकर डीसीपी वाराणसी कमिश्नरेट बनाया गया है। अभिषेक को पुलिस अधीक्षक शामली से हटाकर पुलिस अधीक्षक बिजनौर बनाया गया। नीरज कुमार जादौन को पुलिस अधीक्षक बिजनौर से हटाकर पुलिस अधीक्षक हरदोई बनाया गया है। ईराज राजा को पुलिस अधीक्षक जालौन से हटाकर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर बनाया गया। रामसेवक गौतम को डीसीपी कानपुर कमिश्नरेट से हटाकर पुलिस अधीक्षक शामली बनाया गया।

### जनशिकायतों में ढिलाई बरतने पर हटाया गया

जनशिकायतों पर ठीक से सुनवाई नहीं करने पर कई आईपीएस अफसरों को हटाया गया है। इसमें से हरदोई के पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी को पुलिस अधीक्षक अभिसूचना लखनऊ बनाया गया, राजेश कुमार सिंह को एटा पुलिस अधीक्षक से हटाकर कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया है। जबकि एसपी गाजीपुर डॉ. ओमवीर सिंह को लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है।

### डॉ. कृष्ण गोपाल बने पुलिस उपाधीक्षक कुंभ

पीपीएस अफसरों में डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ से हटाकर महाकुंभ मेला प्रयागराज भेजा गया है। वरुण कुमार सिंह को बुलंदशहर से हटाकर पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ बनाया गया। गिरजा शंकर त्रिपाठी को जालौन से हटाकर बुलंदशहर तैनात किया गया। अर्चना सिंह को बिजनौर से हटाकर जालौन भेजा गया। अंजनी कुमार चतुर्वेदी को मंडलाधिकारी अयोध्या से हटाकर बिजनौर भेजा गया है। अनिरुद्ध कुमार सिंह को चंदौली से हटाकर मंडलाधिकारी अयोध्या बनाया गया है। राजीव सिसौदिया को पुलिस उपाधीक्षक बहराइच से हटाकर चंदौली भेजा गया है। प्रद्युम्न कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू आजमगढ़ से हटाकर पुलिस उपाधीक्षक बहराइच बनाया गया है।

# आईआरसीटीसी कराएगा लद्दाख की सैर

लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने पर्यटकों को लद्दाख की सैर कराने की तैयारी की है। लखनऊ और कानपुर से पर्यटकों को इस यात्रा पर जाने की सुविधा मिलेगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि लखनऊ से लद्दाख (वाया नई दिल्ली) भ्रमण के लिए हवाई टूर पैकेज लांच किया है। यह यात्रा 6 रात्रि व 7 दिन की होगी। उन्होंने बताया कि 2 से 8 अगस्त के बीच इस पैकेज की बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है। यात्रियों को लखनऊ से लेह वाया नई दिल्ली जाने-आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। खान-पान व ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था की गयी है। यात्रा के दौरान स्तूप व मठ दर्शन, शाम वैली में लेह पैलेस, शांतिस्तूप, गुरुद्वारा, नुब्रा वैली में स्थित कैंप में रात्रि विश्राम, दिस्कीत, हुंडर व तुर्तुक गांव व स्थानीय जगहों की सैर के साथ प्रसिद्ध पेन्गॉन्ग झील का भ्रमण कराया जायेगा। यात्रा में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 60,100 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 55,100 रुपये प्रति व्यक्ति व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 54,600 रुपये है।



विधानसभा उप चुनाव में जीत के बाद शनिवार को लखनऊ स्थित राज्य मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

# विस उप चुनाव में जीत पर कांग्रेस मुख्यालय में जश्न, बांटीं मिठाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव में 10 सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मनाया गया। नेताओं-कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

चुनाव परिणाम आते ही राज्य पार्टी मुख्यालय में उत्सव का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े बजाकर पटाखे छोड़े। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। यह जीत जनता की जीत है। अब आने वाले वक्त में हर जगह बदलाव देखने को मिलेगा। अब जनता इनके झूठ को पहचान गई है। अब इन्हें वोट की चोट से सबक सिखायेगी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-130

**बाएं से दाएं**

1. छिछला, उथला, कम गहरा।
3. दे. मंझोला।
4. हलवाई।
6. 1. पाला-पोसा हुआ 2. पाला जाने वाला
7. 1. गीलापन दूर होना 2. जलहीन होना, जल न रहना 3. रस आदि से रहित होना 4. उदास होना 5. रोग
8. 1. घोड़े या गधे के पैर का निचला भाग जो ज़मीन पर पड़ता है, सुम 2. घोड़े के चलने पर उसके सुम से होने वाली आवाज़ 3. किसी खंभे या चारपाई के पाए का ज़मीन पर टिका हुआ भाग 4. मुरगियों को बंद करके रखने का टोकरा या खांचा।

**ऊपर से नीचे**

2. स्फटिक, रवा, (क्रिस्टल)।
3. जो कत्ल कर डाला गया हो।
5. ज़ोर से हंसने की ध्वनि, तीव्र हंसी का स्वर 2. हीनता या तुच्छता को प्रदर्शित करते हुए हंसना। (मु.) -करना : निर्लज्जतापूर्वक हंसना।
6. 1. विष्ठा, मल 2. गंदी और त्याज्य वस्तु।




### वर्ग पहेली -129 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 घा | घ | | | |
| 2 च | | | 3 ब | ख | री |
| ट | | | ल | | |
| 4 प | छ | ता | वा | | 5 अ |
| टा | | | ई | | बा |
| | 6 व | | | | दा |
| 7 पॉ | लि | टी | शि | य | न |

# डीआरएम ने आरपीएफ बैरक को परखा

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल की देख-रेख में आयोजित सेमिनार में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने रेलवे बैरक का निरीक्षण भी किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रिजर्व लाइन कम्पी नंबर 38 में सुरक्षा पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसएम शर्मा ने सुरक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनके साथ सुरक्षा संबंधी जरूरी मुद्दों और चर्चा की।

# विभाग ने लगवाया सीसीटीवी, विद्यालय कर रहे बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **▸▸ 94 आश्रम पद्धति विद्यालय और 75 वृद्धाश्रम में सीसीटीवी लगवाए गए**
- **▸▸ वृद्धाश्रम में सीसीटीवी काम कर रहे हैं और निदेशालय से मानीटरिंग की जा रही है**
- **▸▸ कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी किए जा रहे बंद, बिजली की आवाजाही का दिया जा रहा तर्क**

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापकों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी का समाज कल्याण विभाग को लाभ पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है। कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी बंद किये जा रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दिया जा रहा है। विभाग अब इन्वर्टर से इसको जुड़वाने की तैयारी में है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे। इसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस लगाने की कार्ययोजना बनाई गई और 1 जुलाई से बायोमेट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) से उपस्थिति दर्ज की जा रही है।

अध्यापकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए विद्यालयों में सीसीटीवी भी लगवाए गए हैं। सीसीटीवी कक्षाओं में भी लगे हैं। कक्षाओं में अध्यापक कब पहुंच रहे हैं और कितनी देर पढ़ा रहे हैं, इस पर भी निदेशालय में बैठे अधिकारी नजर रख रहे हैं। हालांकि कुछ विद्यालय सीसीटीवी बंद कर दे रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दे रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि सीसीटीवी को जल्द ही इन्वर्टर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि 75 वृद्धाश्रम में कैमरे लग गए हैं और मानीटरिंग की जा रही है।

## सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | 2 | | |
| | 8 | | 5 | | 7 | | | 4 |
| | 1 | | | 6 | 2 | | | 7 |
| | | 1 | 2 | | 8 | 9 | | 6 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| 6 | | 4 | 3 | | 9 | 7 | | |
| 5 | | | 6 | 7 | | | 1 | |
| 3 | | | 1 | | 4 | | 8 | |
| | | 9 | | | 5 | | | |

### सुडोकू -42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 17 .25 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- चित्रा 22 .06 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध रूप से कार्य संचालन करना शुभ रहेगा। साझेदारी के रूप में व्यापार करने के योग बन सकते हैं। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को अपने सहयोगियों के साथ तालमेल युक्त व्यवहार करने से नई आशा की किरण जागेगी।

**वृष** — आज नौकरी करने वाले लोगों को उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। दूसरों के द्वारा परेशानियां बढ़ सकती हैं। व्यवसाय क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अपने व्यवहार में अधिक सकारात्मकता लाने की कोशिश करनी चाहिए।

**मिथुन** — आज बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को पदोन्नति प्राप्त होगी। रोजगार की तलाश पूरी होगी। विद्यार्थी वर्ग को विद्या अध्ययन से संबंधित कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** — आज सरकारी नौकरी में संलग्न लोगों को पदोन्नति मिलने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी। नए मित्र बनेंगे। व्यवसाय करने वाले लोगों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह** — आज कोर्ट-कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। किसी पुराने विवाद से छुटकारा मिलेगा। संतान की ओर से अपेक्षित सुख सहयोग प्राप्त होगा। नवीन उद्योग अथवा व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी।

**कन्या** — आज आपको धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोई महत्वाकांक्षा पूरी हो सकती है।

**तुला** — आज व्यापार में अपनी सूझबूझ से कोई बड़ी सफलता हासिल करेंगे। बौद्धिक कार्यों में लोगों को सरकार से लाभ प्राप्त होगा। खेल, प्रतियोगिता में आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। परिवार में आपके निर्णय की सराहना होगी।

**वृश्चिक** — आज नौकरी में अधीनस्थ व उच्च अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। बौद्धिक कार्य को अपने सहयोगियों से विशेष सहयोग के सानिध्य मिलेगा। समाज में आपके उज्ज्वल चरित्र के प्रशंसा चारों तरफ होगी।

**धनु** — आज शत्रु गुप्त नीति से हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। आप अपनी बुद्धि से परिश्रम से कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सफल होंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा।

**मकर** — आज लंबी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यवसाय करने वाले लोगों को व्यर्थ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। नीतिगत रूप से निर्णय लेने से लाभ की संभावनाएं रहेंगी। अपनी व्यक्तित्व समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी।

**कुंभ** — आज भूमि के कार्य में संलग्न लोगों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्य योजना का विरोधियों के सामने खुलासा न करें। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**मीन** — आज नवीन व्यवसाय करने की कार्य योजना बनेगी। बनते-बनते कार्यों में बाधा आ सकती हैं। अतः सजगता पूर्वक कार्य करें। विरोधी पक्ष की गतिविधियों पर ध्यान रखें, वह हानि पहुंचा सकते हैं। सत्ता शासन में बैठे किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति से घनिष्ठता बढ़ेगी।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
धड़कन — सुबह : 10 .43
क्रांति — रात : 07 .00

**&pictures**
फुकरे 3 — सुबह : 11 .13
बधाई दो — रात : 08 .00

**SONY PIX**
अनचार्टेड — सुबह : 11 .09
ओलिम्पस हेज फॉलेन — रात : 09 .00

**ZEE CINEMA**
रक्षाबंधन — दोपहर : 12 .00
आरआरआर — रात : 08 .30

**colors CINEPLEX**
बू — सुबह : 10 .30
दृश्यम 2 — शाम : 05 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक कंजूस लड़के को कंजूस लड़की से प्यार हो गया।
लड़की- जब पिताजी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी। तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना लड़की सिक्का फेंकती है, पर लड़का ऊपर नहीं आता एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का-अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था।
लड़की-अरे पागल वो तो धागा बांधकर फेंका था। वापिस खींच-खींच लिया।

पत्नी मायके से वापिस आई तो उसका पति जोर-जोर से हंसने लगा।
पत्नी- ऐसे क्यों हंस रहे हो?
पति- बुजुर्गों ने कहा है जब भी मुसीबत को देखो उसका सामना हंसते हुए करो।

## एक नजर

### तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन की शनिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुरईमुरुगन विक्रवंडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में द्रमुक की भारी जीत के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को बधाई देने के लिए आज दोपहर पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम आए थे। इस बीच उनकी तबियत बिगड़ गई। द्रमुक उप महासचिव को प्राथमिक उपचार के बाद अपोलो अस्पताल ले जाया गया। उनके बेटे एवं द्रमुक सांसद कथिर आनंद उनके साथ अस्पताल पहुंचे।

### गुरदासपुर जिले में हेरोइन की खेप जब्त

**जालंधर।** बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर जिले में संयुक्त रूप से हेरोइन की खेप बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक संदिग्ध पैकेट की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया विंग द्वारा साझा की गई सूचना पर, पंजाब पुलिस के सहयोग से बीएसएफ ने सुबह 8:40 बजे, रत्तर छत्तर गांव के पास एक धान के खेत से पैकेट (कुल वजन- 2.300 किलोग्राम) बरामद किया। पैकेट खोलने पर, संदिग्ध हेरोइन वाले दो छोटे पॉलीथीन पैकेट मिले।

### रायपुर में कोयला कारोबारी के ऑफिस पर गोलीबारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाने के पास कोयला कारोबारी के ऑफिस पर शनिवार को गोली चलने की बड़ी घटना सामने आई है। झारखंड के अमन साहू गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के कयास लगाए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना अंतर्गत पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड पर कोयला कोराबार से जुड़े पीपीए ग्रुप के ऑफिस के सामने मोटरसाइकिल सवार दो लोग हवाई फायर कर भाग निकले। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि गोलीबारी की घटना सामने आई है। पिछली बार गोलीबारी की घटना होने से ठीक पहले हमने आरोपियों को पकड़ा था।

### खेत से 54 किलो चांदी पुलिस ने की बरामद

**गुना।** मध्यप्रदेश के गुना जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम बीलाखेड़ी में खेत से पुलिस ने 53 लाख मूल्य की 54 किलो 300 ग्राम बरामद की है। जिले के पारदी बदमाशों द्वारा पिछले माह राजस्थान के मनोहर थाना कस्बे में स्थित ज्वेलर्स की दुकान से 50 किलो चांदी के जेवरात चोरी किये गये थे। चोरी हुए चांदी के जेवर धरनावदा थाना पुलिस ने ग्राम बीलाखेड़ी के खेत से खोदकर निकाली हैं।

# भारत जल्द बन जाएगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रधानमंत्री मोदी

## मुंबई में 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

**मुंबई, एजेंसी**



प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के सचिवालय आईएनएस टावर का उद्घाटन करने के बाद वह बोले। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं के लिए 30 हजार करोड़ की सड़क और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

मोदी ने इसका भी जिक्र किया कि कैसे भारत डिजिटल भुगतान में अग्रणी बन गया है। भारत के यूपीआई व डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से लोगों की जिंदगी आसान हुई है और उनके लिए एक देश से दूसरे देश में पैसे भेजना आसान हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपस्थित थे।

### तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां हुईं सृजित

मोदी ने कहा कि आरबीआई के अनुसार, तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियां उपलब्ध हुईं। मोदी मुंबई के गोरेगांव उपनगर में क्षेत्र में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्रों में 29,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत और आधारशिला रखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आरबीआई ने रोजगार पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी खबरें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। मुंबई और उसके आसपास की आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से शहर के आसपास के इलाकों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस महासचिव ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।

प्रियंका ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?

### शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने की आलोचना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने केंद्र सरकार की 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के फैसले की आलोचना की। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि 50 साल पहले आपातकाल लागू हुआ था, लेकिन भाजपा भविष्य के बजाय अतीत को ही देखती रहती है। राकांपा (एसपी) ने कहा कि अगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीती होतीं, तो वह संविधान बदली दिवस की घोषणा करती।

## 4 पर धोखाधड़ी, साजिश का आरोप तय करने का आदेश

**फिक्सिंग मामला**

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका में 2000 में खेले गए क्रिकेट मैच को फिक्स करने के आरोपी चार लोगों के खिलाफ कोर्ट ने साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा प्रिया इस मामले में राजेश कालरा, कृष्ण कुमार, सुनील दारा और संजीव चावला के खिलाफ सुनवाई कर रही थीं। इनके खिलाफ चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

मामले में उस समय की द. अफ्रीकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोन्ये को भी आरोपी बनाया गया था जिनकी बाद में मौत हो गई थी। कोर्ट ने मौजूद सबूतों पर गौर करते हुए कहा कि घटनाओं के क्रम, बातचीत के रिकॉर्ड, आचरण और परिस्थितियों से पता चलता है कि चावला द्वारा हैंसी क्रोन्ये के साथ किए सौदों में कालरा, कृष्ण और दारा की मिलीभगत है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

## जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार खुलेगा आज

**भुवनेश्वर।** पुरी में 12वीं सदी के श्रीजगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार रविवार को खोला जाएगा। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने शनिवार को बतया कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भंडार खोलने की मंजूरी दी है, जो 1978 में खोला गया था। राज्य सरकार ने 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरिजीत पशायत की समिति को भंग कर उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बिस्वनाथ रथ की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। भंडार में आभूषणों सहित कीमती सामानों की सूची के लिए 16 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

## जीप ने सड़क किनारे सो रहे 4 लोगों को कुचला, दो की मौत

**जालंधर, एजेंसी**

पंजाब के महानगर जालंधर के पठानकोट चौक में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार लोगों को कुचल दिया। जिनमें से दो की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है।

नॉर्थ जालंधर के सहायक आयुक्त (एसीपी) दमनबीर सिंह ने शनिवार को कहा कि जीप चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों या घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### जम्मू के डोडा में बस खाई में गिरी, तीन की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न 10.25 बजे भटयास के पास हुई। बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। बचावकर्मियों को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जबकि दो अन्य यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आठ घायलों की हालत गंभीर है।

## बांधों से सतलज छोटी नदी में तब्दील: करोल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय करोल ने कहा है कि सतलज पर बांधों के निर्माण से ये छोटी नदी में तब्दील हो गई है, जिससे संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र बदल गया है। वकील जतिंदर (जय) चीमा की पुस्तक क्लाइमेट चेंजः द पॉलिसी, लॉ एंड प्रेक्टिस के विमोचन पर शुक्रवार को न्यायमूर्ति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश के कृषि पर भारी प्रभाव डाल रहा है। न्यायाधीश ने कहा कि बढ़ते तापमान और मानवीय गतिविधियों से नदियां सूख रही हैं। सतलज नदी बांधों से छोटी हो गई है, जिससे पारिस्थितिकी श्रृंखला बदल गई है।

## तमिलनाडु के पूर्व मंत्री बालाजी की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। बालाजी को पिछले साल धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समय की कमी से शुक्रवार को मामले की सुनवाई रदकर दी। शीर्ष अदालत ने एक अप्रैल को एजेंसी को नोटिस जारी करते हुए बालाजी की जमानत याचिका पर ईडी से जवाब मांगा था। बालाजी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने 28 फरवरी को कहा था कि अगर उन्हें इस तरह के मामले में जमानत पर रिहा किया जाता है तो इससे गलत संकेत जाएगा और यह जनहित के खिलाफ होगा। याचिकाकर्ता 8 महीने से अधिक जेल में रह चुका है, इसलिए विशेष अदालत को मामले का निपटारा करने का निर्देश देना अधिक उपयुक्त होगा।

## केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




- आप नेता बोले- जेल में रहने के दौरान केजरीवाल का वजन 8.5 किलो घटा

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है। सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है। जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है।

सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। केजरीवाल का परिवार, आप और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में ही हैं।

## अजमेर की लोक अदालत में 45 मामले निस्तारित

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित राजस्व मंडल मुख्यालय पर शानिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 45 प्रकरण निस्तारित किये गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्व मंडल के स्तर पर गठित पीठ के माध्यम से शनिवार को 45 प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इससे पहले अजमेर मण्डल परिसर में दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

## बाढ़ से एक और मौत, 8.4 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी, एजेंसी**

- असम में बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले की संख्या हुई 107

असम में बाढ़ से एक और व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं 20 जिलों में 8.4 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई। साथ ही इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से संबंधित घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 107 हो गई है।

रिपोर्ट के अनुसार बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर और दक्षिण सलमारा जिलों में 8,40,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें कछार सबसे अधिक 1.5 लाख लोग प्रभावित हैं। धुबरी में 1.27 लाख और नगांव 88,500 लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं। शुक्रवार तक राज्य के 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित थे। प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र चला रहा है, जिनमें 72,046 विस्थापित लोग शरण लिए हैं।

एएसडीएमए ने कहा कि 1,705 गांव जलमग्न हैं और असम में 39,898.92 हेक्टेयर में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। बारपेटा, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, कोकराझार, बोंगाईगांव, कछार, चराईदेव, गोलाघाट, मोरीगांव, नगांव और शिवसागर में बाढ़ से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसकी सहायक नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर हैं। बराक नदी की सहायक नदी कुशियारा भी करीमगंज शहर में खतरे के निशान से ऊपर है।

# कारोबार/कृषि

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)** गेहूँदड़ा 2400-2410, आरआर21- 2550-2600 गेहूँ फारम 2600-2700, जौ 2000-2100, ज्वार 2000-4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200-2400, **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300-6400, अरहर 9000-10000, मसूर 5500-5600, मटर 3700-3800, उड़दहरा 11000-11500, उड़दकाला 8000-9000, मूँग 8000-8200 दाल (प्रति क्वि.), अरहर फूल 16400-16500, अरहर स्पेशल 14300-14400, चना दाल 7900-8000, मटर दाल 4450-4550, मसूर मलका 7200-7250, मसूर दाल 7400-7450, उड़द दाल 9000- 13300, उड़द धोवा 10000-13000, मूँग दाल 8100-9700, मूँग धोवा 9700-11000, चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-3500, बासमती न01.10500 - 11000, सेला 3000-4000, बासमती न02. 7000-8000, **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा 1400-1460, मैदा 1380-1450, सूजी1440-1460, **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाह पसंद 1370-1410, तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5600-5800, अलसी 4500-4600, अण्डी 4600-4700, तिल्ली 11500- 12200, मूँगफली दाना शिवपुरी 10000- 11200, बटाली 8600-10500, सेहुआं 4000 - 4500, **तेल (प्रित क्वि.)** सरसों कोल्हू 12200-12300, अलसी 10100-10200, अण्डी 12800-13000, रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1575-1580, खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2650, अलसी 4900-5000, अण्डी 1400-1450, वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची -1575-1575 मयूर 1575-1575

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 94400 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55800-56000 |

# इस्पात पिघला, आया 4,000 रुपये टन का अंतर

## डिमांड घटने से स्टील के दाम में दर्ज की गई गिरावट, स्टील पाइप के दरों में भी आई कमी

- बारिश के चलते निर्माण कार्य पर ब्रेक लगने से फुटकर बाजार में डिमांड घटी
- लोकल रायपुर और गैलेंट, टाटा-जिंदल आदि नामी-गिरामी ब्रांड के भाव भी गिरे

**नीरज मिश्र**

**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में डिमांड के घटते ही स्टील के दाम में लंबे समय के बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 4,000 रुपये प्रति टन का अंतर बाजार भाव में आया है। वहीं प्रति क्विंटल देखा जाए तो सरिया की कीमत में 400 रुपये का फर्क पड़ा है।

62 हजार रुपये से घटकर इसका भाव 58,000 रुपये प्रति टन हो गया है। यही नहीं बड़े ब्रांड की कंपनियों ने भी अपने सरिया की कीमतों में कमी की है। वहीं भाव में गिरावट से लोहे के पाइप के दाम भी नीचे आए हैं। लगातार गिरते भाव से इस्पात पिघलता सा नजर आ रहा है।



| ब्रांड | पुरानी दर | मौजूदा दर (कीमत प्रति टन) |
|---|---|---|
| लोकल एवं रायपुर | 60,000 | 56,000 से 57,000 |
| गैलेंट | 62,000 | 58,000 से 60,000 |
| टाटा-जिंदल आदि | 78,000 | 75,000 से 76,000 |
| स्टील पाइप | 70,000 | 65,000 से 67,000 |

"निर्माण कार्य रुकने से डिमांड नहीं है। थोक बाजार हो या फुटकर सभी में महज 30 से 40 फीसद मजबूरी वाला सौदा रह गया है। सभी ब्रांड सस्ते हैं। चाहे वह लोकल हो या बड़े ब्रांड के टाटा और जिंदल जैसे नाम। सभी के भाव में लगातार गिरावट बनी हुई है।"

-विशाल अग्रवाल, आयरन स्टील के थोक कारोबारी

"स्टील सस्ती हो गई है। अरसे बाद इस्पात का भाव नीचे आया है। या यूं कहे कि पुराने रेट को छू रहा है तो गलत न होगा। स्टील की डिमांड कम है। ऐसे में कीमतें गिर रही हैं। सरिया सस्ती है लेकिन खपत नहीं है।"

-श्याममूर्ति गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष उप्र. सीमेंट व्यापार संघ

### फुटकर कारोबार रह गया है महज 30 से 40 फीसद

निर्माण कार्य बंद होने से बाजार शांत है। सरिया का फुटकर बाजार का लगातार डाउन है। माल डंप है। डिमांड बिल्कुल नहीं है।

## कॉरपोरेट अग्रिम कर में वृद्धि से प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.74 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हुई

कॉरपोरेट कंपनियों के अग्रिम कर भुगतान में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ हो गई। यह 15 जून को देनी होती है। इसमें 1.14 लाख करोड़ का निगम आयकर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई तक का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5,74,357 करोड़ रुपये है। इसमें 2,10,274 करोड़ का सीआईटी और 3,46,036 करोड़ का पीआईटी है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16,634 करोड़ का योगदान दिया। गत वर्ष इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,80,458 करोड़ था। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70,902 करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जारी रिफंड से 64.4% अधिक है। अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड समायोजन से पहले) 6.45 लाख करोड़ रहा, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 5.23 लाख करोड़ था, जो 23.24% की वृद्धि है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़ा

आयकर विभाग ने आयकर संग्रह के आंकड़े जारी किये, जिसके अनुसार इस अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 645259 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि के 523563 करोड़ रुपये की तुलना में 23.24% अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70902 करोड़ का रिफंड जारी किया जा चुका है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 43105 करोड़ रुपये की तुलना में 64.49 % अधिक है।

## बीएसएनएल को एमटीएनएल सौंपने पर विचार, विलय की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार समझौते के जरिए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का संचालन बीएसएनएल को सौंपने के विकल्प पर विचार कर रही है। सरकार विलय की जगह इस विकल्प पर विचार कर रही है। इस पर अंतिम फैसला एक महीने में लिए जाने की संभावना है।

एमटीएनएल का संचालन समझौते के जरिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपने के विकल्प पर विचार हो रहा है। एमटीएनएल के कर्ज को देखते हुए बीएसएनएल के साथ विलय अनुकूल विकल्प नहीं है। फैसले के बाद प्रस्ताव सचिवों के सामने रखा जाएगा और मंत्रिमंडल इस पर अंतिम निर्णय लेगी। एमटीएनएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि वह बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई को देय है। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग व बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार एमटीएनएल को 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा।

## सब्जियों की कम आपूर्ति, ऊंचे दामों से बिगड़ा बजट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आलू, प्याज, टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में आया उछाल

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में देर से हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान से दिल्ली में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को टमाटर जैसी रोजमर्रा की चीजें दोगुनी कीमत पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। थोक बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि खासतौर पर आलू, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के साथ फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में उछाल आया है।

आजादपुर सब्जी मंडी के व्यापारी संजय भगत ने बताया कि फिलहाल टमाटर का थोक भाव 50 से 60 रुपये प्रति किलो है। स्थानीय किस्म का टमाटर 1,200 रुपये प्रति 28 किलो (एक क्रेट) और हाइब्रिड 1,400 से 1,700 रुपये में बिक रहा है। पहले टमाटर का भाव 25-30 रुपये प्रति किलो था। थोक बाजार में अन्य सब्जियों की कीमत 25 से 28 रुपये प्रति किलो है। जो सब्जियां 10 से 15 रुपये में बिकती थीं, वे अब 25 से 30 रुपये में मिल रही हैं। बीन्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। इस साल तेज गर्मी और बारिश में देरी के कारण कीमतों में उछाल आया है। ओखला सब्जी मंडी के व्यापारी ने कहा कि अभी केवल दो जगहों से टमाटर की आपूर्ति हो रही है - कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश। महाराष्ट्र से 10-15 अगस्त के आसपास नई फसल आने तक कीमतें ऊंची रहेंगी।

### टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली।** टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। आपूर्ति में बाधा से बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। फिलहाल दिल्ली को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से हाइब्रिड टमाटर राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने के साथ ही कीमतों में नरमी आने लगेगी। सरकार सब्सिडी वाले टमाटर की बिक्री को फिर से शुरू करने की योजना नहीं बना रही है।

## सरकार की ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष शुरू करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार कृषि उद्यमियों को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर) शुरू करने की तैयारी कर रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार इस कोष से विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप को ऋण वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) संग प्रत्यक्ष इक्विटी समर्थन दिया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य 750 करोड़ रुपये की श्रेणी-2 एआईएफ की स्थापना के जरिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह कोष इक्विटी और ऋण दोनों को समर्थन देगा और कृषि मूल्य श्रृंखला में उच्च जोखिम, उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों को लक्षित करेगा। यह घोषणा मुंबई में नाबार्ड मुख्यालय में की गई। इस कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, एआईएफ प्रबंधकों और कृषि स्टार्टअप सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कृषि और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव अजीत साहू ने इसको बढ़ाने पर जोर दिया।

# गोल्फर अदिति ने हासिल किया कट, दीक्षा बाहर

**एवियन ले बेंस, एजेंसी**

भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि हमवतन दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया।

खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया। अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं। दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर उन्होंने हटने का फैसला किया।


अदिति अशोक

## अर्जुन ने हासिल किया कट

**एक्रोन (ओहियो, अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है।

# भारत के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि भारत के आगामी सफेद गेंद के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है और अब यह एक दिन आगे 27 जुलाई से शुरू होगा।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। कार्यक्रम के पहले के कार्यक्रम के अनुसार पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 26 जुलाई को खेला जाना था, लेकिन अब यह 27 जुलाई को होगा। इसके बाद दो टी-20 मैच 28 जुलाई और 30 जुलाई को होंगे। सभी मुकाबले पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।


महिला एकल फाइनल में हार के बाद निराश जैस्मीन पाओलिनी।

# जैस्मीन को हराकर बारबोरा बनीं चैंपियन

**लंदन, एजेंसी**

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम किया और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती।

28 साल की क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण ऑल इंग्लैंड क्लब में भी वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नई महिला चैंपियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विंबलडन चैंपियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंद्रोयूसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां पहले दौर में हार गयी थीं। सातवीं वरीय पाओलिनी पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रही थीं और वह 2016 में सेरेना विलिम्यस के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।


● क्रेजिसिकोवा ने जीती दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी

<< विंबलडन खिताब को चूमतीं चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

## फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट

**लंदन।** कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरूष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। मिडलटन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी।



## डिएडे डि ग्रूट ने लगातार 15वां खिताब जीता

**लंदन।** डिएडे डि ग्रूट ने शनिवार को ऑल इंग्लैंड क्लब में महिला व्हीलचेयर फाइनल में अपनी छठी विंबलडन एकल ट्रॉफी जीतकर लगातार 15वां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। उन्होंने हमवतन नीदरलैंड की अपनी साथी खिलाड़ी एनीक वैन कूट को हराया। डिएडे डि ग्रूट ने लगातार मेजर खिताबों के रिकॉर्ड में इजाफा करते हुए अपनी ट्रॉफियों की कुल संख्या 23 कर दी।

# जिम्बाब्वे पर भारी पड़ी भारतीय सलामी जोड़ी

## शतक से चुके जायसवाल, गिल ने जड़ा अर्धशतक, बिना विकेट गंवाए जीता चौथा मैच, शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त




**हरारे, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। जायसवाल ने 53 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।

इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली, लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया।

पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।

### स्कोर बोर्ड

**जिम्बाब्वे** 152/7 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेर का रिंकू सिंह बो शिवम दूबे | 25 | 24 | 4/0 |
| मारूमनी का रिंकू सिंह बो अभिषेक | 32 | 31 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का जायसवाल बो सुंदर | 9 | 14 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का गिल बो देशपांडे | 46 | 28 | 2/3 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 3 | 3 | 0/0 |
| डायन मेयर्स का एवं बो खलील अहमद | 12 | 13 | 0/0 |
| मडांडे का रिंकू सिंह बो खलील अहमद | 7 | 5 | 1/0 |
| फराज अकरम नाबाद | 4 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 14, **गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-32-2, तुषार देशपांडे 3-0-30-1, रवि बिश्नोई 4-0-22-0, वाशिंगटन सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक शर्मा 3-0-20-1, शिवम दूबे 2-0-11-1

**भारत** 156/0 (15.2 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 93 | 53 | 13/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 58 | 39 | 6/2 |

**अतिरिक्त** : 5, **गेंदबाजी** : नगारवा 3-0-27-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 3.2-0-25-0, टेंडाई चतारा 2-0-23-0, फराज अकरम 4-0-41-0, सिंकदर रजा 2-0-24-0, ब्रायन बेनेट 1-0-16-0

# ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स की मेंटॉर होंगी झूलन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को विमेंस कैरिबियाई प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) 2024 में ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने अपना मेंटॉर नियुक्त किया है।

नाइट राइडर्स की ओर साझे किए गए बयान में गोस्वामी के हवाले से कहा गया है, मेरे लिए इस फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनना गर्व की बात है। नाइट राइडर्स ने भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मैं इस टूर्नामेंट में उनका हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्सुक हूं। मुझे मेंटॉर की भूमिका देने के लिए नाइट राइडर्स का धन्यवाद। टीकेआर के साथ जुड़ने की मेरी शुरुआती चर्चा वेंकी मायसोर (केकेआर के सीईओ) के साथ हुई थी। प्रबंधन के मुख्य व्यक्ति होने के नाते जिस तरह से वह सभी का ध्यान रखते हैं, वह काबिले तारीफ है। आईपीएल के दौरान कोलकाता में जिस तरह से वेंकी सर और शाहरुख खान ने मेरा स्वागत किया और मुझसे बात की, मैं उससे काफी खुश थी। टीकेआर की कप्तान वेस्टइंडीज डिएंड्रा डॉटिन के हाथों में है। टीकेआर ने टीम में इस बार जेमिमाह रॉड्रिग्स, शिखा पांडे, मेग लानिंग और जेस जॉनासन को भी जोड़ा है। यह चारों खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलती हैं। उल्लेखनीय है कि गोस्वामी ने 2022 में महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप में क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वह वर्तमान में विमेंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की गेंदबाजी कोच हैं। डब्ल्यूसीपीएल 2024, 21 अगस्त से 29 अगस्त तक खेला जाएगा। गत विजेता टीकेआर के अलावा बारबेडोस रॉयल्स और गयाना अमेजन वॉरियर्स इस टूर्नामेंट का हिस्सा होंगी। इस टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले जाएंगे और यह सभी टरुबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेले जाएंगे।



# अनाहत, टियाना विश्व जू. स्क्वैश के तीसरे दौर में

**ह्यूस्टन।** भारत की अनाहत सिंह और उनकी हमवतन टियाना पारसरामपुरिया विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में में जीत दर्ज करते हुए लड़कियों के वर्ग में तीसरे दौर में पहुंच गईं है।

ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में 16 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अगले दौर में अनाहत का मुकाबला अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। लड़कों के वर्ग में पहले दौर में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अयान वजीरल्ली ने सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान को हराया। शौर्य बावा ने पाकिस्तान के मोहम्मद अम्माद को पराजित किया। अरिहंत केएस ने फिलीपींस के जोनाथन रेयेस को हराया। युवराज ने जापान के शू ताकाहाशी को पराजित किया। अवलोकित ने कैस्पर चेउंग को हराया।

# पूर्व ओलंपियंस बोले- सतत चलनी चाहिए तैयारी

**कोलकाता, एजेंसी**

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए। इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार की रात आयोजित परिचर्चा इन सर्च आफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था।

ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे गुरबख्श सिंह ने कहा ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं, पूरा देश जागता है। यह रवैया बदलना चाहिए। हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा हमें कठिन पूल मिला है। पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए। सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा चौथे स्थान पर रहने के बाद मैचे कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करूंगी। उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थीं। मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है।

उन्होंने कहा और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई। मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की जानकारी थी। नंदी ने कहा भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है। इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें। पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए। अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है।

PARIS 2024
ओलंपिक 13 दिन शेष

● 'इन सर्च ऑफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024' कार्यक्रम में पूर्व ओलंपियनों ने रखे अपने विचार

# ओलंपियाड के लिए गुकेश और प्रज्ञानानंदा को टीम में मिली जगह

**चेन्नई, एजेंसी**

भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा।

गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी टीम से बाहर हैं।


आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल



# स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म के स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर अपनी अगली फिल्म में दमदार एक्शन सीन करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक हो सकती है।कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं और इसके लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। उनकी ट्रेनिंग सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर रोहित नायर के अंडर चल रही है। आदित्य रॉय इस एक्शन फिल्म के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर के लिए यह खास ट्रेनिंग कानपुर में रखी की गई है। इस स्पेशल ट्रेनिंग में किक बॉक्सिंग और मार्शल आर्ट्स तकनीक पर फोकस किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस ट्रेनिंग के जरिए आदित्य रॉय कपूर को न सिर्फ फिल्म के लिए तैयार किया जा रहा है बल्कि उनकी ओवरऑल फिजिकल कंडीशन भी बेहतर की जा रही है। आदित्य की ट्रेनिंग दो महीने तक चलने वाली है।

# हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त, की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गई है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा, ''#एनजीईएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं। पागलपंती से भरी इस अगली जर्नी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं।

**यूरो कप फाइनल** 1966 विश्वकप के बाद पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंग्लैंड के पास मौका, आज स्पेन से होगा मुकाबला

# 58 साल का सूखा खत्म करना चाहेगा इंग्लैंड

**बर्लिन, एजेंसी**

स्पेन की टीम रविवार को जब यूरो 2024 के फाइनल में उतरेगी तो उसकी कोशिश रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की होगी जबकि प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड 1966 विश्व कप खिताब के बाद इस खेल में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगा।

स्पेन और जर्मनी ने तीन-तीन यूरो खिताब जीते हैं और रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में स्पेन का पलड़ा भारी होगा। स्पेन की टीम टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मैच जीतने में सफल रही है। टीम पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उसने पिछले साल जून में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता था। 17 साल के लामाइन यमल स्पेन के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन बार गोल के मौके बनाए और फिर सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ अपना पहला गोल किया। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। यमल के लिए यह टूर्नामेंट वैसा ही रहा है जैसा कि 2018 विश्व कप में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे और 1958 विश्व कप में 17 साल के पेले के लिए था। स्पेन 12 साल के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टीम ने अपना पिछला फाइनल यूरो 2012 में इटली के खिलाफ खेला था। टीम ने तब इटली को 4-0 से करारी शिकस्त देकर खिताब जीता था।

इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट की देखरेख में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 2016 में उनके टीम से जुड़ने के बाद इंग्लैंड 2018 में विश्व कप सेमीफाइनल और अब लगातार यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंच गया है। स्पेन के कप्तान अलवारो मोराटा चोट से उबर कर अभ्यास करते दिखे जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। मोराटा को यह चोट पिछले मैच में जीत का जश्न मनाते हुए लगी थी।


अभ्यास सत्र में पसीना बहाते स्पेन के यमल व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

## स्पेन तीन बार का चैंपियन

स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में चैम्पियन रही है। यूरो 2024 में छह खिलाड़ी टूर्नामेंट के सबसे अधिक तीन गोल पर हैं और इनमें दो फाइनल में खेल रहे हैं। इसमें इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन और स्पेन के डानी ओल्मो शामिल है। इंग्लैंड की और स्पेन की टीम छह साल के अंतराल पर एक दूसरे का सामना करेगी। दोनों ने 2018 नेशंस लीग में डबल-हेडर खेला था, जिसमें स्पेन ने 2-1 से जीत दर्ज की और इंग्लैंड ने एक महीने बाद सेविला में 3-2 से जीत दर्ज की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**प्रकृति का प्रकोप**



बिहार के रोहतास जिले के सासाराम में शनिवार को भारी बारिश के बाद तुतला भवानी जलप्रपात में बाढ़ आ गयी। • एजेंसी

# सिएटल में वीजा आवेदन केंद्र की शुरुआत हुई

ह्यूस्टन, एजेंसी

• **भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया**

अमेरिका के सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, पोर्ट कमिश्नर सैम चो सहित स्थानीय नेता इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मेयर हैरेल ने आवेदकों को भारतीय पासपोर्ट और वीजा प्रदान किया, जो समुदाय के लिए एक खास पल था।

सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने वहां रह रहे भारतीयों की तारीफ की, साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को समृद्ध बनाने में उनके योगदान की सराहना की। सिएटल के अलावा बेलेव्यू में भी एक ड्रॉप-ऑफ प्रतिष्ठान प्रारंभ किया है ताकि पूर्वी क्षेत्र के लोगों को वीजा और पासपोर्ट संबंधी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। सिएटल और बेलेव्यू भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) का संचालन वीएफएस ग्लोबल कर रहा है,यह विदेश मंत्रालय का आउटसोर्स्ड वीजा सेवा साझेदार है। ये केंद्र भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने और इससे संबंधित अन्य समस्याओं से निपटने में मदद के लिए स्थापित किए गए हैं।

# रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है। चीन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, मैंने एस. 138, तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पर



• **अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद बना कानून**

हस्ताक्षर किए हैं। बाइडन ने कहा, मेरा प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेदों को दूर किया जा सके और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके। चौदहवें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले गए थे।

### होनहार विदेशी छात्रों के लिए विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्य थानेदार ने एच-1बी वीजा की उपलब्धता बढ़ाकर होनहार विदेशी छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में रहने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किया है। एच-1बी वीजा की भारतीय आईटी पेशेवरों द्वारा सर्वाधिक मांग है। डेमोक्रेटिक पार्टी से अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य थानेदार ने कहा, एक आप्रवासी के तौर पर, अमेरिका में शिक्षा के अवसरों ने मुझे हर मौका दिया और मैं देश में हमारे सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को रखने के महत्व को समझता हूं।

## एक नजर

### किसी देश के दबाव में नहीं आएंगे : पेजेश्कियन

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि उनकी सरकार राष्ट्रीय हितों और शांति की पूर्व शर्त के अनुरूप सभी देशों के साथ संतुलित संबंध स्थापित करेगी, लेकिन अमेरिका पर जोर देते हुए कहा कि उनका देश दबाव में नहीं आएगा। मसूद पेजेश्कियन ने शुक्रवार देर रात देश के सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स में नयी दुनिया के लिए मेरा संदेश शीर्षक से लिखा जिसमें नवीनतम राष्ट्रपति चुनाव की प्रशंसा की गई है जिसने उल्लेखनीय स्थिरता का प्रदर्शन किया। इसमें उन्होंने लिखा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान किये गय वादों को बरकरार रखने का संकल्प लेते हैं। ईरान के 69 वर्षीय हार्ट सर्जन और लंबे समय तक सांसद रहे पेजेश्कियन ने पांच जुलाई के चुनाव में कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह ली।

### अर्जेंटीना ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इजराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था। बयान में, हमास से ईरान के घनिष्ठ संबंधों का भी उल्लेख किया गया है, जिसे अर्जेंटीना देश में यहूदी स्थलों पर दो घातक आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

### वियतनाम में भूस्खलन 11 लोगों की मौत की पुष्टि

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत हा गियांग में शनिवार सुबह भूस्खलन से दबकर एक मिनीबस में सवार कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वियतनाम समाचार एजेंसी के ताजा अपडेट में यह जानकारी दी गयी। जब बाक मी जिले में एक सड़क पर भूस्खलन के कारण वाहन फंस गया, तो उसमें सवार सभी लोग मदद के लिए बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि मिनीबस में लगभग 16 लोग सवार थे। राष्ट्रीय जल-मौसम पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार, जिस क्षेत्र में दुर्घटना हुई, वहां शुक्रवार शाम 7 बजे से शनिवार सुबह 7 बजे तक तक 280-290 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# केपी शर्मा ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

## मंत्रियों की सूची को लेकर विचार-विमर्श, सोमवार को शपथ लेंगे

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे के पी शर्मा ओली ने अपने गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ नयी गठबंधन सरकार में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की सूची तैयार करने को लेकर शनिवार को विचार विमर्श किया। नयी गठबंधन सरकार के सोमवार को शपथ लेने की संभावना है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल रविवार दोपहर तक ओली (72) को नेपाली कांग्रेस-सीपीएन (यूएमएल) गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के करीबी सूत्रों ने बताया, राष्ट्रपति सोमवार सुबह नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से पहले सोमवार को एक छोटे मंत्रिमंडल की घोषणा होने की संभावना है।

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी



• **निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को संसद का विश्वास मत खो दिया**

लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली (72) का एक बार फिर प्रधानमंत्री बनना तय है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में असफल रहे। शुक्रवार देर रात ओली ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था और संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत सरकार बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर सौंपे थे। इन सांसदों में ओली की पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।

ओली के एक करीबी सूत्र ने बताया कि कुल 21 मंत्रालयों में से नेपाली कांग्रेस को नौ मंत्रालय और सीपीएन-यूएमएल को आठ मंत्रालय मिलेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री का पद भी मिलेगा।

सूत्र ने बताया, गृह, विदेश, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख पदों को एनसी और यूएमएल के बीच बांटा जाएगा। नेपाली कांग्रेस को गृह मंत्रालय मिलने की संभावना है, जबकि वित्त मंत्रालय यूएमएल को मिलेगा। इससे पहले, शनिवार को सीपीएन-यूएमएल ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने और नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थायी समिति के सदस्य राजन भट्टराई के अनुसार, शुरुआत में एक छोटा मंत्रिमंडल होगा, जिसका बाद में विस्तार किया जाएगा।

## इजरायल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 31 की मौत

**यरूशलम।** इजरायल में मई की शुरुआत में वेस्ट नाइल बुखार फैलने के बाद से शुक्रवार को 12 नई मौतों की पुष्टि के साथ मौत का आंकड़ा 31 हो गया है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में 49 नए संक्रमण की सूचना दी, जिससे देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 405 हो गई, जो वर्ष 2000 में 425 की वार्षिक रिकॉर्ड के समीप है।

मंत्रालय ने इस वायरस के लिए मच्छरों के लिए अनुकूल गर्म और अधिक आर्द्र मौसम को जिम्मेदार ठहराया, जो मच्छरों के काटने से पक्षियों में और पक्षियों से मनुष्यों तक पहुंचाता है। इजरायल की समाचार वेबसाइट वाईनेट ने कहा कि अधिकांश संक्रमित 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग हैं, हालांकि बच्चों में भी वायरस का पता चला है। अधिकांश संक्रमणों में हल्के सर्दी के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन कभी-कभी, कुछ लोगों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारियां विकसित हो जाती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, इज़राइल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तामीर गोशेन ने समाचार वेबसाइट को जानकारी दिया कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए।

# दक्षिणी गाजा में हमला 71 लोगों की गई जान

यरूशलम, एजेंसी

• **हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया था हमला**

दक्षिणी गाजा पट्टी में शनिवार को हुए एक इजराइली हमले में 71 लोग मारे गए और कई घायल हो गए। यह जानकारी गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। वहीं एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि हमला हमास की सैन्य शाखा के प्रमुख को निशाना बनाने के लिए किया गया। इजराइली अधिकारी ने बताया कि खान यूनिस में हमला मोहम्मद दीफ को निशाना बनाने के लिए किया गया, जिसके बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे और इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था।

दीफ कई वर्षों से इजराइल की सबसे वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। अभी औपचारिक घोषणा नहीं होने के चलते एक अधिकारी ने अपना नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि हमास के एक अन्य शीर्ष अधिकारी राफा सलामा को भी हमले में निशाना बनाया गया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 289 अन्य घायल हुए हैं और कई घायलों और मृतकों को पास के नासिर अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के पत्रकारों ने 40 से अधिक शवों की गिनती की और गवाहों ने हमले का वर्णन किया।

### वरिष्ठ हमास कमांडर को मार गिराया

**गाजा।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल पर गत वर्ष सात अक्टूबर के हमले की साजिश में शामिल हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को हाल ही में गाजा शहर पर हुए हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा कि हमास का उप कमांडर अयमान शोवादेह , वर्तमान में शेजैया बटालियन और पूर्व में हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख संचालक मारा गया। सूत्रों के मुताबिक आईडीएफ सैनिकों पर शोवादेह ने कई हमले किए थे। इजरायली सेना ने शेजैया शहर में दो सप्ताह में सक्रिय आतंकवादियों और उनके बुनियादि ढ़ांचे को खत्म करने का काम किया। बुधवार को आईडीएफ ने शेजैया मिशन समाप्त करने की घोषणा की।

## गुरुद्वारा में हमले में एक किशोर को आरोपी बनाया गया

**लंदन।** ब्रिटेन में एक गुरुद्वारा में धारदार हथियार से किये गये हमले में दो महिलाओं के घायल होने के बाद गिरफ्तार 17 वर्षीय लड़के पर शनिवार को विभिन्न आरोप लगाए गए। किशोर के खिलाफ हमला करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने लड़के पर गुरुवार शाम की उस घटना के लिए आरोप लगाया है जिसे स्थानीय पुलिस दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ग्रेवसेंड में स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में अशांति के रूप में संदर्भित कर रही है। नाबालिग होने के कारण लड़के के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। भारत के बाहर सबसे बड़े गुरुद्वारों में से एक इस गुरुद्वारा की ओर से कहा गया है कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और घटना के समय गुरु ग्रंथ साहिब जी दरबार हॉल में नहीं थे।

केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, शनिवार को केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने 17 वर्षीय एक लड़के पर हिंसा करने, जान से मारने की धमकी देने, धारदार हथियार से किसी व्यक्ति को धमकाने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने का आरोप लगाया।

## मध्य नाइजीरिया में स्कूल की इमारत ढही 22 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला, जिनमें 22 मृत शव और 132 लोग शामिल थे, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। पठारी गवर्नर कालेब मुतफवांग ने इस घटना को राज्य के लिए एक दुखद और एक बड़ी क्षति बताया।

# नेताओं ने घरों में नजरबंद किए जाने का दावा किया

श्रीनगर, एजेंसी

• **पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं का दावा- शहीदों को श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया**

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों की 1931 में आज ही के दिन एक डोगरा शासक की सेना द्वारा मारे गए 22 कश्मीरी लोगों को श्रद्धांजलि देने की योजना को विफल कर दिया। प्रशासन ने उन्हें मार्च निकालने से रोक दिया और नेताओं को नजरबंद कर दिया।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं ने दावा किया कि प्रशासन ने उन्हें घरों में नजरबंद कर दिया और शहीदों की मजार पर श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया। इन नेताओं के दावों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने आरोप लगाया कि श्रीनगर के बाहरी इलाके खिम्बेर में उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे घर के द्वार एक बार फिर बंद कर दिए गए हैं, ताकि मैं मजार-ए-शुहादा पर न जा सकूँ - जो निरंकुशवाद, दमन और अन्याय के खिलाफ कश्मीर के प्रतिरोध का एक स्थायी प्रतीक है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, हमारे शहीदों का बलिदान इस बात का प्रमाण है कि कश्मीरियों के जज्बे को कुचला नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, आज ही के दिन शहीद हुए प्रदर्शनकारियों की शहादत की याद करना भी आज अपराध बन गया है। उन्होंने कहा, पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विखंडित कर दिया गया, शक्तिहीन कर दिया गया और वह सब कुछ छीन लिया गया, जो हमारे लिए पवित्र था। उनका हमारी प्रत्येक सामूहिक स्मृति को मिटाने का इरादा है।

## नेपाल भूस्खलनः एक भारतीय समेत तीन के शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक समेत तीन लोगों के शव बरामद किये गये। दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनती त्रिशूली नदी में बह गई थीं। इनमें से तीन यात्री तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से पहला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारतीय नागरिक ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है।

# इद्दत मामले में अदालत ने इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को किया बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को शनिवार को जिला एवं सत्र अदालत ने इद्दत मामले में बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने पहले संक्षिप्त आदेश की घोषणा की।

इमरान खान और बुशरा बीबी को फरवरी में सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और प्रत्येक पर 500,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। उस समय निचली अदालत ने उनके निकाह को धोखाधड़ी करार दिया था। बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने जोड़े की



पूर्व प्रधान मंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी के बरी होने के कोर्ट के आदेश के बाद खुशी मनाते पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के अध्यक्ष गौहर खान व अन्य।

शादी के खिलाफ अदालत का रुख किया था। इसके बाद खान दंपति ने सजा को चुनौती दी थी और राहत के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। अदालत ने 28 पन्नों के फैसले में कहा कि मेनका लगभग छह साल तक निष्क्रिय रहा, जिससे उसका रुजू का अधिकार समाप्त हो गया, जो तलाक के बाद इद्दत की अवधि के भीतर रिश्ते को सामान्य करने की अवधि है। अदालत ने कहा, यदि उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है, तो उन्हें (खान और बुशरा) तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। अदालत ने मेडिकल बोर्ड के गठन और धार्मिक विद्वानों से परामर्श की मांग करने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया।

# आईएएस पूजा खेडकर की मां को नगर निगम का नोटिस

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

• **सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का निर्देश दिया गया**

पुणे नगर निगम ने विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को एक नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का शनिवार को निर्देश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने आईएएस प्रशिक्षु पूजा के माता-पिता मनोरमा और दिलीप खेडकर के अलावा पांच अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। कुछ दिन पहले ही एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनोरमा भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक से धमकाती नजर आ रही थीं। वर्ष 2023 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी खेडकर परिवीक्षाधीन हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। शनिवार शाम को पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने शहर के बाणेर रोड स्थित ओम दीप बंगले पर मनोरमा खेडकर को नोटिस थमाने की कोशिश की, लेकिन घंटी बजाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। बंगले के मुख्य द्वार पर नोटिस चिपका दिया है।

**खगोल विज्ञान** | आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना

# अधर में लटका ए3 त्सुचिंशान एटलस का भविष्य

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह धूमकेतु बिखर जाएगा या फिर आसमान में अपनी छटा बिखेरेगा, कहा जाना निश्चित नहीं है। इस धूमकेतु की खोज पिछले साल हुई। इसका नाम ए3 त्सुचिंशान एटलस है।

धूमकेतु हमारे सौरमंडल के रोमांचक पिंडों में शुमार हैं, जो एक लंबी पूंछ बनाते हैं और हमारी धरती के करीब से होकर गुजर जाते हैं। इनकी चमक खूबसूरत होती है और सूर्य की परिक्रमा कर वापस अपने गंतव्य को लौट जाते हैं। इन दिनों धूमकेतु ए3 त्सुचिनशान एटलस हमारे करीब पहुंचने वाला है। खास बात यह है कि इसकी आगे की यात्रा



ए3 त्सुचिंशान एटलस।

का रास्ता शायद खुला नहीं है। जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि यह अपरिहार्य कारणों से बिखर चुका है और ब्रह्मांड के अंधियारे में आगे बढ़ रहा है। मगर बड़ी बात यह भी कही जा रही है कि यदि यह सुरक्षित आगे बढ़ा तो इस वर्ष का सर्वाधिक चमकदार धूमकेतु बनेगा।

बहरहाल खगोलीय रहस्यों में रुचि रखने वाले दुनियाभर के लोग इस धूमकेतु के नग्न आंखों से दिखाई देने का इंतजार कर रहे हैं। 2023 की शुरुआत में इसकी खोज हुई थी। अक्टूबर 2024 में पृथ्वी व सूर्य के नजदीक पहुंचेगा। फिलहाल आंतरिक सौर मंडल के करीब आ रहा है। पिछले तीन महीनों के दौरान इसकी चमक में वृद्धि नहीं देखी गई है। मगर नए अध्ययन से पता चला है कि इसका केंद्र खंडित हो रहा है। यह अध्ययन चेक अमेरिकी खगोलशास्त्री और नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के धूमकेतु विशेषज्ञ ज़ेडेनेक सेकनिना ने किया है।

### दूरबीन से देखा जा सकता है धूमकेतु

खगोल के प्रति रुचि रखने वालों का कहना है कि यह धूमकेतु बड़ी चुनौती है। इसकी तस्वीर ले पाना आसान नहीं होगा। इसकी पहचान कर पाना भी मुश्किलों भरा होगा। इसका अध्ययन कर रहे नासा समेत कई अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के खगोल वैज्ञानिकों के लिए भी इसके रहस्य उजागर कर पाना बड़ा इतिहास बनेगा। एक छोटी दूरबीन के सहारे इसे देखा जा सकता है।

# यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूसी तेल डिपो में आग लगी

कीव, एजेंसी

• **खेरसॉन क्षेत्र में गोलाबारी में तीन लोगों की गई जान**

यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस की गोलाबारी में शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने यहां दी। इस बीच, शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात रूस और यूक्रेन के बीच लगातार ड्रोन हमले हुए। आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन प्रांत के गवर्नर अलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने बताया कि इसकी राजधानी के करीब हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, शनिवार दोपहर एक और व्यक्ति की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेनी सेना ने शनिवार तड़के रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र स्थित त्सिमल्यांस्की जिले में एक तेल डिपो को निशाना बनाया। ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव इलाके में स्थित एक तेल डिपो में आग लग गई। यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला है। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रेमलिन के युद्ध तंत्र को कुंद करने के प्रयास में विभिन्न रिफाइनरी और तेल टर्मिनल को निशाना बनाते हुए रूसी धरती पर हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति पर कड़ी मेहनत कर रही है, जहां युद्ध के तीसरे वर्ष में सैनिकों और गोला-बारूद की कमी के कारण यूक्रेनी सैनिक कमजोर हुए हैं।